# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, रविवार 1 मार्च 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 283 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित




राजस्थान की धरा से राष्ट्रव्यापी 'एचपीभी टीकाकरण अभियान' का शुभारंभ करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

## कुएं में गिरने से दो बहनों की मौत, तीसरी गंभीर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत मननदोहर गांव में एक हृदय विदारक हादसा हुआ है। यहां एक कुएं में गिरने से दो छोटी बहनों की मौत हो गई जबकि उनकी तीसरी बहन गंभीर रूप से घायल हो गई है। मृतक बहनों की उम्र क्रमशः 6 वर्ष और 8 वर्ष बताई जा रही है, जबकि घायल बहन भी 6 वर्ष की है। घटना शनिवार दोपहर के बाद की बताई जा रही है। ग्रामीणों को कुएं के पास से एक बच्ची के रोने की आवाज सुनाई दी। आवाज सुनकर वे कुएं के पास पहुंचे तो देखा कि तीन छोटी बच्चियां कुएं में गिर चुकी हैं। सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने पुलिस को सूचित किया और तत्काल तीनों बच्चियों को कुएं से बाहर निकाला। इस हादसे में दो बच्चियां कुएं में ही दम तोड़ चुकी थीं जबकि तीसरी बच्ची गंभीर रूप से घायल और बीमार हो गई। घायल बच्ची को प्राथमिक उपचार के बाद छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल रेफर कर दिया। बच्ची की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। नौडीहा बाजार थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि तीनों बच्चियां कुएं में गिर गई थीं। इसमें दो की मौत हो गई है जबकि तीसरी गंभीर रूप से घायल है। मृत बच्चियों की पहचान मननदोहर निवासी अवधेश यादव की बेटियां प्रीति कुमारी (8 वर्ष) और सोनम कुमारी (6 वर्ष) के रूप में हुई है। घायल तीसरी बच्ची दोनों मृतक बहनों की रिश्तेदार है। मृत दोनों बच्चियों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और हादसे के कारणों का पता लगाने का प्रयास जारी है। हादसे से स्थानीय क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

### डीजीपी ने की अपराध नियंत्रण और विधि-व्यवस्था की समीक्षा, पुलिस अधिकारियों को दिए कई टास्क

# मुखबिर नेटवर्क को करें मजबूत : तदाशा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** राज्य में बढ़ते आपराधिक मामलों खासकर लेवी के लिए फायरिंग और धमकी जैसे मामलों को लेकर झारखंड की डीजीपी तदाशा मिश्र गंभीर हैं। शनिवार को राज्य की कानून-व्यवस्था की डीजीपी ने समीक्षा की और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए। डीजीपी तदाशा मिश्र की अध्यक्षता में पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार में अपराध एवं विधि-व्यवस्था से संबंधित मुद्दों पर विस्तृत समीक्षा बैठक की गई। बैठक में हाल के दिनों में हुई आपराधिक घटनाओं की गहन समीक्षा की गई। खासकर संगठित आपराधिक गिरोहों के द्वारा जिस तरह से आपराधिक वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है उसे लेकर डीजीपी ने चिंता जताई। बैठक में डीजीपी ने सभी जिलों के एसएसपी/एसपी को निर्देश दिया है कि वे फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी, नक्सल विरोधी अभियानों को मजबूत करने और डिजिटल निगरानी जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर काम करें और रिजल्ट दें। डीजीपी ने बैठक में जुड़े सभी जिलों के



एसएसपी/एसपी के साथ-साथ रेंज आईजी, डीआईजी को कानून व्यवस्था की स्थिति को बेहतर बनाने के निर्देश दिया। बैठक में शामिल सभी पुलिस अधिकारियों को यह निर्देश दिया गया है कि वह पूर्व में दर्ज धमकी, लेवी वसूली, आगजनी और तोड़फोड़ से जुड़े मामलों की जांच जल्द से जल्द पूरा कर उनमें शामिल फरार अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करें। डीजीपी ने यह भी निर्देश दिया है फरार अपराधियों के खिलाफ कुर्की-जब्ती की कार्रवाई तेज करने के साथ-साथ अपराधियों को गिरफ्तार करने वाले पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत करें। डीजीपी ने झारखंड के वर्तमान नक्सल परिदृश्य को लेकर भी बैठक में समीक्षा की। डीजीपी ने यह निर्देश दिया है की नक्सल विरोधी अभियानों को और तेज किया जाए। साथ ही साथ आत्मसमर्पण नीति का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में पहल की जाए। बैठक के दौरान डीजीपी ने पुलिस अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि वे अपने स्थानीय नेटवर्क, मुखबिर तंत्र और डिजिटल निगरानी को मजबूत कर आसूचना संकलन को मजबूत बनाएं। इसके अलावा लूट, हत्या, चोरी, डकैती, दुष्कर्म, पोक्सो एक्ट, साइबर अपराध एवं अन्य अपराधों से संबंधित मामलों की समीक्षा कर यथाशीघ्र वांछित कार्रवाई करने का निर्देश डीजीपी ने दिया। झारखंड के सभी प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक एवं क्षेत्रीय उप-महानिरीक्षक को उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन अपनी देखरेख में कराने का दायित्व सौंपा गया है। बैठक में एडीजी अभियान टी. कंदसामी, एडीजी सीआईडी मनोज कौशिक, आईजी सीआरपीएफ साकेत कुमार सिंह, स्पेशल ब्रांच के आईजी प्रभात कुमार, आईजी अभियान डॉ. माइकल राज, आईजी एसटीएफ अनूप बिरथरे सहित कई वरीय अधिकारी मुख्यालय में मौजूद रहे। वहीं लातेहार, हजारीबाग, लोहरदगा, चतरा और पलामू के पुलिस अफसर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### अपार्टमेंट की छत से कूदी महिला, मौत

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** सरायढेला थाना क्षेत्र स्थित प्रगति वाटिका अपार्टमेंट में शनिवार को एक महिला ने छत से कूदकर आत्महत्या कर ली। छत तीसरी मंजिल पर है। 35 वर्षीय मृतका की पहचान डॉ. लक्ष्मण सिंह की पत्नी ममता सिंह के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक महिला ने अचानक अपार्टमेंट की छत से छलांग लगा दी। गंभीर रूप से घायल होने के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सरायढेला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को इलाज के लिए शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल भेजा गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत

**गोड्डा (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के हनवारा थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात सड़क हादसे में 28 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना हनवारा-सुंदरचक मुख्य मार्ग पर खैराटीकर स्थित अलहीरा पब्लिक स्कूल के समीप हुई। मृतक की पहचान कुशमाहरा गांव निवासी मोहम्मद बसीरुद्दीन के पुत्र मोहम्मद अनवारूल के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अनवारूल हनवारा की ओर से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात ट्रैक्टर ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया।

### बंद खदान में डूबी महिला

**कोडरमा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र के काराखुट में शनिवार सुबह एक बंद पड़ी पत्थर खदान में डूबने से 50 वर्षीय महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान संगीता देवी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार संगीता देवी रोज की तरह खदान में कपड़े धोने गई थीं। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर उनकी छोटी बेटी उन्हें खोजते हुए खदान के पास पहुंची। वहां कपड़े तो किनारे पड़े मिले लेकिन संगीता देवी नजर नहीं आईं। घबराई बेटी ने तुरंत घर जाकर पिता और अन्य परिजनों को सूचना दी।

### ससुराल आए युवक की हत्या

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र चेडाबार में ससुराल आए युवक की हत्या कर दी गई। युवक का शव निर्वस्त्र हालत में नदी से बरामद हुआ है। युवक के शरीर पर गहरे जख्म के निशान हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद चैनपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस पूरे मामले में छानबीन कर रही है। चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि मृतक की पहचान योगेंद्र सिंह के रूप में हुई है जो नावाबाजार थाना क्षेत्र का रहने वाला बताया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले कॉमनवेल्थ शतरंज चैंपियन अधिराज मित्रा

## झारखंड के खिलाड़ियों में गजब का जज्बा : हेमंत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के होनहार युवा शतरंज खिलाड़ी अधिराज मित्रा ने शनिवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में हेमंत सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात की। अधिराज मित्रा ने हाल ही में मलेशिया में आयोजित राष्ट्रमंडल शतरंज चैंपियनशिप 2025 में अंडर-14 वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर राज्य और देश का नाम रोशन किया है। मुलाकात के दौरान अधिराज ने मुख्यमंत्री को 7 से 16 नवंबर 2025 तक मलेशिया में चली प्रतियोगिता के अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि इस अंतरराष्ट्रीय शतरंज प्रतिस्पर्धा में राष्ट्रमंडल देशों के कई शीर्ष खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था, जहां कड़े मुकाबलों के बीच उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अधिराज ने मुख्यमंत्री को यह भी जानकारी दी कि वे जमशेदपुर स्थित लोयला स्कूल में कक्षा आठवीं के छात्र हैं। कम उम्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिली इस सफलता को उन्होंने अपने परिवार और कोच के सहयोग का परिणाम बताया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिराज मित्रा को इस बड़ी उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि झारखंड के



खिलाड़ियों में खेल के प्रति गजब का जज्बा और प्रतिभा है। राज्य के खिलाड़ी लगातार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर झारखंड का गौरव बढ़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अधिराज के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा भी दिलाया। इस मौके पर कल्पना सोरेन भी मौजूद थीं। बता दें कि अधिराज मित्रा कम उम्र से ही शतरंज में सक्रिय हैं और विभिन्न राज्य व राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुके हैं। वे नियमित रूप से रेटेड टूर्नामेंट में भाग लेते हैं और तकनीकी व रणनीतिक खेल के लिए पहचाने जाते हैं। उनके कोच अभिषेक दास के मार्गदर्शन में अधिराज लगातार अपने खेल को निखार रहे हैं।

## नाबालिग लड़की से सामूहिक दुष्कर्म, शिकंजे में पांच आरोपित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**लातेहार।** जिले के महुआडांड़ थाना क्षेत्र में एक नाबालिग आदिवासी लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दुष्कर्म के सभी पांच आरोपियों की पहचान करते हुए उन्हें पकड़ लिया है। आरोपियों में तीन नाबालिग लड़के भी शामिल हैं। इस घटना को लेकर महुआटांड़ थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि पुलिस मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई कर रही है। दोनों बालिग आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है जबकि नाबालिग आरोपियों को निरुद्ध कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। दरअसल महुआडांड़ थाना क्षेत्र की रहने वाली एक लड़की गांव में एक शादी समारोह में आई थी। इसी थाना क्षेत्र के पांच लड़के भी बाराती के रूप में शादी समारोह में गए थे। इसी दौरान शनिवार सुबह 3:00 से 4:00 के बीच पांचों आरोपियों ने नाबालिग लड़की को अगवा कर जंगल में ले जाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इसके बाद सभी आरोपी वहां से फरार हो गए। किसी प्रकार से पीड़िता अपने घर आकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद लड़की के परिजन थाना पहुंचे और इस संबंध में लिखित शिकायत की। शिकायत मिलने के बाद थाना प्रभारी मनोज कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सभी पांच आरोपियों को चिन्हित कर लिया। इनमें दो आरोपी बालिग थे। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं तीन अन्य नाबालिक आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की मां के आवेदन के आधार पर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## रांची सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की फिर मिली धमकी, जांच में जुटी बीडीएस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की दूसरी बार धमकी दी गई है। इस बार भी धमकी ईमेल के जरिए भेजी गई है। इससे पहले 6 फरवरी को ईमेल भेजकर सिविल कोर्ट को उड़ाने की धमकी दी गई थी। धमकी भरा ईमेल आने के बाद पूरे सिविल कोर्ट परिसर की एक बार फिर बम निरोधक दस्ते के द्वारा तलाशी ली गई। रांची में एक बार फिर ईमेल के जरिए सिविल कोर्ट को बम धमाका करने की धमकी दी गई है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि एक ईमेल के माध्यम से रांची सिविल कोर्ट को एक बार फिर से बम धमाके से उड़ा देने की धमकी दी गई है। धमकी आने के बाद पूरे सिविल कोर्ट परिसर को बम निरोधक दस्ते के द्वारा खंगाला गया। बताया जा रहा है कि इस बार सिविल कोर्ट परिसर को आरडीएक्स लगाकर उड़ाने की धमकी दी गई है। इससे पहले 6 फरवरी को रांची सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। इसके बाद लगातार दो दिनों तक झारखंड जगुआर के बम निरोधक दस्ते ने पूरे कोर्ट कैंपस की तलाशी ली थी। जांच के दौरान बम निरोधक दस्ते को कोई भी विस्फोटक सामग्री नहीं मिली थी। समाहरणालय भवन को उड़ाने की धमकी भी ईमेल के जरिए ही दी गई थी। ईमेल में लिखा गया था कि समाहरणालय को सल्फर नाइट्रेट बम से उड़ा दिया जाएगा। धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद रांची पुलिस पूरी तरह से अलर्ट पर आ गई थी और तुरंत बम निरोधक दस्ते को मौके पर बुला कर जांच शुरू करवा दी गई थी।

# विजय जुलूस में बेहोश हुए पलामू सांसद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर नगर निगम की नवनिर्वाचित मेयर अरुणा शंकर के विजय जुलूस में पलामू सांसद विष्णुदयाल राम बेहोश हो गए। बेहोश होने के बाद विष्णुदयाल राम को निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार सांसद विष्णुदयाल राम की हालत स्थिर है। डॉक्टरों के अनुसार गर्मी के कारण पलामू सांसद विष्णुदयाल राम बेहोश हो गए थे। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने बताया कि सांसद की पहले से तबीयत खराब थी और विजय जुलूस में वह बेहोश हो गए थे। सांसद की हालत फिलहाल स्थिर है और वह पूरी तरह से स्वस्थ हैं। उन्हें अस्पताल से छुट्टी भी दे दी गई है जिसके बाद वे घर चले गए हैं। दरअसल, नगर निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी समर्थित प्रत्याशी अरुणा शंकर की जीत हुई है। शनिवार को मेयर अरुणा शंकर का विजय जुलूस निकला था। जुलूस पूरे शहर का भ्रमण करते हुए बाजार के इलाके में पहुंचा था। पलामू सांसद खुली जीप में विजय जुलूस



में शामिल हुए थे। इस क्रम में वह बेहोश हो गए। जुलूस में शामिल सांसद विष्णुदयाल राम की बेटी स्मिता आनंद और भारतीय जनता पार्टी के अन्य नेता उन्हें लेकर आनन-फानन में अस्पताल पहुंचे। वहीं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, आनंद शंकर समेत बड़ी संख्या में लोग अस्पताल पहुंचे थे। बता दें कि पलामू सांसद विष्णुदयाल राम 2014 में डीजीपी पद से रिटायर होने के बाद भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव जीते थे। 2019 और 2024 के लोकसभा में विष्णुदयाल राम भारतीय जनता पार्टी की टिकट पर पलामू से सांसद चुने गए हैं।


# झारखंड हाउसिंग बोर्ड ने धोनी को थमाया नोटिस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एमएस धोनी को झारखंड हाउसिंग बोर्ड ने आवासीय भूखंड के कथित दुरुपयोग को लेकर नोटिस जारी किया है। जांच में आरोप सही पाए जाने पर भूखंड आवंटन रद्द किया जा सकता है। झारखंड राज्य आवास बोर्ड ने पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को रांची स्थित उनके एक आवासीय भूखंड के कथित दुरुपयोग के मामले में नोटिस भेजा है। नोटिस में कहा गया है कि विश्व कप विजेता कप्तान को आवंटित यह भूखंड केवल आवासीय उपयोग के लिए दिया गया था लेकिन अधिकारियों का दावा है कि इस संपत्ति का उपयोग व्यावसायिक गतिविधियों के लिए किया जा रहा है, जो आवंटन की शर्तों का उल्लंघन है। झारखंड हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान ने फोन पर बताया कि बोर्ड ने यह जमीन कई लोगों को आवासीय उद्देश्य से आवंटित की थी। हालांकि जब यह रिपोर्ट मिली कि जमीन का उपयोग व्यावसायिक गतिविधियों के लिए किया जा रहा है तो धोनी सहित कई अधिकारियों और



दर्जनों अन्य लोगों को भी नोटिस जारी कर यह पूछा गया कि आवासीय भूखंड का उपयोग वाणिज्यिक रूप से क्यों किया जा रहा है। श्री पासवान ने बताया कि नियमों और प्रावधानों के कथित उल्लंघन की जानकारी बोर्ड द्वारा की गई जांच के दौरान सामने आई। जांच के निष्कर्षों के आधार पर धोनी को अंतिम नोटिस जारी कर संपत्ति के कथित दुरुपयोग के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा गया है। अधिकारी ने यह भी कहा कि यदि नोटिस का पालन नहीं किया गया या संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया, तो बोर्ड भूखंड का आवंटन रद्द करने की प्रक्रिया शुरू कर सकता है। यह कार्रवाई निर्धारित नियमों और आवासीय भूमि उपयोग से जुड़े प्रावधानों के अनुसार की जाएगी। धोनी पहले हरमू रोड स्थित इसी संपत्ति में निवास कर चुके हैं, जो अब जांच के दायरे में है। विवाद तब शुरू हुआ जब आरोप सामने आए कि हरमू रोड स्थित परिसर से एक डायग्नोस्टिक सेंटर संचालित किया जा रहा है। इसके बाद हाउसिंग बोर्ड ने औपचारिक जांच शुरू की। इसी बीच हरमू रोड पर स्थित भाजपा के राज्य कार्यालय के संबंध में भी आवासीय भूखंड के गैर-आवासीय या व्यावसायिक उपयोग के आरोप सामने आए हैं। इस मामले में भी बोर्ड पहले नोटिस जारी कर चुका है। अधिकारियों ने बताया कि दोनों मामलों की जांच फिलहाल जारी है और जांच के नतीजों के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि जांच में जो भी निष्कर्ष सामने आएंगे, उसके अनुसार उचित कदम उठाए जाएंगे।



C M Y K

# नगर निकाय अध्यक्ष/महापौर निर्वाचन प्रक्रिया शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 के सफल समापन के पश्चात जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामनिवास यादव ने समाहरणालय सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर उप महापौर एवं उपाध्यक्ष के अप्रत्यक्ष चुनाव की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महापौर एवं वार्ड पार्षदों के निर्वाचन के बाद अब नगर निगम एवं नगर पंचायत स्तर पर उप महापौर तथा उपाध्यक्ष का चुनाव संबंधित निर्वाचित जनप्रतिनिधियों द्वारा किया जाएगा। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि यह चुनाव प्रत्यक्ष मतदान के माध्यम से जनता द्वारा नहीं, बल्कि निर्वाचित पार्षदों के बीच आयोजित विशेष बैठक में कराया जाएगा।




इसके लिए निर्धारित तिथि पर सभी निर्वाचित पार्षदों को सूचना जारी की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता अधिकृत पदाधिकारी द्वारा की जाएगी तथा पूरी प्रक्रिया राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप संपन्न होगी। आगे उपायुक्त ने बताया कि 10 मार्च, 2026 से 20 मार्च, 2026 तक शपथ ग्रहण एवं अप्रत्यक्ष निर्वाचन हेतु निकायवार तिथि निर्धारित की जा चुकी है। नगर निकायों के निर्वाचित पदधारकों का शपथ ग्रहण कराने हेतु बुलाई गई बैठक में ही शपथ ग्रहण के पश्चात उपमहापौर /उपाध्यक्ष का अप्रत्यक्ष निर्वाचन भी सम्पन्न कराया जाएगा। अतः पूर्व के दृष्टांतों के आधार पर निम्नलिखित मुख्य विषयों पर विशेष सतर्कता बनाए रखना आवश्यक ह अप्रत्यक्ष निर्वाचन के संदर्भ में निर्वाचित वार्ड पार्षदों के उपर अपने पक्ष में मत देने हेतु अनुचित प्रभाव डालना।किसी निर्वाचित वार्ड पार्षद को अप्रत्यक्ष निर्वाचन में भाग लेने से रोकना निर्वाचित वार्ड पार्षदों को अपने पक्ष में मत देने के लिए किसी प्रकार का रिश्वत या प्रलोभन देना वार्ड पार्षदों को किसी गुप्त स्थान पर ले जाकर रखना या बंधक बनाना या धमकी देना वहीं उपायुक्त ने बताया कि दिनांक 28.02.26 को निर्वाचित सदस्यों एवं महापौर तथा अध्यक्ष के लिए अधिसूचना जारी किया जाएगा। साथ ही दिनांक 02.03.26 को सभी निर्वाचित सदस्यों का गजट प्रकाशन किया जायेगा। दिनांक 07.03.26 को अप्रत्यक्ष निर्वाचन हेतु नोटिस निर्गत किया जाएगा। दिनांक 07.03.26 से दिनांक 09.03.26 को नोटिस तामिला कराने की तिथि। महापौर के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन दिनांक 16.03.26 को समाहरणालय सभागार, बड़की सरैया नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए शपथ ग्रहण समारोह दिनांक 17.03.26 को अनुमंडल कार्यालय सभागार बगोदर सरिया तथा धनवार नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए शपथ ग्रहण समारोह दिनांक 18.03.26 को अनुमंडल कार्यालय सभागार खोरीमहुआ में आयोजित किया जाएगा। सभी निर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण का समय अपराह्न 04:30 बजे से 05:00 बजे किया जाएगा। इसके अलावा उपायुक्त ने बताया कि नगर निगम गिरिडीह के उप महापौर के लिए निवार्ची पदाधिकारी के रूप में श्रीमती स्मृता कुमारी, उप विकास आयुक्त, बड़की सरैया नगर पंचायत के उपाध्यक्ष के लिए गुलाम समदानी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी तथा धनवार नगर पंचायत के उपाध्यक्ष के लिए अपर समाहर्ता बिजय सिंह बीरूआ को नामित किया गया है। उन्होंने बताया कि नामांकन की प्रक्रिया बैठक के दिन ही पूरी की जाएगी। इच्छुक पार्षद निर्धारित प्रारूप में अपना नाम प्रस्तावित एवं समर्थित कर सकेंगे। यदि एक से अधिक प्रत्याशी मैदान में होते हैं तो मतदान की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। मतदान गुप्त मतपत्र के माध्यम से कराया जाएगा, जिससे पारदर्शिता एवं निष्पक्षता सुनिश्चित हो सके। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई जाएगी तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त सुरक्षा बलों की तैनाती की जाएगी।

उन्होंने सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों से लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान करते हुए शांतिपूर्ण वातावरण में चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने यह भी कहा कि नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने में प्रशासन, पुलिस बल एवं आम नागरिकों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा है। अब उप महापौर और उपाध्यक्ष के चुनाव के साथ ही नगर निकायों की नई कार्यकारिणी पूर्ण रूप से गठित हो जाएगी और विकास कार्यों को गति मिलेगी अंत में उपायुक्त ने मीडिया प्रतिनिधियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना से बचें और आधिकारिक सूचना पर ही भरोसा करें। इस दौरान पुलिस अधीक्षक, डॉ बिमल कुमार, उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी, निदेशक डीआरडीए, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, नगरपालिका, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी समेत प्रिंट व इलेट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# रामकृष्ण महिला महाविद्यालय में उत्साह और उमंग के साथ होली मिलन समारोह आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** रामकृष्ण महिला महाविद्यालय में शुक्रवार, 28 फरवरी 2025 को हर्षोल्लास और उमंग के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रंग, उमंग और आपसी सद्भाव की छटा देखते ही बन रही इंटरमीडिएट के शिक्षकों और कर्मचारियों को महाविद्यालय के प्रति उनके ईमानदार और कर्मठ योगदान के लिए सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की कार्यक्रम के दौरान फूलों की होली खेली गई, रंग-गुलाल लगाए गए और



थी।समारोह की मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य डॉ. मधुश्री सेन सान्याल की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। अपने संबोधन में उन्होंने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली विश्वास, प्रेम और आपसी सौहार्द का प्रतीक पर्व है, जो समाज को एकता के सूत्र में बांधता है।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के. एन. शर्मा ने भी सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली सामाजिक समरसता और भाईचारे का त्योहार है।

उन्होंने इस अवसर पर मिठाइयों के साथ सभी ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। पूरे परिसर में उत्साह और आनंद का माहौल बना रहा समारोह का सफल संचालन डॉ. दीपिका कुमारी ने किया। कार्यक्रम में डॉ. मनीषा रतन होरो, प्रो. रेणुका साहू, डॉ. पूनम प्रभा मुंडू, प्रो. नम्रता तिर्की, डॉ. ज्योति चौधरी, प्रो. लक्ष्मण राम, महेश वर्मा, संगीता सिंह, सुप्रिया कुमारी, जितेंद्र चौरसिया, सौमित सामंता सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### बड़की सरैया नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर शोभा देवी की शानदार जीत

**गिरिडीह (नबिटासं)।** बड़की सरैया नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में शोभा देवी ने सर्वाधिक 2012 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की है। मतगणना के बाद जारी आधिकारिक परिणाम के अनुसार उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वियों को स्पष्ट अंतर से पराजित किया।चुनाव में कई प्रत्याशी मैदान में थे, लेकिन शोभा देवी को मतदाताओं का भरपूर समर्थन मिला। उनके पक्ष में पड़े मतों की संख्या अन्य सभी उम्मीदवारों से अधिक रही मतगणना के



आंकड़ों के अनुसार कुल 9602 वैध मत पड़े, जबकि 619 मत अवैध घोषित किए गए। इस प्रकार कुल 10221 मतों की गणना की गई परिणाम घोषित होते ही समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। जगह-जगह समर्थकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर और बधाई देकर जीत का जश्न मनाया। शोभा देवी ने अपनी जीत का श्रेय क्षेत्र की जनता को देते हुए नगर पंचायत के विकास, स्वच्छता, पेयजल, सड़क और बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता देने की बात कही आधिकारिक रूप से 27 फरवरी 2026 को उन्हें निर्वाचित घोषित किया गया।

### नगर पंचायत में मना होली मिलन समारोह

**अमदाबाद /कटिहार (नबिटासं)।** नगर पंचायत के सभागार में शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य पार्षद बबलू मंडल, ईओ अरविंद कुमार, थाना अध्यक्ष कुंदन कुमार, पार्षद प्रतिनिधि संजीव शाह, बंटी सिंह, नपं सहायक आनंद



कुमार पासवान सहित सभी वार्ड पार्षद एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस दौरान सभी जनप्रतिनिधियों व कर्मियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। मुख्य पार्षद बबलू मंडल ने कहा कि पिछले तीन वर्षों के बाद पहली बार नगर पंचायत कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। उन्होंने आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ पर्व मनाने का संदेश दिया। शैलेंद्र कुमार, चंद्रदीप पासवान, अब्दुल कैयूम, जुगनू शाह, शेख मोसिम समेत नगर पंचायत के अन्य पार्षद व कर्मी मौजूद रहे।

### नगर क्षेत्र में लोगों को शीतल जल पेय जल के लिए खुला वाटर एटीएम

**मनिहारी /कटिहार (नबिटासं)।** नगर पंचायत मनिहारी जन सुविधाओं के प्रति सजग संवेदनशील है। नगर कार्यपालक पदाधिकारी अरविंद पासवान ने दूरदर्शिता का परिचय देते हुए आनेवाले गर्मी के मौसम




में आमजन को शीतल पेयजल मुफ्त मे उपलब्ध कराने को लेकर प्रभावी कदम उठाये हैं। श्री पासवान ने जानकारी दी कि नगर क्षेत्र के चार अलग अलग चिन्हित जगहों पर वाटर एटीएम की स्थापना की जा रही है. इनमें महर्षि मेही आश्रम के पास,रेलवे परिसर स्थित शिवसेना मंदिर के पास, मनिहारी गंगातट स्थित मुख्य घाट और नगर पंचायत कार्यालय परिसर शामिल हैं। इसने नगर पंचायत स्थित वाटर एटीएम क्रियाशील है। जहां से आमजन निःशुल्क शीतल पेय जल से अपनी प्यास बुझा सकते हैं। इन वाटर एटीएम से लोग निःशुल्क शीतल पेय जल प्राप्त कर सकते हैं। नगर मुख्य पार्षद लाखो यादव ने कहा कि नगर वासियों ने उन जो भरोसा जताया है हम उनकी भरोसे को टूटने नहीं देंगें।शहर के व्यवस्थित विकास, सौन्दर्यीकरण,स्वच्छ,निर्मल और आधुनिक जन सुविधाओं के विकास में अपना बेहतर प्रदर्शन करेगें।नगरवासियों की सेवा ही उनकी पूंजी है।

### भर्ती शिविर में सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर के लिए 20 आवेदन मिले

**मनिहारी /कटिहार (नबिटासं)।** प्रखंड मुख्यालय मनसाही के मैदान में एसआईएस इंडिया लिमिटेड के द्वारा सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर के पद के



लिए भर्ती शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 20 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 14 अभ्यर्थियों का चयन हुआ। इसकी जानकारी देते हुए भर्ती अधिकारी प्रसून वर्मा ने बताया कि प्रत्येक प्रखंड में शिविर लगाकर सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर के पद के लिए आवेदन लिए जा रहे हैं। इस कड़ी में मनसाही प्रखंड के युवाओं के लिए एक दिवसीय भर्ती शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 20 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 14 अभ्यर्थियों का चयन किया गया जिसे पूर्णिया में एक माह का ट्रेनिंग दिया जाएगा। पूरे भारत के सभी सरकारी एवं निजी संस्थान में इस सुयोग्य जवान को पदस्थापित किया जाएगा।

# मजदूरों का एक होकर लाल झंडा थामना ही उनकी जीत : मसूदन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह प्रखंड के महुआ टांड़ में आज असंगठित मजदूर मोर्चा और भाकपा माले प्रखंड कमेटी की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कॉमरेड मसूदन कोल ने की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 15 मार्च 2026 तक पार्टी का सदस्यता अभियान चलाया जाएगा।



इसके माध्यम से अधिक से अधिक फैक्ट्री और असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को संगठन से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है साथ ही यह भी तय किया गया कि चार लेबर कोड से जुड़े मुद्दों तथा बालमुकुंद स्पंज आयरन कंपनी द्वारा मजदूरों पर किए गए कथित झूठे मुकदमों के विरोध में सहायक श्रम कार्यालय, अगार्घाट (गिरिडीह) के समक्ष एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया जाएगा बैठक को संबोधित करते हुए माले नेता मसूदन कोल और किशोर राय ने कहा कि मजदूरों के अधिकारों की लड़ाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने फैक्ट्री मजदूरों से अपील की कि वे माले के मजदूर विंग से जुड़कर अपना रजिस्ट्रेशन कराएं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सदस्यता गोपनीय रखी जाएगी और जो साथी खुलकर आंदोलन में शामिल नहीं हो सकते, वे भी संगठन को अंदर से समर्थन दे सकते हैं बैठक में कॉमरेड किशोर राय, कन्हाय पांडेय, सनातन साहू, सकलदेव कोल, लखन कोल, सहदेव तुरी, राजन तुरी, मोहन कोल, भुनेश्वर तुरी, लूटन दास, राजू दास, गुलाब कोल, पवन यादव, हुबलाल राय, महताब अंसारी, रंजीत कुमार राय, मनोज कोल, प्रसादी राय, किशुन कोल और भीम कोल उपस्थित थे। नगर कमेटी के सचिव राजेश सिन्हा बैठक में उपस्थित नहीं हो सके, लेकिन उन्होंने अपना मत भेजते हुए कहा कि क्षेत्र की 70 प्रतिशत गरीब आबादी के बावजूद फैक्ट्री मालिक और पूंजीपति मजदूरों को कम आंकते हैं। उन्होंने कहा कि इस सोच में बदलाव लाने के लिए मजदूरों की एकता आवश्यक है और गिरिडीह के सभी मजदूरों से एकजुट होने का आह्वान किया।

# गिरिडीह नगर निगम चुनाव में प्रमिला मेहरा भारी मतों से महापौर निर्वाचित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** नगर निगम गिरिडीह के महापौर पद के लिए हुए चुनाव में प्रमिला मेहरा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए सर्वाधिक 38,091 मत प्राप्त किए। मतगणना के बाद जारी आधिकारिक परिणाम के अनुसार उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी शैलेन्द्र कुमार चौधरी को बड़े अंतर से पराजित किया शैलेन्द्र कुमार चौधरी को 23,402 मत मिले, जबकि अन्य प्रत्याशी उनसे काफी पीछे रहे। चुनाव में कुल 85,075 वैध मत पड़े, जबकि 6,773 मत अवैध घोषित किए गए।



इस प्रकार कुल 91,848 मतों की गणना की गई प्रमिला मेहरा की इस शानदार जीत के बाद समर्थकों में उत्साह का माहौल है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जश्न मनाया गया और समर्थकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की।निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा 27 फरवरी 2026 को आधिकारिक रूप से प्रमिला मेहरा को गिरिडीह नगर निगम का महापौर निर्वाचित घोषित किया गया। उनकी जीत को शहर की राजनीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव के रूप में देखा जा रहा है।

# गिरिडीह नगर निगम चुनाव में कई वार्डों में प्रत्याशियों की शानदार जीत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** नगर निगम गिरिडीह के विभिन्न वार्डों के चुनाव परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। मतगणना के बाद कई प्रत्याशियों ने अपने-अपने वार्डों में सर्वाधिक मत प्राप्त कर जीत दर्ज की वार्ड संख्या 29 से दीपक कुमार यादव ने 1337 मत हासिल कर जीत सुनिश्चित की। वार्ड संख्या 12 से अजय कुमार रजक 637 मतों के साथ निर्वाचित हुए। वहीं वार्ड संख्या 13 से ज्योति मरांडी ने 1379 मत प्राप्त कर बाजी मारी वार्ड संख्या 14 से नीलम झा को 1047 मत मिले, जबकि वार्ड संख्या 15 से पूजा कुमारी ने 1876 मत हासिल कर प्रभावशाली जीत दर्ज की। वार्ड संख्या 33 से आरजू बानो 1264 मतों के साथ विजयी रहीं इसी क्रम में वार्ड संख्या 32 से



रशीदा अख्तर ने 982 मत प्राप्त किए। वार्ड संख्या 34 से सरफराज अंसारी 1272 मतों के साथ निर्वाचित हुए। वार्ड संख्या 35 से शाहनाज खातून ने 648 मत हासिल कर जीत दर्ज की वार्ड संख्या 36 से बीनू देवी 1136 मतों के साथ विजयी रहीं। वार्ड संख्या 16 से सुमित कुमार ने 1607 मत प्राप्त किए, जबकि वार्ड संख्या 17 से आरती देवी 1646 मतों के साथ चुनी गईं। वार्ड संख्या 18 से सरिता श्रीवास्तव ने 1445 मत हासिल कर जीत दर्ज की।

परिणाम घोषित होते ही समर्थकों में उत्साह का माहौल देखा गया। विजयी प्रत्याशियों ने क्षेत्र के विकास, स्वच्छता, पेयजल, सड़क और जनसुविधाओं को प्राथमिकता देने की बात कही है।

# प्रेस क्लब में होली मिलन समारोह, जनप्रतिनिधि-अधिकारी व पत्रकारों ने दी एक-दूसरे को बधाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**केरेडारी (हजारीबाग)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित केरेडारी प्रेस क्लब में शनिवार, 28 फरवरी को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड के जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों, प्रबुद्धजनों तथा स्थानीय पत्रकारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे व सौहार्द का संदेश दिया। समारोह के दौरान पूरा माहौल रंगों और उत्साह से सराबोर रहा। उपस्थित लोगों ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं बल्कि



सामाजिक एकता, प्रेम और भाईचारे का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से समाज के विभिन्न वर्गों के बीच आपसी संवाद और समन्वय मजबूत होता है तथा क्षेत्र में सकारात्मक माहौल बनता है। कार्यक्रम में अंचल अधिकारी रामरतन कुमार वर्णवाल, बीडीओ विवेक कुमार, थाना प्रभारी विवेक कुमार, प्रमुख, उपप्रमुख अमेरिका महतो, एमओ रवि राजा, बीएओ अनुज कुमार, पंचायत सेवक पुनपुन कुमारी, तालेश्वर राम, अनीश कुमार रवि, योगेश कुमार, नंदकिशोर राम, आजसू प्रखंड अध्यक्ष पंकज साहा, बैजनाथ महतो, कंचन यादव, सुशी इंफ्रा माइनिंग प्रोजेक्ट के महाप्रबंधक आर.एस. यादव, अनिल मुंडा समेत केरेडारी प्रखंड के कई पत्रकार उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान होली के गीतों और आपसी बातचीत के बीच लोगों ने एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं। अंत में उपस्थित सभी लोगों ने क्षेत्र में शांति, सौहार्द और विकास की कामना करते हुए होली पर्व को प्रेम और भाईचारे के साथ मनाने का संदेश दिया।

# भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ की जिला कमेटी गठित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक नीरज कुमार आजाद ने जिला कमेटी की घोषणा की है। जिसमें दो सह संयोजक, 19 कार्य समिति सदस्य साहित 21 लोगों की समिति गठित की गयी है। इस अवसर पर श्री आजाद ने बताया कि कमिटी व्यापारियों के हित का संरक्षण,भारतीय जनता पार्टी के नीतियों को व्यापारियों तक एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यापारियों के हित में किए गए कार्यो को व्यापार प्रकोष्ठ के माध्यम से व्यापारियों तक पहुंचाया जाएगा।

कहा कि बिहार में पुनः डबल ईजन एनडीए सरकार बनने से व्यापारियों में संतोष है। निर्भीक वातावरण में व्यापार हो रहा है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार राय,जिला महामंत्री रामनाथ पांडे, गोविंद अधिकारी, भारतीय जनता पार्टी के कटिहार सदर के विधायक पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, प्राणपुर की विधायक निशा सिंह,कोढा की विधायक कविता पासवान सहित पूर्व सांसद निखिल कुमार चौधरी, पूर्व एमएलसी राजवंशी सिंह, वीरेंद्र यादव,बबन झा, प्रमोद महतो, पवन साह, मनोज सरकार, शिव शंकर सरकार संतोष सिंह, भारत निर्माण मंच के संस्थापक अध्यक्ष दीपक कुमार गुप्ता, सुनीता देवी सहित लोगों ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

# शिवपुरी में जीत पर विकास की होली, मिताली रश्मि के सम्मान में विजय जुलूस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवीन सिन्हा ( हजारीबाग ब्यूरो)।** वार्ड नंबर 22 की नवनिर्वाचित वार्ड पार्षद मिताली रश्मि की रिकॉर्ड मतों से ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष्य में शिवपुरी में भव्य विजय जुलूस सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। पूरे वार्ड में उत्सव का माहौल रहा और लोगों ने इसे ह्वविकास की होलीह्व के रूप में मनाया। शनिवार को आयोजित इस कार्यक्रम में विजय जुलूस शिवपुरी मोहल्ले के विभिन्न इलाकों से होकर गुजरा। जगह-जगह वार्डवासियों ने पुष्पवर्षा कर नवनिर्वाचित पार्षद का स्वागत किया।



ढोल-नगाड़ों और रंग-गुलाल के बीच पूरे क्षेत्र में उत्साह और उमंग देखने को मिली। होली मिलन समारोह के दौरान लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर बधाई दी। ह्वबुरा न मानो होली हैह्व के पारंपरिक उल्लास के साथ-साथ ह्वविकास की होलीह्व का संदेश भी गूंजता रहा।

स्थानीय नागरिकों ने कहा कि यह जीत केवल मिताली रश्मि की नहीं, बल्कि पूरे वार्ड की एकजुटता और विश्वास की जीत है। वार्डवासियों ने उम्मीद जताई कि अब शिवपुरी वार्ड नंबर 22 में लंबित विकास कार्यों को गति मिलेगी और क्षेत्र में साफ-सफाई, सड़क, जलनिकासी व अन्य बुनियादी सुविधाओं में सुधार होगा। लोगों ने संकल्प लिया कि वे विकास कार्यों में सक्रिय सहयोग देंगे।

इस अवसर पर वार्ड क्षेत्र के अशोक कुमार सिन्हा, अजय कुमार सिन्हा, अमर कुमार सिन्हा, प्रशांत कुमार प्रधान, डॉ. प्रभात कुमार प्रधान, अर्चना सिंहा, रश्मि लाला, मंटू सरदार, चंदन पाठक, मनोज कुमार, धर्मेंद्र शुक्ला, मोहन कुमार, केदार कुमार सहित सैकड़ों महिला-पुरुष और युवा उपस्थित रहे। समारोह में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी भी विशेष रूप से देखने को मिली। उत्सव का समापन सामूहिक होली मिलन और विकास के संकल्प के साथ हुआ, जहां उपस्थित लोगों ने क्षेत्र के समग्र विकास के लिए मिलकर कार्य करने का भरोसा जताया।

# अरुणा शंकर दूसरी बार बनी मेदिनीनगर निगम की मेयर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** मेदिनीनगर नगर निगम चुनाव में महापौर पद पर एक बार पुनः अरूणा शंकर ने अपना कब्जा जमा लिया। भाजपा समर्थित महापौर प्रत्याशी अरूणा शंकर ने तमाम प्रयास व कयासों को दरकिनार कर एक बार फिर महापौर पद पर जीत हासिल कर लिया। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार नम्रता त्रिपाठी को 3122 वोटों से शिकस्त दी। अरूणा शंकर को 24169 वोट मिले। वहीं नम्रता त्रिपाठी को 21047 मत प्राप्त हुए। तीसरे स्थान पर झामुमो समर्थित उम्मीदवार पूनम सिंह रहीं। उन्हें 12809 मत से संतोष करना पड़ा। मतगणना के पहले राउंड में नम्रता त्रिपाठी ने बढ़त बनाई थी। 1677 वोट से आगे चल रही थी। नम्रता को 5217 व अरुणा शंकर को 3540 मत प्राप्त हुए थे। पूनम सिंह को



3180 वोट मिले थे। दूसरे राउंड की गिनती के बाद प्रथम महापौर अरुणा शंकर 296 वोट से आगे निकल गयी। इस राउंड में अरुणा शंकर ने लंबी छलांग लगाई। वे 3540 मत से सीधे 8030 मत तक पहुंच गई। उनके मत में 4490 वोट की बढ़ोतरी हुई। नम्रता त्रिपाठी के मतों में भी बढ़ोतरी हुई उन्हें 7734 मत प्राप्त हुए। पूनम सिंह को 5186 मत मिले। तीसरे राउंड की गिनती के बाद नम्रता त्रिपाठी 171 वोट से आगे हो गयी थी। इस राउंड तक नम्रता को 13020 मत व अरूणा शंकर को 12849 मत मिले। पूनम सिंह को 7247 मत प्राप्त हुए। चौथे राउंड में अरूणा शंकर को 4929 मत मिले, जबकि नम्रता को 3274 व पूनम सिंह को 2973 वोट से संतोष करना पड़ा। अरूणा शंकर ने इस राउंड में 1484 वोट से बढ़त बना ली। अरूणा शंकर को कूल 17778 मत मिले व नम्रता को 16294 एवं पूनम सिंह को 10220 मत प्राप्त हुए। पांचवे व अंतिम राउंड की गिनती के बाद अरूणा शंकर ने अपनी बढ़त बरकरार रखते हुए 3122 मत से जीत हासिल कर लीं। इस राउंड में अरूणा शंकर को 6391, नम्रता को 4753 व पूनम को 2589 मत मिले।

### मेदिनीनगर नगर निगम के मतदाताओं की कृतज्ञ व जीत से हूं अभिभूत : अरूणा शंकर

मेदिनीनगर नगर निगम का चुनाव जीतने के बाद मतगणना हाल से बाहर निकली अरूणा शंकर को महिला वार्ड पार्षदों ने फूलमालाओं से स्वागत किया। मौके पर मीडिया से बात करते हुए अरूणा शंकर ने कहा- नगरवासियों सारे भाई वह सारी मीडिया के प्रति आभारी व कृतज्ञ हूं। जीत से अभिभूत हूं। मैं आप सभी का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए नमन करती हूं। मेदिनीनगर के मेरे सम्मानित मतदाताओं, पूज्य बुजुर्गों, शक्ति स्वरूपा माताओं-बहनों, ऊर्जावान युवा साथियों ने जिस उत्साह के साथ मतदान किया व मुझ पर स्नेह व अटूट विश्वास दिखाया है। जीत का सारा श्रेय मेदिनीनगर निगम की जनता को जाता है। कहा कि वे अब नए व पुराने जीतकर आए सभी पार्षदों के साथ मिल बैठकर संबंधित वार्ड के डिमांड के अनुसार विकास किया जाएगा। जिस तरह की योजनाएं आएंगी उसका पूरा-पूरा लाभ सभी वार्ड को दिया जाएगा।

# सड़क हादसे में एक की मौत, कई घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चंदवारा (कोडरमा)।** चंदवारा थाना क्षेत्र के रांची पटना मुख्य मार्ग स्थित उरवां मोड़ चौक के समीप शनिवार शाम 5:30 बजे सड़क हादसा में कई लोग घायल हो गए एवं एक वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। जिसकी पहचान रूपलाल सिंह उम्र 70 वर्ष के रूप में की गई। जानकारी अनुसार हजारीबाग की ओर से आ रही एलपीजी टैंकर एवं कोडरमा से तिलैया डैम की ओर जा सवारी गाड़ी टकरा गई जिससे एलपीजी गैस लोड टैंकर एक घर में जाकर टकरा गई जिससे फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले कई दुकानदारों को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे 10 लोग घायल हो गए। हजारीबाग से कोडरमा होते हुए एक एलपीजी टैंकर बिहार की ओर जा रही थी। वहीं झुमरी तिलैया से सवारी लेकर एक सवारी गाड़ी तिलैया डैम की ओर जा रही थी। जैसे ही सवारी गाड़ी उरवां मोड़ के पास पहुंची, हजारीबाग



की ओर से कोडरमा की ओर जा रही एलपीजी टैंकर अचानक से सड़क के दूसरे लेन में घुस गई और वह अनियंत्रित होकर तिलैया डैम के रास्ते में जाने लगी। इस दौरान पहले तो उसने सवारी गाड़ी को अपनी चपेट में लिया उसके बाद सड़क किनारे सर्विस लाइन पर फुटपाथ पर दुकान लगाते हुए कई दुकानदारों को भी अपने चपेट में ले लिया। एव कई मोटरसाइकिल सवार भी उक्त टैंकर की चपेट में आ गए। जिससे इस घटना में 11 लोग घायल हो गए। इस घटना के समय वहां पर अफरा तफरी का माहौल हो गया। वहां मौजूद सभी लोग इधर-उधर भागने लगे। इधर घटना के बाद चंदवारा थाना की पेट्रोलिंग पुलिस मौके पर पहुंची और वहां मौजूद ग्रामीणों की सहायता से सभी घायलों को सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचा, जहां सभी घायलों का इलाज चल रहा है। वहीं इलाज के दौरान एक वृद्ध की मौत हो गई है। गैस टैंकर का चालक मौके से फरार हो गया है, पुलिस उसकी खोजबीन कर रही है। वहीं पुलिस द्वारा गैस टैंकर को कब्जे में ले लिया गया है।

# देवतुल्य मतदाताओं का स्नेह, विश्वास व आशीर्वाद किसी भी परिणाम से अधिक है मूल्यवान : नम्रता त्रिपाठी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** मेदिनीनगर की पूज्य देवतुल्य मतदाता के प्रति मैं अपनी कृतज्ञता विनम्र हृदय से व्यक्त करती हूं। इस लोकतांत्रिक समर में प्राप्त आप सभी के स्नेह, विश्वास व आशीर्वाद मेरे लिए किसी भी परिणाम से अधिक मूल्यवान है। यह पराजय नहीं, बल्कि जनसेवा के पथ पर आत्ममंथन और नव-संकल्प का अवसर है। उक्त बातें मेयर प्रत्याशी रही नम्रता त्रिपाठी ने कही। वे शनिवार को मेयर पद का परिणाम घोषित होने के बाद मेदिनीनगर नगर निगम के मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त कर रही थी।




नम्रता त्रिपाठी ने मेदिनीनगर नगर निगम चुनाव में विजय प्राप्त करने वाले सभी प्रत्याशियों को हार्दिक अभिनंदन व शुभाशंसाएं प्रेषित करते हुए कहा - मेरी कामना है कि विजयी सभी प्रतिनिधि जन आकांक्षाओं के अनुरूप मेदिनीनगर के सर्वांगीण विकास के लिए सतत प्रयत्नशील रहेंगे। उन्होंने मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र की जनता से कहा कि वे सभी को आश्वस्त करती हैं कि मेरी प्रतिबद्धता, मेरी निष्ठा व मेरा समर्पण पूर्ववत् मेदिनीनगर की सेवा में अविचल रहेगा। उन्होंने कहा - सच है, विपत्ति जब आती है, कायर को ही दहलाती है, सूरमा नहीं विचलित होते, क्षण एक नहीं धीरज खोते, विघ्नों को गले लगाते हैं, कांटों में राह बनाते हैं।"

# 8 मार्च को होगी एकलव्य एवं आवासीय विद्यालयों की प्रवेश परीक्षा, तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** उपायुक्त आर० रॉनिटा के निर्देशानुसार खूंटी जिला अंतर्गत कल्याण विभाग द्वारा संचालित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में कक्षा 6 तथा आश्रम विद्यालय एवं आवासीय विद्यालय में कक्षा 6, 7 एवं 8 में शिक्षण सत्र 2026-27 के लिए नामांकन हेतु दिनांक 8 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा की तैयारी को लेकर समाहरणालय स्थित सभागार में जिला कल्याण पदाधिकारी प्रमोद राम की द्वारा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में परीक्षा केंद्रों के चयन, केंद्राधीक्षक की प्रतिनियुक्ति, वीक्षण एवं मूल्यांकन कार्य हेतु शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति, परीक्षा के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण, मूल्यांकन कार्य के दौरान पर्यवेक्षण हेतु दंडाधिकारियों की तैनाती, पुलिस बल एवं मेडिकल टीम की प्रतिनियुक्ति सहित परीक्षा के संपूर्ण पर्यवेक्षण हेतु वरीय पदाधिकारी की नियुक्ति के विषय पर विस्तृत चर्चा की गई। सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि परीक्षा कार्य पूरी



पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया जाए। उन्होंने परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की सुविधा तथा गोपनीयता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। साथ ही मूल्यांकन कार्य समयबद्ध एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी खूंटी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत, संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मेदिनीनगर नगर निगम के विजयी पार्षद

वार्ड 1 - मंजू देवी - वार्ड पार्षद जीती
वार्ड 2 - सुनील राम - वार्ड पार्षद जीते
वार्ड 3 - राहुल कुमार - वार्ड पार्षद जीते
वार्ड 4 - बिंदिया देवी - वार्ड पार्षद जीती
वार्ड 5 - नीरा देवी- ( निर्विरोध जीती )
वार्ड 6 - आशना पाण्डेय - वार्ड पार्षद जीती
वार्ड 7 - रीता शुक्ला - वार्ड पार्षद जीती
वार्ड 8 - पुष्पा देवी - वार्ड पार्षद जीती
वार्ड 9 - सोनू कुमार - वार्ड पार्षद जीते
वार्ड 10 - रौशन मेहता - वार्ड पार्षद जीते
वार्ड 11 - कविता देवी - वार्ड पार्षद जीते
वार्ड 12 - अनूप सिंह - वार्ड पार्षद जीते
वार्ड 13 - धीरेंद्र पांडेय - वार्ड पार्षद जीते
वार्ड 14 - संजू सिंह - वार्ड पार्षद जीती
वार्ड 15 - अमित कुमार सिंह (मिनी सिंह) - वार्ड पार्षद - जीते
वार्ड 16 - शिरीन पुष्पलता - वार्ड पार्षद जीती
वार्ड 17 - नामिता कुमारी - वार्ड पार्षद जीती
वार्ड 18 - विवेकानंद त्रिपाठी - वार्ड पार्षद जीत
वार्ड 19 - नवीन प्रसाद - वार्ड पार्षद - जीते
वार्ड 20 - ममता कुमारी - वार्ड पार्षद जीती
वार्ड - 21 साहेब सिंह - वार्ड पार्षद जीते
वार्ड 22 - नीतू सिंह - वार्ड पार्षद जीती
वार्ड 23 - मनोज सिंह- (निर्विरोध जीते )
24 वार्ड - रौशन कुमार नाग - वार्ड पार्षद जीते
वार्ड 25 - मनीषा कुमारी - वार्ड पार्षद जीती
वार्ड - 26 - अख्तरी बेगम - वार्ड पार्षद जीती
वार्ड 27 - कमर याष्मीन - वार्ड पार्षद जीती
वार्ड 28 - सैफुल्लाह खान - वार्ड पार्षद जीते
वार्ड 29 - नवीन गुप्ता (लाल बाबू ) - निर्विरोध जीते
वार्ड 30 - रवि पासवान - वार्ड पार्षद जीते
वार्ड 31 - मुमताज बानो - वार्ड पार्षद जीती
वार्ड 32 - अनीश खातून - वार्ड पार्षद जीती
वार्ड 33 - सोनी कुमारी - वार्ड पार्षद जीती
वार्ड 34 - अर्चना देवी
वार्ड 35 - दीपिका कुमारी- वार्ड पार्षद जीती

# पत्रकारों ने उल्लास के साथ मनाया होली मिलन समारोह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नगर परिषद क्षेत्र के अस्पताल रोड स्थित निजी होटल में शनिवार को जिले के पत्रकारों द्वारा भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष मुकेश पांडे ने किया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं डिजिटल मीडिया संस्थानों से जुड़े पत्रकारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आपसी सौहार्द का परिचय दिया।

समारोह का वातावरण पूरी तरह फागुनी रंग में रंगा नजर आया। कार्यक्रम की शुरुआत एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की अग्रिम शुभकामनाएं देने के साथ




हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष मुकेश पांडे ने कहा कि पत्रकारिता के व्यस्त और चुनौतीपूर्ण जीवन में ऐसे मिलन समारोह मानसिक सुकून और पारस्परिक समन्वय को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा, "होली प्रेम, सद्भाव और सामाजिक समरसता का पर्व है। हमें इस अवसर पर सभी मतभेद भुलाकर समाज में एकता और भाईचारे का संदेश देना चाहिए।" उसमारोह में कोषाध्यक्ष अमित कुमार सहित यशवंत सिन्हा, मनोज मिश्रा, अमन सिंह, अमित विशाल, अनिल शर्मा, सनी भगत, विकास कुमार, अमित गुप्ता, सुधीर सिंह, शैलेश सिंह, सूरज कुमार, बबलू कुमार, आलोक वर्मा, विशाल कुमार, विनय पांडे, गौरव मिश्रा, वीरेंद्र कुमार वर्मा समेत अनेक पत्रकार उपस्थित रहे।

# नालंदा कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर नवाचार की चमक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नालंदा कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन महान भारतीय वैज्ञानिक सी.वी. रमन की स्मृति में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। समारोह प्राचार्या प्रो. सुनीता सिन्हा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में पटना वीमेंस कॉलेज की डॉ. अमृता ने शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में आधुनिक युग में विज्ञान की बढ़ती भूमिका, तकनीकी विकास और नवाचार के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में लगभग 150 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन को दो प्रमुख श्रेणियों—पोस्टर प्रेजेंटेशन और मॉडल प्रदर्शनी—में विभाजित किया गया। पोस्टर प्रेजेंटेशन में छात्रों ने वैज्ञानिक सिद्धांतों और समसामयिक विषयों को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया, जबकि मॉडल प्रदर्शनी में कार्यशील मॉडलों के माध्यम से भविष्य की तकनीकों और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े समाधान प्रदर्शित किए गए। कार्यक्रम की सफलता में विज्ञान संकाय के भौतिकी, रसायन शास्त्र एवं



जीव विज्ञान विभाग के शिक्षकों और लैब इंचार्ज की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रयोगशाला सहायकों ने तकनीकी व्यवस्था और प्रयोगों के प्रदर्शन में सक्रिय योगदान दिया। प्राचार्या प्रो. सुनीता सिन्हा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विज्ञान केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारी सोच और जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए। निर्णायक मंडल ने पोस्टर और मॉडल की गुणवत्ता के आधार पर विजेताओं का चयन किया। पूरे कॉलेज परिसर में विज्ञान के प्रति उत्साह का वातावरण देखने को मिला, जहां विद्यार्थियों ने एक-दूसरे के नवाचारों से सीख हासिल की। इस अवसर पर प्रो. अनिर्बन चटर्जी, प्रो. एसएस झा, प्रो. सुमित कुमार एवं प्रो. उपेंद्र मंडल सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मना एम पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव

**अंबा (औरंगाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता ।** विद्यालय हमें ज्ञान-विज्ञान के साथ सामाजिक और नैतिक मूल्य भी सिखाता है। उक्त बातें प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रियांशु बसु ने मारिया एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा संचालित एम पब्लिक स्कूल, किशुनपुर के ग्यारहवें वार्षिकोत्सव के दौरान कही। आगत अतिथियों ने दीप प्रज्वलन और रिबन काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि वार्षिकोत्सव के रूप में विद्यालय अपनी उपलब्धियों को मनाता है। यह विद्यालय के लिए गौरव का क्षण है। विद्यालय के डायरेक्टर मोहम्मद परवेज ने फूलमाला, अंगवस्त्र और मोमेंटो देकर आगत अतिथियों का स्वागत किया। विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गीत, भाषण, नज़्म, डांस, नाटक, गाना, कविता, गीत और अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। इस मौके पर बिहार पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष अजय कुमार पांडेय, जिला महासचिव संतोष कुमार, जिला सचिव रिंकू कुमार सिंह, जिला कषाध्यक्ष विजय कुमार कश्यप, जिला उपाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह, प्रखंड सचिव गजेंद्र सिन्हा, जिला संरक्षक सत्येंद्र शर्मा, विद्यालय की प्राचार्या रूमीनाज नूरी, विद्यालय के शिक्षक, बच्चे और अभिभावक उपस्थित थे।

# टूर्नामेंट में नवादा ने गया को हराया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** बिहार क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा मगध जोन अंतर्गत नालंदा में आयोजित सीनियर इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट में नवादा की टीम का मुकाबला गया की टीम से हुआ। गया की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 47 ओवर में 232 रन बनाकर ऑल आउट हो गई ।गया के तरफ से रणजी प्लेयर मंगल महरुर ने 23 रंजन ने 33 यशराज ने 46 तथा प्रीतम ने 32 रनों का योगदान अपनी टीम के लिए दिया। नवादा की तरफ से गेंदबाजी करते हुए अरनव यादव ने शानदार चार विकेट झटके जबकि सुदर्शन एवं सागर ने भी तीन-तीन खिलाड़ियों को आउट किया। इसके जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी नवादा की टीम ने 47.4 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 233 रन बनाकर मैच को तीन विकेट से जीत लिया। नवादा की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए सुमन सौरभ ने नाबाद रहते हुए शानदार 62 रन, दीपक यादव ने 41 रन, हर्ष मान ने नाबाद 31 रन जबकि निशांत ने 38 रनों का योगदान अपनी टीम के लिए दिया। नवादा ने अंतिम विकेट की साझेदारी में 80 रन जोड़े और गया के उम्मीदों पर पानी फेर दिया। मैच में शानदार गेंदबाजी करने वाले नवादा के अर्णव यादव को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी बिहार टीम के कोच केशव कुमार के द्वारा दी गई। नवादा के शानदार जीत पर संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार मुरारी ,सचिव राकेश कुमार,उपाध्यक्ष रंजन कुमार, संयुक्त सचिव सुरेश यादव, कोषाध्यक्ष अभिषेक पांडे, पूर्व सचिव मनीष आनंद, अरुण यादव, मनीष गोविंद, विकास कुमार सुभाष प्रसाद अमित नयन बबलू वर्मा ने बधाई दी है।

# पंचायत समिति की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल (नवादा)।** प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय कौआकोल के सभागार कक्ष में शनिवार को एक साल के लम्बे अंतराल के बाद प्रखण्ड प्रमुख रीना राय की अध्यक्षता में पंचायत समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन बीडीओ सह पंचायत समिति के कार्यपालक पदाधिकारी डॉ० अखिलेश कुमार ने किया। बैठक की शुरुआत में बीडीओ सह पंचायत समिति के कार्यपालक पदाधिकारी डॉ० अखिलेश कुमार ने प्रमुख रीना राय को एवं सीओ मनीष कुमार ने उपप्रमुख अनन्त कुमार उर्फ नवीन यादव को बुके देकर स्वागत किया। इसके बाद बीडीओ ने सदन में जानकारी दी कि इस वर्ष कौआकोल प्रखण्ड ने दो होनहार कर्मी पीएम आवास के लेखापाल साधु शरण




प्रसाद एवं जीविका के बीपीएम हलधर दास को असामयिक खो दिया। जिनके निधन उपरांत एक मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया गया। इसके बाद गत बैठक की सम्पुष्टि की गई। वहीं बैठक में वर्ष 2025-26 तथा 2026-27 हेतु विभिन्न योजनाओं को अनुमोदन के लिए प्रस्ताव लाया गया। जिस पर सभी सदस्यों ने एक स्वर से योजनाओं के अंतिम चयन के लिए प्रखण्ड प्रमुख को अधिकृत कर दिया। योजनाओं के चयन व अनुमोदन के बाद प्रखण्ड प्रमुख रीना राय के आदेश पर विभिन्न विभागों की समीक्षा की गई। बैठक में सबसे पहले बैठक से अनुपस्थित अधिकारियों से कारणपृच्छा करते हुए वरीय अधिकारियों को सूचित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में सदस्यों ने राजस्व, स्वास्थ्य, आपूर्ति, विद्युत आदि विभागों का मामला उठाया। जिस पर सम्बंधित अधिकारियों ने समस्याओं को सुनकर निदान की बात कही। पाण्डेयगंगौट मुखिया दीपक कुमार ने राशन कार्ड बनाने में एमओ पर अनियमितता का आरोप उठाया। वहीं उन्होंने कहा कि गर्मी का मौसम शुरु होते ही पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। पीएचईडी द्वारा नल-जल योजना में काफी अनियमितता है। जिस पर संज्ञान लेने की आवश्यकता है। पंचायत समिति सदस्य विजय कुमार ने दर्जनों उपभोक्ताओं द्वारा नियमित बिजली बिल भुगतान करने के बाद भी गुआघोघरा गांव में विद्युत विभाग द्वारा पूरे गांव की बिजली काटे जाने का मुद्दा उठाया। जिस पर जेई अनीश कुमार ने कहा कि विभागीय नियमानुसार गांव की बिजली काटी गई है। ग्रामीणों द्वारा बिल भुगतान किया जा रहा है। गांव में जल्द ही बिजली बहाल कर दी जाएगी।

# होली पर शांति व्यवस्था को लेकर डीएम-एसपी सख्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला शांति समिति की बैठक जिलाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिले के गणमान्य सदस्यों ने पर्व को शांति और भाईचारे के साथ मनाने के लिए अपने-अपने सुझाव रखे। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2026 में होली का पर्व 2 से 5 मार्च तक मनाया जाएगा, जिसमें 2 मार्च को होलिका दहन, 3 एवं 4 मार्च को रंगों की होली तथा 5 मार्च को झुमटा और मटका फोड़ का आयोजन होगा। जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारे और सद्भाव का प्रतीक है। सभी लोग इसे शांतिपूर्ण वातावरण में मनाएं। उन्होंने शांति समिति के सदस्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनके सहयोग से जिले में हर पर्व सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न



हो रहा है। साथ ही उन्होंने अपील की कि किसी भी छोटी से छोटी अप्रिय घटना की सूचना तत्काल प्रशासन को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने कहा कि पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क है। संवेदनशील एवं अति संवेदनशील स्थलों पर दंडाधिकारियों और पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। साथ ही गश्ती दलों को सक्रिय रखा जाएगा और बाइक पेट्रोलिंग के जरिए गलियों तक निगरानी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि डीजे और अश्लील गानों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। टैंपू एवं ई-रिक्शा में अश्लील गीत बजाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जाएगी, ताकि अफवाह फैलाने वालों पर तुरंत कार्रवाई हो सके। नगर निगम एवं नगर पंचायतों को साफ-सफाई, पेयजल, बिजली एवं सीसीटीवी व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक समेत कई पदाधिकारी एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## धरना स्थल पर होली मिलन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज।** प्रखंड परिसर में किसान मजदूर मोर्चा मगध के बैनर तले किसानों का अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शनिवार को 413वें दिन भी जारी रहा। इस दौरान धरना स्थल पर होली मिलन समारोह का आयोजन कर किसानों ने एकजुटता और संघर्ष का संदेश दिया। धरना की अध्यक्षता लडू खां ने की, जबकि संचालन सिद्धी यादव एवं भोला वर्मा ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने कोयल नहर परियोजना और कृषि समस्याओं पर आधारित गीत प्रस्तुत कर अपनी पीड़ा और मांगों को स्वर दिया।

# अंचल कार्यालय में जनता दरबार आयोजित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** सरकार के निर्देश पर अंचल कार्यालय कौआकोल में शनिवार को भूमि विवाद के निबटारा को लेकर सीओ मनीष कुमार एवं कौआकोल थाना के अपर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार की उपस्थिति में जनता दरबार का आयोजन किया गया। सीओ मनीष कुमार ने बताया की जनता दरबार में एक आवेदन प्राप्त हुए। जिसका दोनों पक्षों की मौजूदगी में निष्पादन कर दिया गया। मौके पर राजस्व अधिकारी अनीश कुमार,अंचल कर्मी नीतीश कुमार समेत अन्य मौजूद थे।


## नवबिहार टाइम्स (दैनिक)

फार्म–IV

(नियम 8 देखिये)

| | | |
|---|---|---|
| 1. प्रकाशन स्थान | : | 31, को-ऑपरेटिव कॉलोनी,(झारखंड) बोकारो स्टील सिटी, बोकारो |
| 2. प्रकाशन अवधि | : | दैनिक |
| 3. मुद्रक का नाम | : | कमल किशोर |
| (क्या भारत का नागरिक है) | : | भारतीय |
| (यदि विदेशी हैं तो मूल देश) | : | X |
| पता | : | सत्येन्द्र नगर (दुर्गा मंदिर के नजदीक) औरंगाबाद (बिहार) |
| 4. प्रकाशक का नाम | : | कमल किशोर |
| (क्या भारत का नागरिक है) | : | भारतीय |
| (यदि विदेशी हैं तो मूल देश) | : | X |
| पता | : | सत्येन्द्र नगर (दुर्गा मंदिर के नजदीक) औरंगाबाद (बिहार) |
| 5. संपादक का नाम | : | कमल किशोर |
| (क्या भारत का नागरिक है) | : | भारतीय |
| (यदि विदेशी हैं तो मूल देश) | : | X |
| पता | : | सत्येन्द्र नगर (दुर्गा मंदिर के नजदीक) औरंगाबाद (बिहार) |
| 6. उन व्यक्तियों के नाम व पते तथा जो समाचार पत्र के स्वामी हों जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हों। | : | कमल किशोर सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद बिहार |

**मैं कमल किशोर एतद् द्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार उपर दिये गये विवरण सत्य हैं।**

दिनांक 28-02-2026

कमल किशोर
प्रकाशक के हस्ताक्षर

# हर्ष फायरिंग में किशोर के सिर में लगी गोली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा** । बिरौल थाना क्षेत्र के उझटी गांव में यज्ञोपवीत यथा जनेऊ संस्कार के रस्म कुमरन दौरान गुरुवार की रात हर्ष फायरिंग में बटूक जख्मी हो गया। इसके बाद अफरा-तफरी की स्थिति हो गई।

खुशी का माहौल पल भर में मातम छा गया। आनन-फानन में उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया। बताया जाता है कि दुर्गा मंदिर चौक स्थित पोखर घाट पर पूजा-अर्चना दौरान काफी भीड़ जुटी थी।

इसी बीच अचानक गोली चली और जिस 10 वर्षीय बटूक राहुल कुमार का यज्ञोपवीत होना था वह छटपटाते हुए नीचे गिर गया। शुरूआत में लोगों को लगा कि किसी ने पटाखा छोड़ा है। लेकिन, राहुल के सिर से खून बहता हुआ देख सभी के होश उड़ गए।

**⇨10 वर्षीय मृतक का होना था यज्ञोपवीत**
**⇨जनेऊ संस्कार में घटी घटना, अफरातफरी**

इसके बाद उसे उठाकर बिरौल के सुपौल बाजार स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां जांच दौरान सिर मे गोली फंसे होने की बात सामने आई। इसके बाद सर्जरी के माध्यम से गोली को बाहर निकाला गया।

बताया जाता है कि सर्जरी में पांच घंटे का समय लगा, लेकिन सफल रहा। फिलहाल, मुकेश झा के पुत्र राहुल कुमार खतरे से बाहर है। लेकिन, उसे अभी चिकित्सक की निगरानी में ही रखा गया है।

बताया जाता है कि उसका शुक्रवार को जनेऊ संस्कार होना था। जिसे फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। उधर, लोगों का कहना है कि कुमरन कार्यक्रम के दौरान चार से पांच राउंड हर्ष फायरिंग की गई थी, जिससे यह हादसा हुआ।

हालांकि पुलिस ने अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। सूचना मिलते ही बिरौल पुलिस अस्पताल पहुंचकर पूरी घटना की जानकारी ली। थानाध्यक्ष चंद्रमणि ने बताया कि अब तक इस मामले में कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। ऐसे पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## आर्केस्ट्रा टीम पर छापेमारी

**पूर्वी चंपारण**। थाना क्षेत्र में आर्केस्ट्रा में नाबालिग लड़कियों से काम कराए जाने की शिकायत पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आठ नाबालिग लड़कियों को मुक्त कराया है।मामले में आर्केस्ट्रा संचालक को गिरफ्तार किया गया है, जबकि मानव तस्करी की आशंका को लेकर एक संदिग्ध व्यक्ति से पूछताछ की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के निर्देश पर चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मुक्ति फाउंडेशन नई दिल्ली और ग्राम नियोजन केंद्र मोतिहारी की ओर से बाल संरक्षण एवं मानव तस्करी रोकथाम को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा था।

इसी क्रम में कोटवा, दीपउ और बंगरा इलाके में आर्केस्ट्रा में नाबालिग लड़कियों से काम कराने की सूचना मिली।

एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर कोटवा पुलिस ने चाइल्ड प्रोटेक्शन यूनिट और मिशन मुक्ति फाउंडेशन की टीम के साथ संयुक्त छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान आठ नाबालिग लड़कियां मिलीं, जिन्हें तत्काल सुरक्षित अभिरक्षा में लिया गया।

# हर कांग्रेसी को देशरत्न डॉक्टर राजेंद्र बाबू के नाम पर गर्व

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी**। महान स्वतंत्रता सेनानी, स्वतंत्रा आंदोलन के अग्रणी पंक्ति के नेता, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष, देश के संविधान सभा के अध्यक्ष, देश के प्रथम राष्ट्रपति जो अपना लगातार दो टर्म कार्यकाल पूरा करने वाले एकलौते राष्ट्रपति देशरत्न डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की 63 वीं पुण्यतिथि पर गयाजी के हृदय स्थल राजेंद्र टावर चौक स्थित राजेंद्र बाबु के प्रतिमा के समक्ष एवं गयाजी जिला कॉंग्रेस कार्यालय राजेंद्र आश्रम में इनकी चित्र पर माल्यार्पण कर कॉंग्रेसजनों ने अपने को गौरवान्वित महसूस करते हुए कहा कि गयाजी के दो- दो ऐतिहासिक स्थलों पर राजेंद्र बाबु का प्रतिमा एवं उनका नाम होना जहां उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाल कर गर्व महसूस करते हैं। गयाजी राजेंद्र टावर एवं राजेंद्र आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में शामिल बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता विजय कुमार मिट्ठू, जिला कॉंग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, टिंकू गिरी, राम प्रमोद सिंह, युगल किशोर सिंह, दामोदर गोस्वामी, विद्या शर्मा, विपिन बिहारी सिन्हा, विशाल कुमार, शिव कुमार चौरसिया, प्रद्युम्न दुबे, प्रदीप शर्मा, सुनील कुमार पासवान, धर्मेंद्र कुमार निराला, राजेश गुप्ता, आदि ने कहा कि देशरत्न डॉ



राजेंद्र प्रसाद का गयाजी से काफी पुराना लगाव था इनकी रिश्तेदारी से लेकर 1922 के अखिल भारतीय कॉंग्रेस कमिटी के राष्ट्रीय सम्मेलन में गया जी में कई दिनों का प्रावस आदि के कारण ही गयाजी जिला कॉंग्रेस कार्यालय का नाम 1935 में ही राजेंद्र आश्रम रखा गया। जिसके नाम पर आज उस मुहल्ला का नाम राजेंद्र आश्रम सड़क है तथा गया के हृदय स्थल तथा गया।

नगर निगम का ब्रांड एंबेसडर टावर में राजेंद्र बाबू की प्रतिमा स्थापित है।

नेताओं ने राजेंद्र बाबु के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कुशाग्र बुद्धी के जनक जिनके छात्र जीवन में उनके परीक्षाओं की कॉपी जांच होने पर एक्जामिनी इज बेटर दैन एक्जामिनर लिखा जाता था, भारतीय संविधान सभा के अध्यक्ष के रूप में संविधान निर्माण में इनका महत्पूर्ण योगदान रहा। नेताओं ने राज्य सरकार, स्थानीय प्रशासन, गया जी नगर निगम से समाहरणालय गोलमबर पर राजेंद्र बाबू का आदम कद प्रतिमा लगाने की मांग भी दोहराई गई।

## मसालों का सटीक मिश्रण है सनराइज चंपारण मसाला : पीयूष मिश्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा**। होली से पहले आईटीसी लिमिटेड द्वारा दरभंगा में एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया जहाँ सनराइज मसाले ने अपना नया उत्पाद चंपारण मटन मसाला लॉन्च किया। सनराइज स्पाइसेज, आईटीसी लिमिटेड के बिजनेस हेड पीयूष मिश्रा ने कहा कि आईटीसी सनराइज मसाले में हमारा मानना है कि भोजन सांस्कृतिक उत्सवों से गहराई से जुड़ा होता है। सनराइज चंपारण मटन मसाला के लॉन्च के साथ हम बिहार के एक ऐसे प्रतिष्ठित व्यंजन को सम्मान देना चाहते थे, जो यहां की पहचान है। रंगों से भरे होली उत्सव के बीच इसे पेश कर हमने केवल उत्पाद ही नहीं, बल्कि उससे जुड़ी भावना और परंपरा को भी सामने रखा। सनराइज चंपारण मसाला, मसालों का सटीक मिश्रण है, जिसे क्षेत्र की समृद्ध पाक परंपराओं और पारंपरिक रेसिपी से प्रेरणा लेकर सावधानीपूर्वक तैयार किया गया है, ताकि आज के उपभोक्ता अपने स्वाद से समझौता किए बिना अपनी जड़ों से जुड़े रह सकें।

## अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गयाजी**। समेकित जांच चाकी, डोभी में वाहन जांच के दौरान पुलिस ने एक हुंडई एक्सेंट कार से अवैध बीयर एवं विदेशी शराब बरामद कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, जांच के क्रम में उक्त वाहन से कुल 375.100 लीटर अवैध बीयर एवं विदेशी शराब ( 734 बोतल ) जब्त की गई। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान रंजय कुमार, पिता- शंकर प्रसाद, ग्राम- खरहरी, थाना- मुफस्सिल, जिला- गया के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके से हुंडई एक्सेंट कार को भी जब्त कर लिया है। वाहन का चेसिस एवं इंजन घिसा हुआ पाया गया है। मामले में अनुसंधान जारी है तथा जांच पूरी होने के बाद आरोप पत्र समर्पित किया जाएगा।

# पटना में शाओमी प्रीमियम सर्विस सेंटर का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना**। शाओमी, वैश्विक टेक्नोलॉजी प्रमुख, ने आज भारत के 15 नए शहरों में लॉन्च के साथ अपने प्रीमियम सर्विस सेंटर नेटवर्क के व्यापक रणनीतिक विस्तार की घोषणा की। यह शाओमी के पूरे देश में 100 प्रीमियम सर्विस सेंटर खोलने के प्लान का दूसरा चरण है। यह विस्तार शाओमी की वैल्यू-फॉर-एक्सपीरियंस रणनीति को और मजबूत करता है, जिसमें ग्राहकों को को ज्यादा आसान, भरोसेमंद और बिना रुकावट वाला बिक्री उपरांत बेहतर अनुभव देने पर खास ध्यान दिया गया है। कंपनी ने पटना में अपने सेंटर का उद्घाटन किया।



क्रमबद्ध आधार पर खोले जा रहे नए प्रीमियम सर्विस सेंटर्स के हिस्से के तौर पर, सभी 15 नए सेंटर 2026 की पहली तिमाही में चालू हो जाएंगे। इसके साथ ही विस्तार योजना के पहले और दूसरे चरण में प्रीमियम सर्विस सेंटर की कुल संख्या 25 हो जाएगी। शाओमी के प्रीमियम सर्विस सेंटर अभी मदुरै, त्रिवेंद्रम, बैंगलोर, हैदराबाद, कोच्चि, चेन्नई, कोलकाता, दिल्ली, जयपुर, मुंबई, पुणे, अहमदाबाद, लुधियाना, सूरत, विशाखापत्तनम, इंदौर, सूरत और लखनऊ में चालू हैं। इस बारे में बात करते हुए, सुधीन माथुर, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, शाओमी इंडिया ने कहा कि हमारे पहले 10 प्रीमियम सर्विस सेंटर को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया ने यह पक्का कर दिया है कि आज ग्राहक ज्यादा तेज, ज्यादा भरोसेमंद और बेहतर अनुभव पर आधारित आफ्टर-सेल्स सपोर्ट को ज्यादा महत्व दे रहे हैं।

## अंग्रेजी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर**। हथौड़ी थाना क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 480 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है। इस दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया प्राप्त जानकारी के अनुसार, हथौड़ी थाना अध्यक्ष मौसम को गुप्त सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के मथुरापुर गांव स्थित वाटर वेज के पास भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब छिपाकर रखी गई है। सूचना के आधार पर थाना अध्यक्ष ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस बल के साथ मौके पर छापेमारी की छापेमारी के दौरान पुलिस ने कुल 480 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की। मौके से शराब कारोबार में संलिप्त एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मथुरापुर गांव निवासी 53 वर्षीय राजेंद्र दास, पिता स्वर्गीय गंगो दास के रूप में की गई है पुलिस ने बरामद शराब को जब्त करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

# शांति समिति की बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर**। आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर शिवाजी नगर थाना एवं हथौड़ी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता शिवाजीनगर थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार एवं बीडीओ आलोक कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से की बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी, समाजसेवी एवं दोनों थाना क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस दौरान अधिकारियों ने सभी से अपील की कि होली का त्योहार आपसी भाईचारे और प्रेम के साथ मनाएं। अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था भंग करने वालों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने स्पष्ट किया कि होली के दिन संवेदनशील स्थानों पर विशेष पुलिस बल की तैनाती की जाएगी तथा गश्ती दल लगातार भ्रमण करेगा। डीजे पर अश्लील गाने, जबरन रंग लगाने, शराब पीकर हुड़दंग करने और सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

बीडीओ आलोक कुमार सिंह ने कहा कि होली सामाजिक समरसता का पर्व है। सभी समुदाय के लोग मिल-जुलकर शांति और सौहार्द के साथ त्योहार मनाएं। प्रशासन हर स्थिति पर नजर बनाए हुए है और आमजन से सहयोग की अपेक्षा करता है।

बैठक में हथौड़ी अपर थाना अध्यक्ष सुरेश शाह, एसआई प्रियंका कुमारी सहित दोनों थानों के पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। अंत में सभी उपस्थित जनों ने एक स्वर में क्षेत्र में शांति एवं भाईचारा बनाए रखने का संकल्प लिया। मौके पर मुखिया नटवर कुमार राय, समाजसेवी संतोष कुमार सिंह, राम पुकार मंडल, पूर्व मुखिया अशोक कुमार सिंह, राम चन्द्र सिंह मुखिया अध्यक्ष, प्रेम कुमार सहनी, पूर्व मुखिया राजेश कुमार पासवान, मुखिया भरत सिंह, सरपंच रबिंद्र चौधरी सहित अन्य थे उपस्थित।

# रणवीर कपूर बने सलोनी और स्टेफिट के नए ब्रांड एंबेसडर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना**। महेश एडिबल ऑयल इंडस्ट्रीज ने अपने प्रमुख ब्रांड सलोनी (सरसों तेल और सोया बड़ी) और स्टेफिट (रिफाइंड तेल) के लिए रणबीर कपूर को ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने की घोषणा की है। यह साझेदारी, कंपनी के ब्रांड को राष्ट्रीय स्तर बनाने की और भारत भर के बाजार में अपनी पैठ को तेजी से बढाने के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

भारतभर की गृहिणियों की पसंद सलोनी सरसों तेल ने उनकी ही पसंद के हीरो रणबीर कपूर को अपना ब्रांड एंबेसडर चुना है, ताकि सलोनी हर रसोई की शान बन सके। साझेदारी कंपनी के राष्ट्रीय विस्तार और वित्तीय वर्ष 2026-27 में 25 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।




उत्तर और पूर्वी भारत में मजबूत उपस्थिति के बाद कंपनी अब पूरे भारत में विस्तार, ग्रामीण बाजारों में पहुंच, मजबूत ट्रेड मार्केटिंग और नए चैनल पार्टनर्स को जोड़ने पर फोकस कर रही है।कंपनी उच्च गुणवत्ता, शुद्धता और आधुनिक मैन्युफैक्चरिंग मानकों के साथ उपभोक्ता विश्वास को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। महेश एडिबल ऑयल इंडस्ट्रीज के निदेश महेश राठौड़ ने कहा, हमने क्वालिटी और उत्पादन क्षमता दोनों को मजबूत किया है। राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए हम पूरी तरह तैयार हैं।

## अभिभावक शिक्षक छात्र संगोष्ठी का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बेलागंज**। शनिवार को रामेश्वर प्लस टू उच्च विद्यालय बेलागंज में अभिभावक शिक्षक छात्र संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आए हुए अभिभावकों का अभिवादन विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद अबरार आलम ने किया और कहा की आप अपने बच्चों को समय विद्यालय भेजें। उनकी परीक्षा की तैयारी का अवलोकन करें।

समय-समय पर उनके होमवर्क को देखें और उनके खान-पान पोशाक रहन-सहन पर अभी हाल में वार्षिक परीक्षा होने वाली है इसमें इन्हें पढने के लिए प्रेरित करेंगे जो भी विद्यार्थी विद्यालय में आते हैं उनके चौमुखी विकास के लिए क्या ले सतत प्रयास कर रहा है। आपके सहयोग से ही विद्यार्थी को एक अच्छा इंसान विकासशील विद्यार्थी बनाने में हम सभी शिक्षक हैं। इस अवसर पर अभिभावकों से प्रधानाध्यापक में सेट बैक भी लिया और कहां आपका विद्यालय आना आपके बच्चों के भविष्य को उज्जवल बनाया था आप संपर्क में विद्यालय क्लास टीचर से अपने बच्चों की जानकारी दें। और हम लोग का सहयोग करें किस अवसर पर आज के प्रभारी प्रधानाध्यापक कन्हाई दास प्रेम रंजन कुमार रवि प्रकाश मालवीय सुनील कुमार रिजवान उल्ला, चंदन कुमार रीमा सिंह निशा कुमारी रिंकू कुमारी मानस कुमार सोनी कुमारी अंतरीना कुमारी ने अपने विचार व्यक्त किया और अभिभावक से परीक्षा पर चर्चा किया। अंत में आज के प्रभारी ने आए हुए अभिभावकों को धन्यवाद व्यक्त किया।

# बिहार पुलिस जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम में नशामुक्ति पर बल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रसूलपुर**। थाना क्षेत्र की देवपुरा पंचायत के खजुहान गांव में शनिवार को पुलिस जागरूकता सप्ताह मना। गांव के सेनानी पब्लिक स्कूल में आयोजित 'नो योर पुलिस' सह जागरूकता अभियान में नशा मुक्ति पर पुलिस द्वारा बल दिया गया। युवा थानाध्यक्ष राहुल कुमार श्रीवास्तव ने उपस्थित लोगों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से बताया तथा सभी से नशा मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करने की अपील की।

थानाध्यक्ष ने स्कूली बच्चों को पुलिस प्रशासन के कार्यों और कानून व्यवस्था के महत्व से अवगत कराया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों के बीच नशा मुक्ति विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता भी हुई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आयुष कुमार, द्वितीय स्थान शुभम कुमार तथा तृतीय स्थान अंजली कुमारी ने



प्राप्त किया।सभी विजेता प्रतिभागियों को मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते शिक्षक और समाजसेवी संतोष सेनानी यादव ने लोगों को नशा न करने व एक सुंदर एवं स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए प्रेरित किया। युवा समाजसेवी चंदन कुमार दुबे ने बच्चों को कानून का सम्मान करने और समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने की सीख दी। विद्यालय की निदेशिका अमृता कुमारी ने सभी अतिथियों, पुलिस अधिकारियों, ग्रामीणों का स्वागत किया।

मौके पर शिक्षक बलिराम दुबे, रवि शंकर राय, उमेश यादव, श्रुति कुमारी, निकिता कुमारी और काजल यादव भी उपस्थित रहे।

# अनियंत्रित वाहन ने दो सहेलियों को रौंदा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा**। गड़हनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आराझसासाराम स्टेट हाईवे पर गड़हनी बाजार स्थित मेला मोड़ के समीप शनिवार की सुबह एक अनियंत्रित वाहन ने दो सहेलियों को रौंद दिया।हादसे में एक युवती की मौत हो गई। जबकि उसकी सहेली गंभीर रूप से घायल हो गई। मृतका 20 वर्षीय काजल कुमारी गड़हनी थाना क्षेत्र अन्तर्गत बराप गांव निवासी अरूण पंडित की पुत्री थी।

हादसे के बाद पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है। चालक फरार हैं। दुर्घटना का कारण अनियंत्रित परिचालन बताया जा रहा है।

शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में कराया गया ?जानकारी के अनुसार, बराप गांव निवासी अरुण पंडित की पुत्री काजल कुमारी एवं उसी गांव के कमलेश कुमार गुप्ता की पुत्री मधु कुमारी शनिवार की सुबह पैदल अपने गांव से गड़हनी बाजार कंप्यूटर क्लास करने जा रही थीं।

इसी दौरान मेला मोड़ के समीप एक अनियंत्रित सवारी गाड़ी ने दोनों को रौंद दिया। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।हादसे में दोनों युवतियां गंभीर रूप से घायल हो गईं।

स्थानीय लोगों की सूचना पर स्वजन एवं पुलिस मौके पर पहुंचे और दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। अस्पताल लाने के दौरान काजल कुमारी ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घायल 21वर्षीय मधु कुमारी का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। सूचना मिलते ही गड़हनी थानाध्यक्ष कमलजीत पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और सवारी गाड़ी को जब्त कर लिया।

पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर स्वजन को सौंप दिया है तथा फरार चालक की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# अलीगढ़ पहुंची गांधी स्मृति यात्रा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अलीगढ़**। गांधी स्मृति यात्रा उत्तर प्रदेश में गांधी से जुड़े विभिन्न स्थलों का भ्रमण करती हुई हरियाणा और राजस्थान के उन स्थानों पर भी गई जहां गांधी के चरण पड़े थे। अजमेर शरीफ से लौटते हुए यात्रा अलीगढ़ पहुंची।अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी छात्र संग के पूर्व पदाधिकारी माजिन हुसैन से लंबी चर्चा हुई। गांधी जी के अलीगढ़ आगमन पर चर्चा हुई। 1917 में 28 नवंबर को गांधी दिल्ली से अलीगढ़ पहुंचे थे। उन्होंने अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के एंग्लो ओरिएंटल कॉलेज में भाषण दिया। उनके स्वागत में लायन पुस्तकालय के मैदान तक जुलूस निकाला गया। हिंदू मुस्लिम एकता तथा स्वदेशी पर अपनी बात रखी। 1920 में दूसरी बार मुरादाबाद होते हुए 12 अक्टूबर को गांधी यूनियन हाल में विद्यार्थियों से मुलाकात की। 13 अक्टूबर को अलीगढ़ से हाथरस, एटा और कासगंज गए।

तीसरी बार 1920 में ही 22 नवंबर को अलीगढ़ आने का जिक्र मिलता है। यहां वे राष्ट्रीय मुस्लिम विश्वविद्यालय के गठन के लिए संविधान तैयार करने वाली समिति में भाग लेने आए थे। चौथी बार 1921 में गांधी 5 अगस्त को बम्बई से अलीगढ़ पहुंचे थे। मुस्लिम विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया, प्रमुख व्यक्तियों से चर्चा की। महिलाओं और सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए मुरादाबाद चले गए।

1929 में पांचवीं बार मुस्लिम विश्वविद्यालय के उप कुलपति के आग्रह पर वे अलीगढ़ आए। सितंबर में उन्होंने छात्रों के बीच भावनात्मक वक्तव्य दिया। खलीफा उमर के सादगी का स्मरण कराया और कहा कि सारे संसार की दौलत उनके कदमों में पड़ी रहने पर भी वे हर तरह के आराम से दूर रहे। उन्होंने दरिद्र जनों से जीवंत संपर्क स्थापित करने के लिए खादी अपनाने की अपील की।

गांधी स्मृति यात्रा के यात्री, गांधी विचार मंच के अध्यक्ष, प्रोफेसर मनोज कुमार, बिहार सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष चंद्रभूषण, सर्व सेवा संघ के मंत्री विजय कुमार और सर्वोदयी महिला कार्यकर्ता सीमा कुमारी ने विश्वविद्यालय में गांधी की स्मृति को नमन किया। यहां यात्रा अजमेर शरीफ होते हुए आई थी। माजिन हुसैन ने बताया कि गांधी को हम अपने अंदर महसूस करते हैं।

मानवता का विचार, सद्भाव का विचार, हमें गांधी के नजदीक ले जाता है। उन्होंने छात्रों की भूमिका को भी रेखांकित किया और कहा कि आज भी गांधी यहां के युवाओं में जीवित है। विश्वविद्यालय खासकर छात्र युवा संगठन उनके स्मृति को भूल नहीं सकता। माजिन हुसैन को अलीगढ़ में गांधी विचार मंच का संयोजक नामित किया गया।

निर्णय लिया गया कि गांधी से जुड़े स्थानीय इतिहास का संकलन किया जाएगा। शांति सद्भावना के कार्यक्रम चलाए जाएंगे। गांधी विचार मंच की क्षेत्रीय इकाई खड़ी की जाएगी।

28 नवंबर 2026 को गांधी आगमन के 110 वर्ष के उपलक्ष में व्यापक कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। अपर फोर्ट में बैठक डॉ सलमान इम्तियाज अध्यक्ष छात्रसंघ की सदारत में बैठक हुई। बैठक में उपस्थित हुए।

# ओम क्लासेज के 8 बच्चे सैनिक स्कूल में चयनित




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रसूलपुर**। स्थानीय गाँव में संचालित आवासीय विद्यालय ओम क्लासेज ऑफ मैथमेटिक्स ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा को कायम रखते हुए अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में 8 विद्यार्थियों का चयन सुनिश्चित किया है।

गौरतलब है कि यह विद्यालय पिछले चार वर्षों से लगातार नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल एवं सिमुलतला जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में विद्यार्थियों का सफल चयन कराता आ रहा है। इस उपलब्धि पर विद्यालय के निदेशक अनूप दुबे एवं अन्य शिक्षकों ने सफल विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# ग्रामीण सड़कों के समयबद्ध निर्माण को लेकर विभाग सख्त, तय हुई डेड लाइन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** ग्रामीण कार्य विभाग के स्तर से राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों की आधारभूत संरचना और अर्थव्यवस्था के विकास के लिए उन्नत कोटि की बारहमासी सड़कों एवं पुलों के निर्माण के साथ ही सभी बसावटों को बारहमासी पक्की सड़कों से जोड़ने का काम युद्धस्तर पर जारी है। ग्रामीण कार्य विभाग के स्तर से शनिवार को अधिवेशन भवन में विभाग के सचिव दिवेश सेहरा की अध्यक्षता में विभागीय योजनाओं की प्रगति के लिए समीक्षा बैठक आयोजित की गई जहां विभागीय कार्यों की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में सभी कार्यों के त्वरित निष्पादन के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई है। इस क्रम में विभाग की तरफ से राज्य प्रायोजित मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना, ग्रामीण टोला निश्चय योजना, राज्य योजना (नाबार्ड), मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ नवीनीकरण एवं अनुरक्षण कार्यक्रम, मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना, ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना, सुलभ संपर्कता योजना, सात निश्चय पार्ट-3 एवं केंद्र प्रायोजित प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। उल्लेखनीय है कि सात निश्चय पार्ट-3 के तहत ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों का चरणबद्ध तरीके से चौड़ीकरण कर उन्हें इंटरमीडिएट लेन (5.5 मीटर) का निर्माण कराया जाना है। इसके अंतर्गत ग्रामीण सड़कों पर जेब्रा क्रॉसिंग और रिम्बल स्ट्रीप के निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति का भी मूल्यांकन किया गया। समीक्षा बैठक में विभाग के सचिव देवेश सेहरा इस योजना के प्रगति की समीक्षा की। सड़कों के चौड़ीकरण के लिए सरकारी भूमि की उपलब्धता की भी समीक्षा की गई। ग्रामीण कार्य विभाग के स्तर से संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत राज्य में लक्षित 1 लाख 29 हजार 990 बसावटों और 1 लाख 33 हजार 675 किलोमीटर सड़क एवं 4655 पुलों के निर्माण के बदले 1 लाख 20 हजार 876 बसावट को संपर्कता प्रदान की जा चुकी है।





# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 75वें जन्मदिन पर डॉ. प्रेम कुमार ने दी शुभकामनाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को उनके 75वें जन्मदिन पर स्वस्थ एवं सुदीर्घ जीवन की शुभकामनाएं दी हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने अपने संदेश में कहा कि नीतीश कुमार बिहार की प्रगति, उन्नति, संगठनात्मक एकता और राजनीतिक शुचिता के प्रतीक हैं। उनकी नेतृत्व क्षमता, दूरदर्शिता और जनसेवा की भावना ने राज्य को नई दिशा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में नीतीश कुमार ने विकासोन्मुख नीतियों और सुशासन की अवधारणा के माध्यम से बिहार को राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान दिलाई है। अध्यक्ष ने कहा कि नीतीश कुमार की सादगी, सरलता और सहजता ने उन्हें जनमानस के बीच विशेष स्थान दिलाया है। वे प्रबल राजनीतिक इच्छाशक्ति के धनी, नवसृजन के प्रेरक और युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनके नेतृत्व में राज्य में आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक न्याय के क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री का सार्वजनिक जीवन अनुशासन, पारदर्शिता और सेवा भाव का उदाहरण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके मार्गदर्शन में बिहार निरंतर विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करता रहेगा।



# एमिटी विश्वविद्यालय हरियाणा में सम्मानित हुए डॉ मुकेश कुमार ओझा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गुरुग्राम (हरियाणा)।** एमिटी विश्वविद्यालय हरियाणा की ओर से आयोजित शब्द-कोश रचना एवं अनुवाद (भारतीय ज्ञान परंपरा) के तृतीय अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में विहार संस्कृत संजीवन समाज के महासचिव, फिरोज गांधी महाविद्यालय पटना के संस्कृत विभागाध्यक्ष एवं आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मुकेश कुमार ओझा को संस्कृत भाषा में उत्कृष्ट योगदान हेतु एमिटी विश्वविद्यालय हरियाणा के कुलपति प्रो. पी बी शर्मा एवं निदेशक प्रो. संजय कुमार झा ने सम्मानित किया। इसके पूर्व डा. मुकेश कुमार ओझा को सार्वभौम संस्कृत प्रचार संस्थान वाराणसी की ओर से हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी में संस्कृत सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया था। मगध विश्वविद्यालय बोधगया, पटना विश्वविद्यालय, हिंदी साहित्य सम्मेलन बिहार, संस्कृत शिक्षा बोर्ड, संस्कृत अकादमी पटना, राजकीय संस्कृत महाविद्यालय पटना आदि अनेक संस्थाओं की ओर से भी सम्मानित किया जा चुका है। डॉ मुकेश कुमार ओझा सरल पद्धति से संस्कृत भाषा में बोलने ज्ञान 1986 से निरन्तर दशदिवसात्मक संस्कृत शिक्षण एवं सम्भषण शिविर के माध्यम से दे रहे हैं। कोरोना वायरस काल के बाद निरन्तर 41आनलाइन संस्कृत सम्भाषण शिविर भी चला चुके हैं जो आगे भी चलता रहेगा। इस सम्मान से सभी संस्कृत अनुरागियों में खुशी की लहर है।

# माटी कला बोर्ड गठन की मांग पर सदन में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव

## सरकार ने कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान सभा में बिहार शरीफ विधान सभा क्षेत्र से निर्वाचित सदस्य डॉ. सुनील कुमार तथा बाढ़ विधान सभा क्षेत्र से निर्वाचित सदस्य सियाराम सिंह ने राज्य में प्रजापति (कुम्हार) जाति के उत्थान के लिए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव प्रस्तुत कर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया। अपने प्रस्ताव में उन्होंने कहा कि प्रजापति समाज की बड़ी आबादी मिट्टी से बने मूर्ति, बर्तन तथा अन्य पारंपरिक उत्पादों के निर्माण से जुड़ी है। देश के राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों में प्रजापति (कुम्हार) समाज के कल्याण हेतु माटीकला बोर्ड का गठन किया गया है जो इस समुदाय के आर्थिक एवं सामाजिक विकास के लिए कार्य कर रहा है। उन्होंने राज्य सरकार से बिहार में भी माटीकला बोर्ड के गठन की मांग की। प्रस्ताव पर उद्योग मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल ने सरकार की ओर से जवाब देते हुए कहा कि राज्य सरकार बिहार में निवास करने वाले प्रजापति (कुम्हार) समाज तथा कुंभकारी व्यवसाय और माटी कला से जुड़े कर्मकारों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि उद्योग विभाग के नियंत्रणाधीन उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान, पटना द्वारा हस्तशिल्प की अन्य विधाओं के साथ माटी कला, टेराकोटा एवं सेरामिक कला में निःशुल्क छह माह का प्रशिक्षण दिया जाता है तथा प्रशिक्षुओं को मासिक छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाती है।

मंत्री ने कहा कि राज्य के माटी कला शिल्पियों द्वारा निर्मित उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। शिल्पियों को मेला और प्रदर्शनी में निःशुल्क बिक्री केंद्र उपलब्ध कराया जाता है तथा प्रति मेला प्रति शिल्पी पांच हजार रुपये यात्रा व्यय के रूप में दिए जाते हैं। इसके अतिरिक्त दरभंगा के मौलागंज में टेराकोटा के लिए वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार की एकीकृत विकास एवं प्रोत्साहन हस्तशिल्प योजना के अंतर्गत सामान्य सुविधा केंद्र स्थापित किया गया है, जिसका संचालन जीविका के माध्यम से किया जा रहा है। इस विषय पर अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने भी कहा कि राज्य में लगभग 28 लाख कुम्हार जाति के लोग हैं। उनके हितों को ध्यान में रखते हुए अन्य राज्यों की तर्ज पर माटी कला बोर्ड की स्थापना के संबंध में सरकार को समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई करनी चाहिए। सदन में इस मुद्दे पर गंभीर चर्चा हुई और सरकार ने समुदाय के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# डॉ. राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि पर विधानसभाध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने किया नमन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि पर बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। डॉ. प्रेम कुमार ने अपने संदेश में कहा कि बिहार की पावन धरती पर जन्मे डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने चंपारण सत्याग्रह से लेकर संविधान सभा तक राष्ट्र निर्माण की हर महत्वपूर्ण प्रक्रिया में अग्रणी भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के कठिन दौर में डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों को अपनाते हुए जनजागरण का कार्य किया और किसानों, वंचितों तथा आम जन के अधिकारों के लिए सतत संघर्ष किया। अध्यक्ष ने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद केवल एक राजनेता ही नहीं, बल्कि उच्च कोटि के शिक्षाविद् और विधिवेत्ता भी थे। संविधान सभा के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने लोकतांत्रिक मूल्यों, संवाद और सहमति की परंपरा को मजबूत आधार प्रदान किया। देश के प्रथम राष्ट्रपति के रूप में उनका कार्यकाल सादगी, नैतिकता और कर्तव्यनिष्ठा का आदर्श उदाहरण रहा।

डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि किसानों के मसीहा और समानता, एकता तथा सेवा के संदेशवाहक के रूप में डॉ. राजेंद्र प्रसाद का जीवन आज भी प्रेरणा का स्रोत है। उनके आदर्श वर्तमान पीढ़ी को राष्ट्रहित सर्वोपरि रखने, सामाजिक समरसता बनाए रखने और लोकतांत्रिक संस्थाओं को सुदृढ़ करने का मार्ग दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद का व्यक्तित्व भारतीय संस्कृति, त्याग और समर्पण की जीती-जागती मिसाल है।

# राजेंद्र बाबू की पुण्यतिथि मनाई गयी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डा. राजेन्द्र प्रसाद की 63वीं पुण्यतिथि सदाकत आश्रम में मनायी गयी। बिहार प्रदेश कांग्रेस अनुशासन कमिटी के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव के नेतृत्व में सदाकत आश्रम के उद्यान में स्थित डा. राजेन्द्र प्रसाद की प्रतिमा पर कांग्रेसजनों ने माल्यार्पण किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अनुशासन कमिटी के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद भारतीय स्वतंत्रता संग्राम, भारतीय संविधान निर्माण और राष्ट्र निर्माण के अतुलनीय पुरोधा थे। उनका सादा जीवन, उच्च विचार और देश के प्रति समर्पण आज भी हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। कांग्रेस पार्टी सामाजिक न्याय, समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी जो डॉ. राजेंद्र प्रसाद के आदर्शों की सच्ची विरासत है। कपिलदेव प्रसाद यादव ने कहा कि डा. राजेन्द्र प्रसाद में विलक्षण प्रतिभा के साथ-साथ उनका स्वाभाव भी बहुत ही मृदुल था। देश के प्रथम राष्ट्रपति का पद ग्रहण करने वाले राजेन्द्र बाबू सामान्य जीवन जीने में विश्वास रखते थे। उन्होंन कहा कि कांग्रेस पार्टी के लिये यह बड़े गर्व की बात है कि डा. राजेन्द्र प्रसाद 14 वर्षों से अधिक समय तक बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष पद को सुशोभित किये और सदाकत आश्रम में ही अंतिम सांस ली।



# बिहार विद्यापीठ में राजेन्द्र स्मृति समारोह एवं विज्ञान दिवस का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विद्यापीठ द्वारा संचालित देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि पर राजेन्द्र स्मृति समारोह तथा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह में बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश की उपस्थिति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम से पूर्व राजेन्द्र स्मृति संग्रहालय में प्रार्थना सभा आयोजित की गई जिसमें विजय प्रकाश, डॉ. तारा सिन्हा, डॉ. नीरज सिन्हा, निदेशक शिक्षा संस्कृति एवं संग्रहालय डॉ. मृदुला प्रकाश, प्राचार्या डॉ. पूनम वर्मा, सहायक प्राध्यापकगण, प्रशिक्षुगण एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने श्रद्धापूर्वक सहभागिता की। सुजाता वर्मा तथा सहायक प्राध्यापक कंचन कुमारी के नेतृत्व में देशरत्न के प्रिय भजन का सामूहिक गायन हुआ जिससे वातावरण श्रद्धामय हो उठा।



मुख्य समारोह में सचिव डॉ. राणा अवधेश, वित्त सचिव डॉ. नीरज सिन्हा, बीवी फाउंडेशन के मुख्य परिचालन पदाधिकारी प्रमोद कुमार कर्ण, संयुक्त सचिव अवधेश के नारायण, प्राचार्या डॉ. पूनम वर्मा सहित समस्त प्राध्यापक एवं प्रशिक्षु उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में डॉ. राणा अवधेश ने देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के सादगीपूर्ण जीवन, प्रखर बुद्धिमत्ता और सादा जीवन उच्च विचार की जीवन दृष्टि को रेखांकित किया। साथ ही महान वैज्ञानिक सीवी रमन के व्यक्तित्व और 'रमन प्रभाव' की वैज्ञानिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्हें 1930 में इस खोज के लिए नोबेल पुरस्कार प्राप्त हुआ। प्राचार्या डॉ. पूनम वर्मा ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की प्रासंगिकता रेखांकित करते हुए वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास में शिक्षक समुदाय की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। सहायक प्राध्यापक डॉ. शादमा साहिन के संयोजन में 'नवाचारों का भविष्य एवं सतत विकास के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी' विषय पर पैनल चर्चा हुई जिसमें प्रशिक्षु वेद, रोहित, विशाल और तारिक अजीज ने सक्रिय भागीदारी की। चर्चा में वैज्ञानिक जागरूकता, आलोचनात्मक चिंतन और प्रौद्योगिकी आधारित शिक्षण प्रक्रिया को अपनाने पर बल दिया गया। सहायक प्राध्यापक मंजरी चौधरी ने 'विज्ञान' कविता का प्रभावशाली पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन चन्द्रकान्त आर्य ने किया तथा समापन पर अवधेश के नारायण ने आभार व्यक्त करते हुए पर्यावरण संरक्षण, शून्य कार्बन उत्सर्जन और शून्य अपशिष्ट की दिशा में वैज्ञानिक प्रयासों की आवश्यकता रेखांकित की। राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ।

# होली से पूर्व केवाइपी भुगतान जारी करने की मांग, भुगतान नहीं तो आंदोलन तेज : केंद्र संचालकों ने दी चेतावनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कुशल युवा कार्यक्रम (केवाइपी) के लंबित भुगतान को लेकर राज्यभर के केंद्र संचालकों ने सरकार से होली पर्व से पूर्व भुगतान जारी करने की ठोस मांग की है। संचालकों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित अवधि में भुगतान निर्गत नहीं किया गया तो आंदोलन को तेज किया जाएगा। केंद्र संचालकों का कहना है कि पिछले चार महीनों से भुगतान लंबित है जबकि पूर्व में प्रत्येक माह नियमित रूप से राशि जारी होती थी। लगातार देरी से संस्थान आर्थिक दबाव में हैं। कर्मचारियों के वेतन, भवन किराया, बिजली बिल एवं अन्य आवश्यक खर्चों का वहन संचालकों को अपने संसाधनों से करना पड़ रहा है। 23 फरवरी 2026 को युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के सचिव को 20 सूत्री मांगपत्र सौंपा गया था। 28 फरवरी तक भुगतान का आश्वासन दिया गया था। विभाग की ओर से लिखित निर्देश भी जारी किया गया था, किंतु समयसीमा बीतने के बाद भी भुगतान निर्गत नहीं हुआ। केंद्र संचालकों का कहना है कि होली जैसे प्रमुख त्योहार से पूर्व भुगतान न होना हजारों कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न करेगा। उन्होंने सरकार से संवेदनशील रुख अपनाते हुए अविलंब भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की है।



केवाईपी वेलफेयर सोसाइटी, वैशाली के अध्यक्ष डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा यह केवल वित्तीय मुद्दा नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनशीलता का प्रश्न है। यदि होली से पूर्व भुगतान नहीं हुआ तो राज्यव्यापी चरणबद्ध और शांतिपूर्ण आंदोलन को और तेज किया जाएगा जिसमें सभी जिला स्तरीय एवं राज्य स्तरीय संगठन एक साथ मिलकर मोर्चा संभालेंगे। सभी संगठनों से बातचीत कर समन्वय स्थापित किया जा रहा है। फिलहाल विभाग की ओर से इस मामले में आधिकारिक प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हो सकी है।

# द टाइगर इवेंट्स व जय जानकी संगठन ने 101 महिलाओं को दिया प्रेरणा पदक सम्मान



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** के बी एन क्लब रामनगरी आशियाना में एक दिवसीय महिला प्रेरित सम्मान सीजन-2 का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि भोजपुरी जगत के मशहूर महानायक कुणाल सिंह, पटना के मेयर सीता साहु रहे और साथ में इस आयोजन के विशिष्ट अतिथि डिप्टी मेयर रेशमी चंद्रवंशी, निर्देशक राजू कुमार अपना संसार, जदयू के प्रदेश प्रवक्ता जदयू नेता धीरज सिंह कुशवाहा, अभिनेत्री/ बैंकर पूर्णिमा पदमासना, पुष्पा तिवारी, ज्योति सिन्हा, ब्रजेश कुमार, स्वाति प्रिया, जदयू प्रदेश प्रवक्ता अंजुम आरा, ग्रामीण स्वास्थ्य मित्र निर्देशक डॉ राजकुमार, आशीष कुमार, धीरज कुमार पाण्डेय और जस्टिस फॉर सोसायटी के संस्थापक अधिवक्ता डॉ प्रकाश रंजन समेत कई गणमान्य लोगों ने कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर महिला प्रेरित सम्मान सीजन -2 के महत्वपूर्ण विषय बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ, महिला सशक्तिकरण, स्वदेशी अपनाओ, आत्म निर्भर भारत, विकसित भारत-2047, वसुधैव कुटुम्बकम, स्वच्छ भारत, स्मार्ट सिटी विथ स्मार्ट माइंड तथा हमारा देश हमारी जिम्मेदारी आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक बताया गया।

# जे.डी. वीमेंस कॉलेज में 'समकालीन कथा साहित्य में सामाजिक प्रतिरोध' विषयक राष्ट्रीय सेमिनार का समापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जे.डी. वीमेंस कॉलेज के हिन्दी विभाग द्वारा मां प्रेमा फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का समापन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। सेमिनार का विषय था– 'समकालीन कथा साहित्य में सामाजिक प्रतिरोध'। समापन सत्र के मुख्य अतिथि, बिहार लोक सेवा आयोग के प्रतिनिधि अरुण कुमार भगत ने अपने संबोधन में कहा कि साहित्य में प्रतिरोध के स्वर तभी सार्थक हैं जब वे समाज को जोड़ने का कार्य करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि समाज को बांटने वाली रचनाओं की आवश्यकता नहीं है, बल्कि ऐसी कृतियों की रचना होनी चाहिए जिनसे समरसता, सद्भाव और सामाजिक संतुलन को बल मिले। उनके अनुसार साहित्य का उद्देश्य सामाजिक प्रतिरोध को उग्र बनाने के बजाय उसे सकारात्मक दिशा देकर समाज में सामंजस्य स्थापित करना होना चाहिए।




विशिष्ट अतिथि प्रो. ई. विजयलक्ष्मी, मणिपुर विश्वविद्यालय ने पूर्वोत्तर के साहित्य और वहां की सामाजिक परिस्थितियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सीमांचल क्षेत्रों की समस्याएं, घुसपैठ और सुरक्षा संबंधी चुनौतियां वहां के साहित्य में सामाजिक प्रतिरोध के रूप में अभिव्यक्त होती हैं। उन्होंने सीमा संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि पूर्वोत्तर भारत के कई क्षेत्रों तक अभी भी विकास की पर्याप्त पहुंच नहीं हो सकी है जिसे सुनिश्चित करना समय की मांग है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि साहित्य में प्रतिरोध स्वाभाविक है, किंतु वह सार्थक और रचनात्मक होना चाहिए। आयोजन अध्यक्ष प्रो. रेखा मिश्रा ने स्वागत भाषण देते हुए सेमिनार की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या प्रो. मीरा कुमारी ने की। आयोजन सचिव डॉ. नलिनी रंजन ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए कहा कि हिन्दी विभाग भविष्य में भी इस प्रकार के राष्ट्रीय सेमिनार एवं कार्यशालाओं का आयोजन करता रहेगा, ताकि साहित्यिक विमर्श को नई दिशा मिल सके।

# टेंडर हार्ट्स इंटरनेशनल स्कूल में होली मिलन समारोह संपन्न



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** टेंडर हार्ट्स इंटरनेशनल स्कूल, राजेंद्र नगर, रोड नंबर 6 में होली मिलन समारोह बड़े उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में शिशु कक्षा, प्राथमिक एवं उच्च माध्यमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। विशेष रूप से होली नृत्य ने उपस्थित सभी का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने 'होली खेले रघुवीरा' गीत पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया जिसे सभी ने खूब सराहा। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने प्राकृतिक रंगों से होली खेलने का संकल्प लिया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से सामाजिक सौहार्द एवं भाईचारे का प्रेरणादायी संदेश दिया। विद्यालय के निदेशक लायन राजीव भार्गव एवं प्रधानाचार्या लायन शिवानी भार्गव ने विद्यार्थियों को प्राकृतिक गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

# प्रभु आहार सेवा फाउंडेशन एवं आधार फाउंडेशन ने रेनबो होम के बच्चों संग मनाई होली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** होली के पावन अवसर पर प्रभु आहार सेवा फाउंडेशन एवं आधार फाउंडेशन द्वारा सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश करते हुए कुम्हरार स्थित रेनबो होम में रहने वाले बच्चों के बीच पिचकारी, गुलाल, रंग एवं पंचमेवा का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के साथ रंगों का उत्सव मनाते हुए उन्हें भारतीय संस्कृति और परंपराओं से अवगत कराना था। इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए राकेश कुमार ने होली के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि होली बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक पर्व है। पौराणिक कथा के अनुसार होलिका अग्नि में जलकर भस्म हो गई जबकि भगवान विष्णु के परम भक्त प्रह्लाद सुरक्षित बच गए और उनका विश्वास अडिग रहा। इसी विजय की स्मृति में होलिका दहन किया जाता है। धर्मराज केसरी ने अपने संबोधन में कहा कि होली भारत का एक ऐसा उत्सव है जो विभिन्न समुदायों, आयु वर्गों और सामाजिक पृष्ठभूमि के लोगों को एक सूत्र में बांधता है। रंगों के माध्यम से हम आपसी प्रेम, भाईचारे और सद्भाव का संदेश देते हैं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने उत्साहपूर्वक रंगों के साथ होली खेली और सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राकेश कुमार, एमपी जैन, मुकेश जैन, धर्मराज केसरी, दुर्गा राय, अनिल अग्निहोत्री, शंभु बाबा, पवन कुमार एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। प्रभु आहार सेवा फाउंडेशन एवं आधार फाउंडेशन द्वारा भविष्य में भी जरूरतमंदों की सेवा के ऐसे कार्यक्रम निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया गया।



# ससुराल नहीं जाने से नाराज पति ने की पत्नी की हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दानापुर।** होली पर्व में ससुराल नहीं जाने से नाराज व तीखी नोक झोक के बाद पति ने अपनी पत्नी की बेरहमी से पीट पीट कर हत्या कर दी। मामला दानापुर थाना क्षेत्र के गोला रोड के श्री राम नगर, लेन नंबर 1 की है। मृतका की पहचान सोनू कुमार सिंह की पत्नी चांदनी कुमारी के रूप में हुई है जो पीएमसीएच में सीनियर नर्स के रूप में कार्यरत थी। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया एवं आरोपित पति को हिरासत में ले लिया। आरोपित पति ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार शाम की उसने अपनी पत्नी चांदनी से होली पर ससुराल छपरा जाने के लिए कहा। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। पति सोनू ने उसे बेहरमी से पीट पीट कर मार डाला।

# दादी मंदिर में अखण्ड ज्योत एवं सवामणी भंडारा का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** श्री शक्तिधाम सेवा न्यास द्वारा बैंक रोड में 25 फरवरी से प्रारंभ हुए पांच दिवसीय श्री श्याम फागुन महोत्सव के चौथे दिन अखंड ज्योत जला। मौके पर शक्तिधाम के मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने बताया कि अखण्ड ज्योत जलाया गया। मंदिर सुबह से ही हजारों की संख्या में श्रद्धालु की भीड़ चूरमा एवं खीर से भगवान को भोग लगाने के लिए लाइन में लगे रहे। इसके बाद श्रद्धालुओं को उनकी सवामनी प्रसाद का वितरण किया गया। एम पी जैन ने बताया कि आज के समारोह को सफल बनाने में अमर अग्रवाल, सुरेश झुनझुनवाला, पवन भगत, सूर्य नारायण, अक्षय अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, निर्मल अग्रवाल, रमेश मोदी, विमल माधोगढिया, रमेश केडिया, दीपक भुवानिया सहित काफी संख्या में लोग लगे हुए थे।

# संपादकीय

## भाईचारा ही लोकतंत्र की असली ताकत

सवाल है कि किसी व्यक्ति या समुदाय को लक्ष्य कर बोलने की आजादी के तहत जो भी कहा जाता है, क्या कभी उसके आधार और असर को लेकर भी विचार करने की कोशिश की जाती है। भारत में लोकतंत्र की परंपरा बहुत मजबूत रही है और यहां नागरिकों को अभिव्यक्ति की आजादी का अधिकार संविधान के तहत मिला हुआ है। मगर इसके साथ ही कुछ जिम्मेदारियां भी अभिन्न हैं, जो आपस में मिल कर ही देश में सद्भाव और सहयोग पर आधारित समाज को जीवन देती हैं। विडंबना यह है कि कई बार अभिव्यक्ति की आजादी पर पूर्वाग्रह और महज धारणा पर आधारित राय हावी दिखती है और इसे किसी व्यक्ति या समुदाय को कठघरे में खड़ा करने का औजार बना लिया जाता है।अपनी प्रभावी संप्रेषण शक्ति और लोगों तक व्यापक पहुंच रखने वाले कला माध्यम के रूप में फिल्मों में अभिव्यक्ति के रचनात्मक पक्ष का इस्तेमाल करते हुए बड़े से बड़े प्रश्नों पर विचार किया जाता रहा है और इसे सभी स्तरों पर स्वीकार्यता भी मिलती रही है। मगर अफसोस की बात यह भी है कि इसी सुविधा का कई बार गलत फायदा भी उठाया जाता है। अभिव्यक्ति के नाम पर किसी फिल्म में परोसी गई कहानी के जरिए किसी समुदाय के बारे में गलत धारणा बनाने की कोशिश की जाती है।इसी तरह, कुछ नेता भी अपनी जिम्मेदारियों और सीमाओं को ताक पर रख कर बेहिचक ऐसे बयान देते हैं, जिससे अलग-अलग समुदायों के बीच द्वेष पैदा होता है। जबकि इसका नतीजा इस रूप में भी सामने आ सकता है कि अलग-अलग समुदायों के बीच सद्भावना आधारित संवाद या संबंध पीछे छूट जाए।जाहिर है, देश को इसके दूरगामी नुकसान हो सकते हैं। शायद यही वजह है कि हाल ही में अपने शीर्षक की वजह से विवाद के घेरे में आई एक फिल्म पर विचार करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सद्भाव के लिए भाईचारा जरूरी है। इस मामले में न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां ने अपने अलग फैसले में कहा कि सरकारी और गैरसरकारी सहित किसी भी जानी-मानी हस्ती और खासतौर पर ऊंचे संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों के लिए भाषण, मीम, कार्टून या दृश्य माध्यमों के जरिए किसी भी समुदाय को बदनाम करना, उस पर धर्म, जाति, भाषा या क्षेत्र के आधार पर निशाना साधना संविधान का उल्लंघन है।दरअसल, पिछले कुछ समय से देश भर में अलग-अलग संदर्भ में कुछ नेताओं के बयानों या फिल्मों ने कई बार विवाद की स्थिति खड़ी कर दी। सार्वजनिक रूप से वैसी बातें करने में भी संकोच नहीं किया गया, जिसका कोई मजबूत आधार नहीं था, लेकिन उसने जन मानस के बीच राय बनाने में भूमिका निभाई। वे फिल्मों में चित्रित ब्योरे हों या किसी नेता का बयान, ऐसे अनेक मौके सामने आए, जब उसकी वजह से नाहक विवाद खड़ा हुआ।

**हर वर्ष फरवरी और मार्च का महीना आते ही देश के लाखों घरों में एक अलग-सी गंभीरता उतर आती है। पढ़ाई की मेज पर किताबों का ढेर बढ़ जाता है, दीवारों पर चिपके परीक्षा कार्यक्रम घर की दिनचर्या तय करने लगते हैं और बातचीत का केंद्र एक ही विषय रह जाता है- बोर्ड परीक्षा। दसवीं और बारहवीं की ये परीक्षाएं हर साल आती हैं, लेकिन इनके साथ जुड़ा तनाव और सामाजिक दबाव भी लगभग उतनी ही नियमितता से लौटता है। दरअसल, यह सिर्फ विद्यार्थियों की परीक्षा नहीं होती, यह परिवारों, विद्यालयों और पूरे सामाजिक परिवेश की मानसिकता की भी परीक्षा होती है। हमारी शिक्षा संस्कृति में बोर्ड परीक्षाओं को एक निर्णायक मोड़ की तरह देखने की परंपरा रही है। परिणाम आते ही फीसद के आधार पर बच्चों की क्षमता और पहचान तय कर दी जाती है। कुछ अंक ऊपर-नीचे होते ही किसी को मेधावी, किसी को औसत और किसी को कमजोर मान लिया जाता है।**

## बोर्ड परीक्षा- शिक्षा की कसौटी या सामाजिक प्रतिष्ठा का युद्ध?


(शिवम भारद्वाज)

यह प्रवृत्ति धीरे-धीरे बच्चों के मन में यह धारणा बना देती है कि उनका पूरा भविष्य कुछ अंकों पर टिका हुआ है। यहीं से परीक्षा सीखने की स्वाभाविक प्रक्रिया न रहकर सामाजिक प्रतिष्ठा का प्रश्न बन जाती है। किशोरावस्था का समय अपने आप में संवेदनशील होता है। यही वह दौर है, जब बच्चे अपनी क्षमताओं को पहचान रहे होते हैं और आत्मविश्वास विकसित कर रहे होते हैं। ऐसे समय में बोर्ड परीक्षा उनके सामने पहली बड़ी सार्वजनिक चुनौती बनकर आती है।

परिणाम केवल परिवार तक सीमित नहीं रहता, बल्कि रिश्तेदारों, पड़ोसियों और समाज की चर्चा का विषय बन जाता है। स्वाभाविक है कि ऐसी स्थिति में बच्चों के मन में चिंता और दबाव बढ़ता है, और कई बार यह दबाव पढ़ाई से अधिक उनके आत्मविश्वास को प्रभावित करता है। यहां एक बुनियादी सवाल यह है कि क्या कुछ घंटों की परीक्षा में मिले अंक किसी विद्यार्थी की पूरी योग्यता तय कर सकते हैं? शिक्षा का उद्देश्य केवल अंक जुटाना नहीं, बल्कि समझ, कौशल और व्यक्तित्व का विकास करना है, लेकिन जब पूरी चर्चा अंकों तक सिमट जाती है, तो सीखने की प्रक्रिया पीछे छूट जाती है और प्रतिस्पर्धा आगे आ जाती है।

नई शिक्षा नीति बहुआयामी मूल्यांकन, कौशल आधारित शिक्षा और सतत आकलन की बात करती है, लेकिन सामाजिक व्यवहार अब भी अंकों को ही अंतिम सत्य मानने का आदी है। यह विरोधाभास ही परीक्षा के आसपास अनावश्यक दबाव पैदा करता है। परीक्षा के समय बच्चों पर इस दबाव का असर साफ दिखाई देता है। उनकी नींद कम हो जाती है, दिनचर्या असंतुलित हो जाती है और आत्मविश्वास की जगह चिंता ले लेती है। कई बार मेहनती छात्र भी परीक्षा कक्ष में अपने ही डर से हार जाते हैं। इस डर से किसी बच्चे का आत्महत्या कर लेना बेहद त्रासद है। यह स्थिति बताती है कि समस्या पढ़ाई की कमी नहीं, बल्कि दबाव की अधिकता है।

जब मन आशंकाओं से भरा होता है, तो याद की हुई बातें भी स्पष्ट नहीं रह पातीं। इसीलिए तैयारी का अर्थ केवल पाठ्यक्रम पूरा करना नहीं, बल्कि मानसिक संतुलन बनाए रखना भी है। परीक्षा की दृष्टि से ऐसे समय में बच्चों के लिए संतुलित तैयारी सबसे जरूरी होती है। नियमित दिनचर्या, पर्याप्त नींद, हल्की शारीरिक गतिविधि और समझ के साथ की गई पढ़ाई- ये सभी बातें उनकी क्षमता को बेहतर बनाती हैं। बिना रुके घंटों पढ़ना हमेशा बेहतर परिणाम नहीं देता, बल्कि संतुलित और समझ पर आधारित तैयारी ही आत्मविश्वास पैदा करती है। परीक्षा के दिनों में यह समझना जरूरी है कि शरीर और मन दोनों को साथ लेकर चलना ही असली तैयारी है।



परीक्षा के नजदीक आने पर दबाव में आकर की गई पढ़ाई के नतीजे ज्यादा ठोस और सार्थक नहीं निकलते। इससे संभव है कि विद्यार्थी परीक्षा पास कर जाए, लेकिन ज्ञान और विवेक के स्तर पर जो मजबूती आनी चाहिए, वह नहीं आ पाती। इस दौर में अभिभावकों की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण हो जाती है। अधिकांश माता-पिता बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित रहते हैं, लेकिन कई बार यही चिंता दबाव में बदल जाती है। तुलना, अपेक्षाओं की लगातार चर्चा या परिणाम को लेकर डराने वाली बातें बच्चों के मन में असुरक्षा पैदा करती हैं। इसके विपरीत, घर का शांत वातावरण, भरोसे से भरी बातचीत और नियमित दिनचर्या बच्चों को मानसिक स्थिरता देती है। जब बच्चे यह महसूस करते हैं कि उनका मूल्य केवल अंकों से नहीं तय होगा, तो वे अधिक सहज होकर अपनी तैयारी पर ध्यान दे पाते हैं। शिक्षण संस्थानों की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। स्कूलों की रैंकिंग, सबसे ज्यादा अंक लाने वाले विद्यार्थियों की सूचियां और फीसद आधारित प्रतिष्ठा की होड़ कई बार बच्चों को अनावश्यक प्रतिस्पर्धा में धकेल देती है। शिक्षा का उद्देश्य जहां समझ और आलोचनात्मक विवेक विकसित करना होना चाहिए, वहां परिणाम संस्थानों की साख का पैमाना बन जाता है। अगर विद्यालय परीक्षा को सीखने की प्रक्रिया का हिस्सा मानकर चलें और काउंसलिंग, संवाद तथा समय प्रबंधन पर ध्यान दें, तो दबाव काफी हद तक कम किया जा सकता है। ऐसे समय में शिक्षक केवल विषय पढ़ाने वाले व्यक्ति नहीं रहते, बल्कि विद्यार्थियों के मार्गदर्शक बन जाते हैं। एक शिक्षक का संतुलित व्यवहार, परीक्षा से पहले दिए गए व्यावहारिक सुझाव या एक भरोसा दिलाने वाला वाक्य- ये सब बच्चों के मनोबल को मजबूत करते हैं। कई विद्यार्थियों के लिए शिक्षक की एक सकारात्मक टिप्पणी ही परीक्षा के दबाव के बीच सहारा बन जाती है। इस संबंध में समाज और मीडिया में जो उत्तेजना देखी जाती है, उसके मद्देनजर इनकी भूमिका पर भी विचार आवश्यक है। परिणाम आते ही सुर्खियां सबसे ज्यादा अंक लाने वाले विद्यार्थियों के इर्द-गिर्द घूमने लगती हैं। यह प्रेरक हो सकता है, लेकिन जब पूरी चर्चा उसी तक सीमित रह जाती है, तो एक संदेश फैलता है कि सफलता का एक ही पैमाना है- अधिकतम अंक। यह दृष्टिकोण न तो वास्तविक है और न उपयोगी। जीवन के रास्ते केवल बोर्ड परीक्षा के परिणाम से तय नहीं होते। आज का शैक्षिक और व्यावसायिक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। पारंपरिक डिग्रियों के साथ-साथ कौशल आधारित शिक्षा, तकनीकी क्षेत्रों, रचनात्मक पेशों और उद्यमिता के अवसर लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसे में बोर्ड परीक्षा को जीवन का अंतिम निर्णय मान लेना यथार्थ से दूर की सोच है। अच्छे अंक अवसरों के दरवाजे खोलते हैं, लेकिन कम अंक जीवन के रास्ते बंद नहीं करते। दरअसल, बोर्ड परीक्षा को एक ऐसे पड़ाव की तरह देखना चाहिए, जो बच्चों को अनुशासन, समय प्रबंधन और लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना सिखाता है। यह जीवन की लंबी यात्रा का एक चरण है, मंजिल नहीं। जब समाज इस सरल सत्य को स्वीकार करेगा, तब परीक्षा के आसपास का दबाव कम होने लगेगा। इस पूरी प्रक्रिया में तीनों पक्ष- बच्चे, अभिभावक और शिक्षण संस्थान- एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। बच्चों को मेहनत और समझ के साथ तैयारी करनी है, अभिभावकों को भरोसे का वातावरण बनाना है और स्कूलों को मार्गदर्शक की भूमिका निभानी है। जब यह संतुलन बनता है, तभी परीक्षा एक स्वस्थ अनुभव बनती है। हर साल बोर्ड परीक्षाएं होंगी, परिणाम आएंगे और नई पीढ़ियां इस प्रक्रिया से गुजरती रहेंगी, लेकिन किसी भी शिक्षा व्यवस्था की सफलता अंकों की सूची से नहीं, बल्कि उन बच्चों के आत्मविश्वास से तय होती है, जो परीक्षा के बाद जीवन में आगे बढ़ते हैं। अगर परीक्षा उन्हें संतुलन, मेहनत और विश्वास सिखाती है, तो वही उसकी असली सार्थकता है। और अगर वह उन्हें डर, तुलना और असुरक्षा में उलझा देती है, तो समस्या अंकों में नहीं, हमारी सोच में है।

## शीर्ष माओवादी नेताओं के आत्मसमर्पण के साथ नक्सलवाद मुक्त होने की राह पर बढ़ा देश

(नीरज कुमार दुबे)

हम आपको बता दें कि करीब साठ से बासठ वर्ष का देवजी तेलंगाना के जगत्याल जिले के कोरुतला कस्बे के अंबेडकर नगर का निवासी है। दलित माला परिवार से आने वाले देवजी ने इंटरमीडिएट की पढ़ाई के दौरान ही कट्टर वामपंथी विचारधारा की ओर रुख कर लिया था। तेलंगाना और छत्तीसगढ़ की सरहद से आई एक खबर ने दशकों से चल रहे माओवादी आंदोलन की कमर तोड़ कर रख दी है। प्रतिबंधित संगठन सीपीआई माओवादी के शीर्ष कमांडर और प्रमुख रणनीतिकार टिप्परी तिरुपति उर्फ देवजी तथा वरिष्ठ नेता मल्ला राजी रेड्डी उर्फ संग्राम का आत्मसमर्पण उस अभियान की निर्णायक कड़ी बन गया है, जिसे केंद्र सरकार ने मार्च 2026 तक नक्सलवाद के पूर्ण उन्मूलन के लक्ष्य के साथ शुरू किया था। हम आपको बता दें कि करीब साठ से बासठ वर्ष का देवजी तेलंगाना के जगत्याल जिले के कोरुतला कस्बे के अंबेडकर नगर का निवासी है। दलित माला परिवार से आने वाले देवजी ने इंटरमीडिएट की पढ़ाई के दौरान ही कट्टर वामपंथी विचारधारा की ओर रुख कर लिया था। 1982 में वह रेडिकल स्टूडेंट यूनियन से जुड़ा था। उसी दौर में करीमनगर जिले में आरएसयू और एबीवीपी कार्यकर्ताओं के बीच झड़पें हुईं और एक मामले में उसका नाम आरोपी के रूप में सामने आया।

1983 में उसने सीपीआई एमएल पीपुल्स वार ग्रुप का दामन थामा और भूमिगत हो गया। 1983 से 1984 के बीच वह गढ़चिरोली दलम का सदस्य रहा। 1985 में एरिया कमेटी सदस्य बना और 2001 में केंद्रीय समिति में जगह पाई। 2016 में उसे केंद्रीय सैन्य आयोग का प्रभारी बनाया गया।

देवजी को पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी के गठन का श्रेय दिया जाता है। वह संगठन की केंद्रीय समिति और पोलित ब्यूरो का सदस्य रहा तथा दक्षिण भारत जोन और सेंट्रल रीजनल ब्यूरो में सैन्य रणनीति का मुख्य मार्गदर्शक बना। सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक 2010 के दंतेवाड़ा हमले सहित कई बड़े हमलों की साजिश से उसका संबंध रहा है। उस पर एक से ढाई करोड़ रुपये तक का इनाम घोषित था।

मई 2025 में सीपीआई माओवादी के महासचिव नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजु की मौत के बाद माना जा रहा था कि देवजी ने संगठन की कमान संभाली। ऐसे समय में उसके आत्मसमर्पण ने संगठन के नेतृत्व को लगभग शून्य में ला खड़ा किया है।

देखा जाये तो पिछले एक वर्ष में देशभर में 2793 कैडर ने आत्मसमर्पण किया, जिनमें 1590 केवल बस्तर क्षेत्र से थे। 2025 में 1040, 2024 में 881, 2023 में 376 और 2022 में 496 आत्मसमर्पण दर्ज हुए। केवल तेलंगाना में पिछले दो वर्षों में 588 माओवादी नेता और कैडर सामान्य जीवन में लौटे हैं।

हम आपको याद दिला दें कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट ऐलान किया था कि 31 मार्च तक देश से माओवादी उग्रवाद पूरी तरह समाप्त कर दिया जाएगा। उनका यह बयान जमीनी हकीकत पर आधारित दिखता है। तीन वर्षों में व्यापक अभियान, सटीक खुफिया समन्वय, राज्यों के बीच तालमेल और पुनर्वास नीति के संयोजन ने माओवाद की रीढ़ तोड़ दी है। सुरक्षा बलों ने साफ संदेश दिया था कि या तो आत्मसमर्पण करें या तीव्र अभियान में समाप्त कर दिए जाएंगे। देवजी और राजी रेड्डी का आत्मसमर्पण उसी संदेश की परिणति है।

अब जब माओवादी संगठन के शीर्ष चार केंद्रीय समिति सदस्य में से दो ने हथियार डाल दिए, तो यह माना जा सकता है कि माओवादी आंदोलन अपने अंतिम दौर में है। अमित शाह का संकल्प अब लगभग साकार होता दिख रहा है। दशकों तक खून और हिंसा से दागदार रहे इलाकों में अब शांति, विकास और लोकतांत्रिक मुख्यधारा की उम्मीद मजबूत हुई है।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## पेट भरा फिर भी कुपोषण, अनाज उत्पादन में आत्मनिर्भर भारत के सामने गहराता 'मौन संकट'

(नृपेंद्र अभिषेक नृप)

**दुनिया के चावल और गेहूं के बड़े उत्पादक देशों में शामिल होने के बावजूद भारत में रक्त की कमी, ठिगनापन और कम वजन की समस्या बनी हुई है। भूख के विरुद्ध हमारी लंबी लड़ाई ने खेतों को लहलहाया, भंडारों को भरा और अन्न की कमी को काफी हद तक दूर किया। मगर, इस उपलब्धि के बीच एक मौन संकट पनपता रहा और वह है पोषण की कमी। पेट तो भर गया, पर शरीर को वह संपूर्ण ऊर्जा नहीं मिल सकी, जो स्वस्थ जीवन का मूल आधार है। कई दशकों तक दुनिया भर में भूख से लड़ने का मुख्य उपाय यही माना गया कि अधिक से अधिक खाद्यान्न पैदा किया जाए। हरित क्रांति और उसके बाद कृषि के आधुनिकीकरण ने भारत जैसे देशों को खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भरता की राह दिखाई।**

मगर आज चुनौती केवल पेट भरने की नहीं है, बल्कि शरीर को सही पोषण देने की भी है। यह दोहरी समस्या हमें कृषि नीतियों, फसल विकास की दिशा और खाद्य व्यवस्था पर गंभीरता से पुनर्विचार करने की ओर इशारा करती है। फसलों की नई-नई किस्में इस उद्देश्य से विकसित की गई थीं कि प्रति हेक्टेयर उत्पादन अधिकतम हो सके। इन किस्मों ने खेती की तस्वीर बदल दी और लाखों लोगों को भुखमरी से बचाया। मगर जब पूरी प्राथमिकता उपज बढ़ाने पर केंद्रित हो गई, तब फसलों के पोषण मूल्य पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया गया। कई अध्ययनों से संकेत मिला है कि गेहूं और चावल जैसे खाद्यान्न की आधुनिक किस्मों में लौह तत्त्व, जिंक और कुछ विटामिन की मात्रा पारंपरिक देसी किस्मों की तुलना में कम हो सकती है। भले ही यह अंतर बहुत बड़ा न हो, लेकिन जिस समाज का भोजन मुख्य रूप से अनाज पर आधारित है, वहां इसका प्रभाव व्यापक हो सकता है। जब आहार में विविधता कम हो और अधिकांश भोजन केवल एक-दो फसलों पर निर्भर हो, तब पोषक तत्त्वों में हल्की-सी कमी भी बड़े पैमाने पर कुपोषण का कारण बन जाती है। भारत में पोषण की मौजूदा स्थिति इस सच्चाई को स्पष्ट करती है।

दुनिया के चावल और गेहूं के बड़े उत्पादक देशों में शामिल होने के बावजूद भारत में रक्त की कमी, ठिगनापन और कम वजन की समस्या बनी हुई है। विशेषकर प्रजनन आयु की महिलाएं और छोटे बच्चे इससे अधिक प्रभावित हैं। विभिन्न राष्ट्रीय सर्वेक्षणों और वैश्विक रपटों से यह बात सामने आती रही है कि खाद्य सुरक्षा और पोषण सुरक्षा एक ही बात नहीं है। केवल अनाज की उपलब्धता बढ़ जाने से पोषण की समस्या हल नहीं होती। महिलाओं और बच्चों में रक्त की कमी का बने रहना इस बात का प्रमाण है कि उन्हें जरूरी लौह तत्त्व और अन्य सूक्ष्म पोषक तत्त्व पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की एक रपट के अनुसार, भारत में वर्ष 2024 में पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में से 18.7 फीसद कुपोषण से पीड़ित थे। इसी तरह राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (2019-21) के मुताबिक, देश में पांच वर्ष से कम उम्र के 35.5 फीसद बच्चे बौने हैं। इससे एक बात तो स्पष्ट है कि केवल यह देखना पर्याप्त नहीं है कि कितना खाद्यान्न पैदा हो रहा है; यह भी उतना ही महत्त्वपूर्ण है कि उस खाद्यान्न में पोषक तत्त्वों की स्थिति क्या है।

इन चुनौतियों को समझते हुए कृषि अनुसंधान संस्थानों ने अब पोषक तत्त्वों से भरपूर किस्में विकसित करने की दिशा में काम शुरू किया है। जैव-संवर्धन इसी प्रयास की एक अहम कड़ी है। इसमें फसलों की ऐसी किस्में विकसित की जाती हैं, जिनमें प्राकृतिक रूप से पोषक तत्त्वों की मात्रा अधिक हो। यह समाधान टिकाऊ है, क्योंकि इसमें फसल की कटाई के बाद अलग से पोषक तत्त्व मिलाने की आवश्यकता नहीं होती, बल्कि पोषण सीधे खेत से ही भोजन में पहुंचता है।

फिर भी केवल तकनीकी उपाय पर्याप्त नहीं हैं। कृषि नीति में व्यापक दृष्टिकोण अपनाना होगा, जिसमें आहार की विविधता को महत्त्व दिया जाए। पारंपरिक खेती में दालें, मोटे अनाज, तिलहन, फल और सब्जियां सब शामिल होते थे, जिससे संतुलित पोषण मिलता था। मगर समय के साथ एक ही प्रकार की फसलों पर निर्भरता बढ़ी और खेतों की विविधता कम हो गई। जबकि मोटे अनाज जैसे बाजरा, ज्वार और रागी पोषक तत्त्वों से भरपूर होते हैं और सूखे की स्थिति में इनकी पैदावार अच्छी होती है। इन्हें 'पोषक अनाज' के रूप में फिर से बढ़ावा देना कुपोषण से लड़ने का सशक्त माध्यम हो सकता है।

मिट्टी का स्वास्थ्य भी इस पूरी प्रक्रिया में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यदि मिट्टी में सूक्ष्म पोषक तत्त्वों की कमी होगी, तो फसलों में भी उनकी मात्रा कम हो सकती है। रासायनिक उर्वरकों के असंतुलित



उपयोग और जैविक पदार्थों की कमी से मिट्टी की गुणवत्ता प्रभावित होती है। इसलिए संतुलित उर्वरक प्रयोग, फसल चक्र, जैविक खाद और मिट्टी परीक्षण जैसी पद्धतियों को बढ़ावा देना आवश्यक है। स्वस्थ मिट्टी में उगाई गई फसलें न केवल अधिक उत्पादन देती हैं, बल्कि बेहतर पोषण भी प्रदान करती हैं। इस प्रकार मिट्टी की सेहत, फसल की गुणवत्ता और मानव स्वास्थ्य एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं।

ऐसे में सार्वजनिक वितरण प्रणाली और खाद्य सहायता कार्यक्रमों में भी बदलाव की आवश्यकता है। अब तक इनका मुख्य उद्देश्य लोगों को पर्याप्त अनाज उपलब्ध कराना रहा है। यदि इन्हीं प्रणालियों के माध्यम से पोषक तत्त्वों से भरपूर अनाज, दालें और अन्य खाद्य पदार्थ वितरित किए जाएं, तो पोषण सुधार में खासी मदद मिल सकती है। विद्यालयों के मध्याह्न भोजन और गर्भवती महिलाओं के लिए पोषण योजनाओं में स्थानीय तथा विविध खाद्य पदार्थों को शामिल करने से उनकी सेहत में सुधार हो सकता है।

खाद्यान्न के प्रति उपभोक्ताओं की जागरूकता भी उतनी ही जरूरी है। शहरीकरण और बदलती जीवनशैली के कारण लोग अधिक प्रसंस्कृत और डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। ये खाद्य पदार्थ ऊर्जा तो देते हैं, परंतु उनमें पोषक तत्त्वों की कमी होती है। संतुलित आहार, साबुत अनाज, दालें, फल और सब्जियों के महत्त्व को समझाने के लिए जन-जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए। यदि परिवारों, विशेषकर माताओं को सही जानकारी मिले, तो बच्चों के पोषण स्तर में उल्लेखनीय सुधार हो सकता है।

देखा जाए तो आर्थिक पहलू भी इस समस्या से जुड़े हुए हैं। किसान वही फसल उगाते हैं, जिसकी बाजार में मांग और उचित मूल्य मिलता है। यदि पोषक तत्त्वों से भरपूर फसलों को पर्याप्त समर्थन मूल्य और बाजार उपलब्ध नहीं होगा, तो जाहिर है कि किसान उनमें ज्यादा रुचि नहीं लेंगे और उनका उत्पादन सीमित ही रहेगा। इसलिए सरकार को व्यापक स्तर पर ऐसी नीतियां और योजनाएं बनानी चाहिए, जो किसानों को विविध एवं पोषक फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित करें।

इन सब के बीच जलवायु परिवर्तन भी एक नई चुनौती बनकर सामने आया है। तापमान में वृद्धि और अनियमित वर्षा फसल उत्पादन एवं उनके पोषण मूल्य को प्रभावित कर सकते हैं। कुछ शोध बताते हैं कि वातावरण में कार्बन डाइआक्साइड की बढ़ती मात्रा से फसलों में प्रोटीन और पोषक तत्त्वों की मात्रा घट सकती है। ऐसे में जलवायु के अनुकूल और पोषण से भरपूर फसलों की नई किस्मों का विकास जरूरी है। इक्कीसवीं सदी में भूख से लड़ाई केवल मात्रा पर नहीं, बल्कि गुणवत्ता पर भी केंद्रित होनी चाहिए। हर नागरिक को पर्याप्त और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना मानव विकास की बुनियादी जरूरत है। यदि हम पोषण-संवेदनशील कृषि में निवेश करते हैं, तो इससे शिक्षा, रोजगार और आर्थिक प्रगति पर दूरगामी एवं सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इसलिए अब जरूरी है कि हम कृषि विकास के अगले चरण में पोषक तत्त्वों से भरपूर खाद्यान्न को केंद्र में रखकर आगे बढ़ें।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रधान लिपिक की सेवानिवृत्ति पर विदाई सह सम्मान समारोह

**मनसाही/कटिहार (नबिटासं)।** अंचल कार्यालय मनसाही के प्रधान लिपिक इलानंद दास के सेवानिवृत्ति पर अंचलाधिकारी मो. इस्माइल की अध्यक्षता में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित की गई। इस अवसर पर प्रधान लिपिक को अंगवस्त्र, शाल आदि देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उनके स्वस्थ व दीघार्यु जीवन की कामना की गई। इलानंद दास 1989 में सरकारी सेवा में आये थे। वे वर्ष 2024 में मनसाही अंचल में प्रधान लिपिक पर योगदान किए थे और यहीं से 28 फरवरी 2026 को सेवानिवृत्त हुए। इस मौके पर राजस्व कर्मचारी चंद्रमा सिंह, महबूब आलम,अंचल कर्मी चन्दन आर्या,पवन कुमार, गौरव कुमार आदि उपस्थित रहे ।



### निरीक्षी जज ने बाबा गोरखनाथ धाम मंदिर में पूजा अर्चना की

**सालमारी /कटिहार (नबिटासं)।** बाबा गोरखनाथ धाम मंदिर में पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सह निरीक्षी जज अरुण कुमार झा ने पूरे विधि विधान के साथ पूजा की । इस अवसर बाबा गोरखनाथ न्यास समिति पदेन अध्यक्ष सह अनुमंडल पदाधिकारी बारसोई राजू कुमार, सचिव पिंटू यादव, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार, अंचल पदाधिकारी रिजवान आलम, श्यामनाथ यादव, देवनारायण नुनिया, निताई यादव, पंचा दास, फनी सिंह, पिंटू साह, अंकित यादव, गणेश बोसक, श्री श्याम अग्रवाल,सनी यादव, फनी दास, रतन यादव, किरण राय, चंदन यादव, नारायण बिन, प्रदीप शर्मा, मंदिर के पुजारी सुरजीत बनर्जी, जीत बनर्जी, श्री राजेश मिश्रा एवं सभी सदस्य उपस्थित रहे।



### अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन

**मनसाही/कटिहार (नबिटासं)।** राज्य सरकार के निदेर्शानुसार शनिवार को आदर्श मध्य विद्यालय धनपाड़ा में अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया । इस संदर्भ में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापिका कुमारी श्वेता सुमन ने बतायी कि अभिभावक -शिक्षक संगोष्ठी आयोजन का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों को बच्चों के अकादमिक प्रगति से अवगत कराना एवं घरों में किस प्रकार से बच्चों को अकादमिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सकता हैं । सभी वर्ग शिक्षकों के द्वारा अभिभावको को संगोष्ठी में बताया गया कि आने वाले बच्चों के वार्षिक परीक्षा की तैयारी हम कैसे करवाए तथा बच्चों के इस वार्षिक परीक्षा में अभिभावक की क्या-क्या भूमिकाएं होगी। इस संदर्भ में चचार्एं की गई । इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों में कालेश्वर साह,अमित कुमार,मनोज कुमार, सुषमा कुमारी,रवि कुमार,तारकेश्वर कुमार ऋषि,योगेंद्र प्रसाद आदि उपस्थित थे। वहीं देश रत्न डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि धूमधाम से मनाया गया । इस संदर्भ में विद्यालय के वरीय शिक्षक कालेश्वर साह ने बताया कि भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि प्रतिवर्ष 28 फरवरी को मनाई जाती हैं, इनका निधन 28 फरवरी 1963 को पटना के सदाकत आश्रम में हुआ था।



### छात्र-छात्राओं ने किया मंदार हिल का दर्शन

**मनसाही/कटिहार (नबिटासं)।** मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना के तहत उत्क्रमित मध्य विद्यालय चित्तौड़िया के 43 छात्र - छात्राओं ने बांका जिले के मंदारहिल पर्वत का दर्शन किये। इसकी जानकारी देते हुए प्रधानाध्यापक जगदीपन प्रसाद सिंह ने बताया कि शनिवार को वर्ग आठ के 43 छात्र - छात्राओं का दल परिभ्रमण पर मंदार हिल गए जहां पर छात्र - छात्राओं ने वहां का इतिहास को जाना। इस अवसर पर शिक्षक संजीव कुमार,रेखा कुमारी विद्यालय शिक्षा समिति के सचिव मोहम्मद सोनू आदि उपस्थित रहे ।



### आरपीएस महिला कॉलेज में होली मिलन समारोह का आयोजन

**पटना (नबिटासं)।** आरपीएस महिला कॉलेज में होली मिलन समारोह का आयोजन प्रिंसिपल विनीता के नेतृत्व में छात्राओं के द्वारा आयोजित किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बहुत ही हर्षोल्लास के साथ भाग लिया तथा सभी शिक्षकगण को अबीर लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। गर्व की बात है कि छात्राओं ने होली मिलन समारोह के सजावट का कार्य भी अपने हाथों से बने क्राफ्ट से ही किया।



### जनता दरबार में उभय पक्षों की सहमति से चार मामलों का निष्पादन

**मनिहारी /कटिहार (नबिटासं)।** अंचल कार्यालय परिसर मनिहारी में शनिवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राजस्व रामसागर पासवान ने भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई करते हुए लंवित आठ मामलों में से चार मामले का उभय पक्षों की सहमति से निष्पादन किया। शनिवार को जनता दरवार में तीन नये मामले प्रतिवेदित हूए। जनता दरवार के बाद आरओ श्री पासवान ने जानकारी दी कि पूर्व से लंबित भूमि विवाद से जुड़े मामलों में से चार का निष्पादन आपसी सहमति से कर दिया गया। जबकि तीन नये मामले विचारण के लिए प्रतिवेदित हुए। इस अवसर पर एसआई तारिक अनवर सहित दर्जनों फरियादी मौजूद रहे ।



# सड़क हादसे में महिला की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समेली (कटिहार)।** पोठिया थाना क्षेत्र के चांदपुर पूर्वी पंचायत अंतर्गत विष्णुचक गांव के वार्ड संख्या 7 में एक दर्दनाक सड़क हादसे में महिला की मौत हो गई। अज्ञात वाहन ने महिला को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पोठिया थाना को दूरभाष पर जानकारी दी गई।

सूचना मिलते ही अपर थाना अध्यक्ष अमित कुमार, पुअनि डोली कुमारी सहित बिहार पुलिस के जवान मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।बताया जाता है कि महिला घर से खेत की ओर जा रही थी। तभी अज्ञात वाहन ने उसे ठोकर मार दी। घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। मृतका की पहचान नूतन देवी के रूप में हुई है। मृतका की मां ननकी देवी ने बताया कि नूतन देवी के दो छोटे बेटे हैं शिवम कुमार (5)और राजकुमार (7) है। 10 वर्ष पूर्व नूतन देवी की शादी समस्तीपुर जिले के दलसिंहसराय में कमल राय के साथ हुई थी। बीते वर्ष उनके पति कमल राय का निधन हो गया था। पति की मौत के बाद से ही नूतन देवी अपने मायके में रहकर दोनों बच्चों का पालन-पोषण कर रही थी। इस हृदयविदारक घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है। ग्रामीणों ने प्रशासन से अज्ञात वाहन चालक की शीघ्र गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की है।पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। वही पोठिया थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कटिहार सदर अस्पताल भेज दिया है, वही महिला की मौत को लेकर गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है।



# बारसोई न्यायालय व्यवस्था की उच्चस्तरीय समीक्षा

## हाईकोर्ट न्यायाधीश ने लिया जायजा

■ प्रस्तावित न्यायालय भवन निर्माण को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई (कटिहार) ।** पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अरुण कुमार झा ने शनिवार को बारसोई व्यवहार न्यायालय पहुंचकर न्यायिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं की उच्चस्तरीय समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने न्यायालय परिसर में उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं, न्यायिक कार्य संचालन व्यवस्था तथा भविष्य की आवश्यकताओं का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में न्यायाधीश ने बार एसोसिएशन बारसोई में अधिवक्ताओं के साथ बैठक कर न्यायिक कार्यों में आने वाली व्यावहारिक समस्याओं की जानकारी ली।

अधिवक्ताओं द्वारा न्यायालय भवन के विस्तार, अधिवक्ता कक्ष, बैठने की व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। न्यायाधीश ने संबंधित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने का भरोसा दिलाया। इसके उपरांत न्यायाधीश श्री झा ने बारसोई न्यायालय के लिए प्रस्तावित भूमि का स्थल निरीक्षण कर निर्माण की संभावनाओं का आकलन किया। उन्होंने उपस्थित प्रशासनिक पदाधिकारियों को भूमि से संबंधित प्रक्रियाओं को शीघ्र पूर्ण करने तथा न्यायालय भवन निर्माण हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए कहा कि ईद के तुरंत बाद न्यायालय का भवन निर्माण कार्य शुरू करने के लिए कहा। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी राजू कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार, अंचलाधिकारी श्यामसुंदर साह, बारसोई थाना अध्यक्ष उमेश कुमार सहित बारसोई अधिवक्ता संघ के अधिवक्ता एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

न्यायाधीश के इस दौरे को बारसोई अनुमंडल में न्यायिक ढांचे के सुदृढ़ीकरण एवं आम लोगों को बेहतर न्यायिक सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रशासनिक पहल के रूप में देखा जा रहा है।



# सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समेली (कटिहार)।** समेली प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय विष्णुचक के प्रांगण में शनिवार को सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को सुरक्षा, आपदा प्रबंधन एवं जागरूकता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक केशव कुमार मंडल ने की। उनके मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रशिक्षक अक्षय कुमार ने छात्र-छात्राओं को सभी प्रकार के योगासन का विशेष प्रशिक्षण दिया। बच्चों को सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन एवं प्राणायाम सहित विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान योग के शारीरिक एवं मानसिक लाभों की भी विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में बच्चों को आपदा के समय सतर्क रहने, आग लगने की स्थिति में बचाव, भूकंप के दौरान सुरक्षित स्थान पर जाने तथा सड़क सुरक्षा के नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से समझाया गया कि किसी भी आपात स्थिति में घबराने के बजाय सूझबूझ और धैर्य से काम लेना चाहिए। साथ ही प्राथमिक उपचार फर्स्ट एड की भी जानकारी दी गई। इस मौके पर चंदेश कुमार चंदन, अक्षय कुमार, नकुल कुमार, प्रिंस कुमार, सुभाष कुमार, राकेश कुमार दास, शिवानी प्रिया, निर्मला कुमारी, चंद्रावती कुमारी सहित शिक्षक शिक्षिका मौजूद रहे।



## विदेशी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अमदाबाद (कटिहार)।** अमदाबाद पुलिस ने नशे के सौदागरों के विरूद्ध अभियान चलाकर 34.875 लीटर विदेशी शराब के साथ दो शराब तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अमदाबाद थानाध्यक्ष ने जानकारी दी कि गुप्त सूचना मिली थी कि आटो पर सवार दो युवक शराब की खेप के साथ बेगच्छी की ओर से आ रहा है। थानाध्यक्ष ने टीम गठित कर बेलगच्छी चौक पर वाहन जांच आरंभ की. इस दौरान ओटो से आ रहे दो शराब तस्कर मे से एक पुलिस को देख ओटो से ऊतर कर भागने लगा। मौके पर मुस्तैद पुलिस बल के जवानों के सहयोग से पकड लिया गया। ओटो की तालाशी लेने पर उसमें दूसरे शराब के धंधेबाज सहित 34.875 लीटर विदेशी शराब पुलिस ने बरामद की है।

# हर खेत तक सिंचाई का पानी कार्यक्रम को बढ़ाया जायेगा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** बिहार के लघु जल संसाधन विभाग के मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सात निश्चय-03 के तहत हर खेत तक सिंचाई का पानी कार्यक्रम को आगे बढ़ाया जायेगो विधान पार्षद अशोक कुमार अग्रवाल द्वारा बिहार विधान परिषद् में पूछे गए सवालों का लघु जल संसाधन मंत्री जवाब दे रहे थे विधान पार्षद ने सदन कक बताया कि कटिहार विधान परिषद क्षेत्र में नहरें तो हैं लेकिन इन नहरों से किसानों के खेतों की समुचित सिंचाई क्यों नहीं हो पा रही है किसानों के हर खेत तक सिंचाई और बिजली की सुविधा पहुंचाने को लेकर सरकार के पास कई सारी योजनायें हैं किसानों के खेतों तक सिंचाई और बिजली पहुंचाने की योजना है तो इसे अब तक धरातल पर उतारा जाना चाहिऐ हर खेत को पानी और बिजली के लिए सरकार की योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंचाने के सवाल पर मंत्री ने बताया कि विभाग द्वारा हर खेत तक सिंचाई का पानी योजना अंतर्गत अनुदान आधारित मुख्यमंत्री निजी नलकूप योजना अंतर्गत कटिहार विधान परिषद् क्षेत्र में निजी नलकूपों के अधिष्ठापन के बाद कुल 104 लाभुक कृषकों को डीबीआई के माध्यम से राशि हस्तानांतरित की गई है।

# सामूहिक विवाह सह होली मिलन समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के चितौड़िया पंचायत के कर्मा टोला जयनगर में सामूहिक विवाह उत्सव सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। सामूहिक विवाह उत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन समाजसेवी भोला साह, चितौड़िया पंचायत के पूर्व पंचायत समिति सदस्य दीपा देवी, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि गौतम कुमार सिंह, मुखिया दीप नारायण पासवान, पूर्व सरपंच चितौड़िया जितेंद्र पासवान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर फीता काट कर किया। मौके पर समाजसेवी भोला साह ने कहा कि सामाजिक कार्य मेरी पहली प्राथमिकता हैं।

चित्तौड़िया पंचायत में बाढ़ के समय लोगों को सुखा राशन अग्निपितों के बीच सुखा राशन प्लास्टिक सहित गरीब कन्याओं का विवाह कराना मेरी पहली प्राथमिकता हैं,इसी कड़ी में चौथी बार चितौड़िया पंचायत के कर्मा टोला जयनगर में आदिवासी कन्याओं का विवाह करवाया। आदिवासी गरीब कल्याण की शादी कराना इसलिए जरूरी होता हैं कि आदिवासी काफी गरीब परिवार से आते हैं उनके पास जमीन नहीं हैं। अपनी बेटी की शादी भी नहीं कर पाते हैं यह सोचकर आदिवासी गरीब कन्याओं का शादी में समान की जरूरत पड़ती हैं, लड़का लड़की का संपूर्ण सामान के साथ उनकी शादी करा रहे हैं। पूर्व पंचायत समिति सदस्य चितौड़िया दीपा देवी ने कहा कि समाजसेवी भोला साह अपने निजी कोष से 100 गरीब कन्या का विवाह कराया इसके लिए धन्यवाद के पात्र हैं। प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि गौतम कुमार सिंह ने कहा कि आदिवासी समाज के लोग आज भी पिछड़े हुए हैं। हम सभी प्रतिनिधि के द्वारा काफी मेहनत कर लड़का लड़की को राजी कर सामूहिक शिविर लगाकर 100 गरीब कन्याओं की शादी कराये।



# बच्चों की वैज्ञानिक-प्रतिभा करती है चकित : डॉ. सीएन प्रभु

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** आज के बच्चे हमें शिक्षित कर रहे हैं। विज्ञान के क्षेत्र में छोटे-छोटे विद्यार्थियों की प्रतिभा चकित करती ही। आज के विद्यार्थी बहुत मेधावी हैं। उन्हें सही दिशा में मार्ग-दर्शन किया जा सके तो भारत की ऊन्नति को कोई रोक नहीं सकता।

यह बातें शनिवार को बेऊर स्थित विद्यालय 'पाटलिपुत्र विद्यापीठ' में, 'विज्ञान-दिवस' पर आयोजित विज्ञान-प्रदर्शनी का अवलोकन करने के पश्चात मुख्य अतिथि के रूप में अपना व्याख्यान देते हुए बिहार मौसम सेवा केंद्र के निदेशक और वैज्ञानिक डा सी एन प्रभु ने कही। उन्होंने प्रदर्शनी में अभिव्यक्त विद्यार्थियों की रचनात्मक-प्रतिभा पर प्रसन्नता व्यक्ति और कहा कि इससे विदित होता है कि इस विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है और विद्यार्थियों का बौद्धिक-विकास भी हो रहा है। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना के प्राध्यापक डा रामाकार झा ने एक लघुकथा के माध्यम से पिता और शिक्षकों के महत्त्व को समझाते हुए बताया कि जिनके पिता और शिक्षक गुणी और आदर्श होते हैं, वे बच्चे अपने जीवन के प्रति आश्वस्त रहते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति का नाम-यश उसके माता-पिता के कारण नहीं, बल्कि उनके अपने कार्यों और उपलब्धियों से होता है। समारोह की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कहा कि आधुनिक शिक्षा में भारतीय ज्ञान-परंपरा और विज्ञान का समन्वय होना चाहिए। यही समन्वय भारत की ऊन्नति और मानवीय गुणों के विकास में सहायक होगा, जिससे मानव-जीवन गुणवत्तापूर्ण और कल्याणकारी हो पाएगा। विद्यापीठ की प्राचार्या मेनका झा ने अतिथियों का स्वागत तथा धन्यवाद-ज्ञापन संस्था के सचिव डा आकाश कुमार ने किया। प्रदर्शनी में कक्षा-1 से 9 तक के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों ने सभी कक्षाओं के श्रेष्ठ तीन प्रदर्शनियों के चुनाव किए, जिन्हें प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए। कक्षा-1 के लिए आराध्या, अनिरुद्ध और सिद्धार्थ, कक्षा-2 के प्रियांशु, कक्षा -3 की मिताली, शिवधन और श्रेयांश, अभिनव, आश्रय और रवि, कक्षा-4 की शानवी, आयुष और आराध्या, कक्षा-5 के विराट, वैष्णवी और अयांश, कक्षा-6 के उन्नत गुप्ता, ऐश्वर्य, युवराज और आतिश, कक्षा-7 के राशु, आस्था और आनन्द, कक्षा-8 के उत्तर उत्तरायण,संदर्भ, हर्षित और उत्कर्ष तथा कक्षा-9 की अदिति, नेहा और ऋद्धि को को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।




# बीईओ की सेवानिवृत्ति पर समारोह आयोजित कर दी गई विदाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आजमनगर (कटिहार)।** आजमनगर प्रखंड में बीईओ के पद पर कार्यरत रहे सुधीर कुमार को प्रखंड के समस्त शिक्षकों की ओर से सेवानिवृत्ति के मौके पर उन्हें भावविनी विदाई दी गई। प्रखंड क्षेत्र के शिक्षकों का प्यार तथा स्नेह पाकर इस मौके पर सेवानिवृत्त प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सुधीर कुमार कुछ देर के लिए इमोशनल हो गए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राकेश रोशन तथा राज किशोर भारती कर रहे थे।

प्रखंड क्षेत्र के शिक्षकों ने फूलमाला तथा शाल देकर सेवानिवृत शिक्षक सुधीर कुमार को भावभीनी विदाई की। इस अवसर पर वरिय शिक्षक मोहम्मद मुस्ताक आलम, मोहम्मद महमुद आलम, सुभाष राय, विप्लव शांडिल आदि लोगों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रखंड शिक्षा अधिकारी के रूप में अपने सेवा काल में सुधीर कुमार अभिभावक के रूप में मार्गदर्शक बने रहे। शिक्षकों को दिशा निर्देश देने के अलावे अभिभावक की तरह शिक्षकों के साथ व्यवहार करने वाले व्यक्तित्व का आज सेवानिवृत्ति से हम लोग काफी इमोशनल हैं।



# होली एवं ईद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सालमारी (कटिहार)।** सालमारी थाना प्रांगण ढोलमारा में आगामी होली पर्व एवं ईद को लेकर शनिवार को थानाध्यक्ष कुमारी जुली एवं सीओ रिजवान आलम कीअध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। जनप्रतिनिधियों के साथ शांति समिति की बैठक में दर्जनों जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक में अशोक सरावगी ने बताया की सालमारी बाजार में होलीका दहन कार्यक्रम आयोजित होता है।

बैठक में होली एवं ईद शांतिपूर्ण माहौल में मनाने के लिए आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर सीओ रिजवान आलम ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था के तहत पुलिस बल एंव दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति होने की जानकारी दी गयी। मौके पर मौजूद बुद्धिजीवीयों ने अपने अपने विचार व्यक्त किये।इस दौरान थानाध्यक्ष कुमारी जुली ने कहा की होली को लेकर हुरदंगीयों पर सख्त नजर रखी जायेगी। किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान नहीं देने की बात कही गई। डीजे पर प्रतिबंध रहेगा।वही शरारती तत्व पर कड़ी कार्रवाई की बात भी कहे। इस अवसर पर अशोक सरावगी,ललित बुबना, विपुल मुखर्जी, सुशांत चौधरी, पप्पू बुबना, प्रदीप कुमार घोष,मो असफाक, मो नकीव, पुलिस पदाधिकारी विजय कुमार दुबे सहित अन्य उपस्थित रहे।



# संपूर्ण सुरक्षा कार्यक्रम को लेकर नगर निगम में स्वास्थ्य शिविर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति पटना एवं जिला एड्स कार्यक्रम इकाई कटिहार के संयुक्त तत्वावधान में संपूर्ण सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत नगर निगम परिसर में हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन मेयर श्रीमती उषा देवी अग्रवाल ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उपमेयर श्री मंसूर आलम, बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति के सहायक निदेशक मिथिलेश कुमार पाण्डेय, जिला एड्स नियंत्रण पदाधिकारी अशरफ रिजवी, सिविल सर्जन डॉ. जेएन सिंह, वाईआरजी केयर के टेक्निकल एक्सपर्ट अजय कुमार बरनवाल सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

इस हेल्थ कैंप में एचआईवी, टीबी, हेपेटाइटिस, सिफिलिस, बीपी एवं शुगर की जांच की गई तथा यौन संचारित रोगों के प्रति विशेष जागरूकता प्रदान की गई। जिन व्यक्तियों में किसी भी प्रकार की बीमारी पाई गई, उन्हें निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। सम्पूर्ण सुरक्षा कार्यक्रम के तहत "सुरक्षा से सम्पूर्ण सुरक्षा तक" के तहत जोखिम पूर्ण व्यवहार वाले व्यक्तियों को व्यवहार परिवर्तन परामर्श, रोजगार हेतु कौशल विकास कार्यक्रम से जोड़ना एवं समेकित स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराया गया।कार्यक्रम में महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रीति, फिजिशियन डॉ. सरफराज, डीपीएम डेप्कू शौनिक प्रकाश, एएनएम डोली आनंद, एटीएम सनी कुमार सिंह सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी एवं सहयोगी अश्वनी कुमार झा, मिथिलेश कुमार ठाकुर, दिनेश कुमार, केसर सहाबी, रूबी कुमारी, मिराज, मीनू कुमारी, नीतू कुमारी,अशोक कुमार, जितेंद्र महाराज, अरुण कुमार झा, सनी कुमार पोद्दार, विक्की कुमार, राम निरीक्षण दुबे, प्रभाकर लाल दास एवं नवीन कुमार सेन की सक्रिय सहभागिता रही। डीपीएम डेप्कू शौनिक प्रकाश ने बताया कि मेगा समेकित स्वास्थ्य शिविर में कुल 350 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया। जिसमें परामर्श एवं जॉच की संख्या- 261 लोगों की रही।एचआईवी संक्रमित की संख्या 08 पायी गयी। सिफीलिस संक्रमित-05 चिन्हित किये गये। टीबी मरीजों की संख्या 17 निकला। आउटरिच की संख्या 04 की रही। साथ ही स्वास्थ्य चिकित्सकीय परामर्श एवं दवा वितरण 261 लोगों के बीच किया गया।



- सिम कार्ड से लेकर एलपीजी पीजी और रेलवे ऐप तक

# 1 मार्च से बदल रहे नियम

**मुंबई, एजेंसी।** हर महीने की 1 तारीख को कुछ ना कुछ वित्तीय बदलाव होते ही हैं। जिसका सीधा असर हमारी आपकी जेब पर पड़ता है। 1 मार्च 2026 से भी कई नियमों में बदलाव हो रहे हैं। सिम कार्ड से लेकर रेलवे तक कई नियमों में बदलाव होने जा




रहा है। आइए जानते हैं क्या-क्या बदलाव होगा। हर महीने की 1 तारीख को कुछ ना कुछ वित्तीय बदलाव होते ही हैं। जिसका सीधा असर हमारी आपकी जेब पर पड़ता है। 1 मार्च 2026 से भी कई नियमों में बदलाव हो रहे हैं। सिम कार्ड से लेकर रेलवे तक कई नियमों में बदलाव होने जा रहा है। आइए जानते हैं क्या-क्या बदलाव होगा।

## सिम बाइंडिंग नियम

मोबाइल यूजर्स के लिए यह जरूरी अपडेट है। 1 मार्च 2026 से नियम लागू हो रहा है। इस नियम के अनुसार अब व्यक्ति को ह्वाट्सएप और अन्य मैसेजिंग एप्स के अकाउंट को एक्टिव सिम कार्ड से जोड़ा जरूरी हो जाएगा। जिस मोबाइल में यह एप्स चल रहे हैं उसी मोबाइल में सिम कार्ड का भी होना आवश्यक होगा।

- **रेलवे बंद कर रहा है यह ऐप–** 1 मार्च 2026 से रेलवे अपना पुराना यूटीएस एप बंद कर रहा है। जिसकी वजह से यात्री अब इसका इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे। इसकी जगह यात्रियों को ऐप को उपयोग करना होगा। इस ऐप से यात्री अनारक्षित टिकट और प्लेटफॉर्म टिकट की बुकिंग कर पाएंगे।
- **एलपीजी की कीमतें–** हर महीने की पहली तारीख को एलपीजी की नई कीमतें जारी होंगे। होली के त्योहार को देखते हुए लोग उम्मीद कर रहे हैं कि सरकार की तरफ से एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कटौती हो। अब देखना है कि सरकार की तरफ से ऐसा कोई फैसला होता है या नहीं
- **सीएनजी और पीएनजी की कीमतों में बदलाव–** 1 मार्च 2026 को सीएनपी और पीएनजी की कीमतों को लेकर भी बड़ा अपडेट सामने आएगा। सरकार की तरफ से नई कीमतें 1 मार्च को जारी की जा सकती हैं। इसके अलावा एटीएफ की कीमतों का भी ऐलान किया जा सकता है।
- **मिनिमम बैलेंस नियम–** देश कई सरकारी बैंक ने मिनिमम बैलेंस के नियम में लोगों को बड़ी राहत दी है। अब मिनिमम बैलेंस का पैमाना पूरे महीने के औसत बैलेंस से पता किया जाएगा। ऐसे में भले ही महीने के शुरुआत में आपका बैलेंस कम हो। लेकिन आप इसे महीने के आखिरी में मैनेज कर सकते हैं।
- **यूपीआई ट्रांजैक्शन–** डिजिटल पेमेंट में हो रहे फ्रॉड को देखते हुए सुरक्षा का नियमों को और कड़ा किया जा सकता है। बैंक अधिक राशि के ट्रांजैक्शन के लिए अतिरिक्त वेरिफिकेशन लागू करने की तैयारी में है।

## गोल्ड की तेज रफ्तार, 1,800 उछला सोना, चांदी 2,500 रुपए सस्ती

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की ताजा लिवाली से शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 1,800 रुपए बढ़कर 1,64,700 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। दिल्ली में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बृहस्पतिवार को 1,62,900 रुपए प्रति 10 ग्राम रही थी। एचडीएफसी



सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा कि मिले-जुले वैश्विक संकेतों के बीच सोने की कीमत बढ़ी। बाजार में बढ़ते अमेरिकी व्यापार संरक्षणवाद और स्थिर डॉलर के मुकाबले पश्चिम एशिया में लगातार तनाव का असर है। उन्होंने कहा कि भू-राजनीतिक टकराव और शुल्क से जुड़ी अनिश्चितता ने सुरक्षित निवेश की मांग को जारी रखा। हालांकि, सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी में लगातार दूसरे दिन गिरावट जारी रही, और यह 2,70,500 रुपए प्रति किलोग्राम के पिछले बंद भाव से 2,500 रुपए यानी लगभग एक प्रतिशत टूटकर 2,68,000 रुपए प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) पर रही। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर चांदी 1.42 डॉलर यानी 1.6 प्रतिशत बढ़कर 89.72 डॉलर प्रति औंस रही। हालांकि, सोना थोड़ा घटकर 5,172.17 डॉलर प्रति औंस पर रहा।



# बिना इनकम टैक्स के दुबई बना इतना अमीर सरकार करती है अरबों की कमाई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दुनिया भर में दुबई अपनी लग्जरी लाइफस्टाइल और टैक्स-फ्री सैलरी के लिए जाना जाता है। आम तौर पर किसी भी देश की सरकार अपनी जनता से वसूले गए इनकम टैक्स से चलती है लेकिन दुबई में यह नियम लागू नहीं होता। इसके बावजूद दुबई का इंफ्रास्ट्रक्चर और सरकारी खजाना दुनिया के सबसे मजबूत देशों में से एक है। आखिर बिना इनकम टैक्स के दुबई इतना अमीर कैसे है आइए समझते हैं इसकी कमाई के 4 मुख्य स्तंभ। वीजा और परमिट- दुबई में रहने वाले लाखों प्रवासियों को वीजा, रेजिडेंसी परमिट और वर्क ऑथराइजेशन के लिए भारी फीस चुकानी पड़ती है। सख्त फाइन सिस्टम- ट्रैफिक नियमों या सार्वजनिक नियमों को तोने पर यहां का ऑटोमेटेड सिस्टम भारी जुर्माना वसूलता है जो सीधे सरकारी खजाने में जाता है। भले ही आम आदमी की सैलरी पर टैक्स न हो लेकिन बे बिजनेस और मुनाफे पर सरकार की नजर रहती है- होटलों में रुकने, रेस्तरां में खाना खाने और मनोरंजन गतिविधियों पर सरकार टूरिज्म लेवी वसूलती है। दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट दुनिया के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में से एक है। यहां से गुजरने वाला हर यात्री डिपार्चर और सर्विस चार्ज देता है जिससे सरकार को अरबों की कमाई होती है।

# लोग सोना गिरवी कर धड़ल्ले से ले रहे हैं लोन

## एक ही महीने में सवैया हुआ गोल्ड लोन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोने की कीमत में हाल में काफी तेजी आई है और इसके साथ ही गोल्ड लोन में भी जबरदस्त उछाल देखने को मिली है। जनवरी में इसमें 128 फीसदी तेजी आई जबकि पिछले साल जनवरी में यह 91 फीसदी बढ़ा था। आरबीआई के शुक्रवार को आए आंकड़ों में यह बात सामने आई है। गोल्ड जूलरी के अगेंस्ट आउटस्टेंडिंग लोन पहली पार 4 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। 31 जनवरी तक यह 4,00,517 करोड़ रुपये था।

जनवरी में बैंक क्रेडिट ग्रोथ 14.4 प्रतिशत रही। आंकड़ों के मुताबिक पर्सनल लोन बाकी सभी सेगमेंट पर भारी रहा। 34.5 फीसदी के साथ बैंक क्रेडिट में



इसकी एक तिहाई हिस्सेदारी है। इसके बाद सर्विसेज का नंबर है जिसमें एनबीएफसी को लेंडिंग में सबसे ज्यादा तेजी देखने को मिली। इंक्रिमेंटल बैंक क्रेडिट में गोल्ड लोन की हिस्सेदारी 9 फीसदी रही। 26 जनवरी 2024 से 31 जनवरी 2026 के बीच आउटस्टेंडिंग क्रेडिट में 3.1 लाख करोड़ रुपये की तेजी आई है। पिछले दो साल में सोने की कीमत में 152 फीसदी तेजी आई है।

### टैरिफ का असर

साल के पहले महीने में रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में 62 फीसदी तेजी आई। आरबीआई ने बैंकों के लिए इस सेक्टर को लोन देना अनिवार्य कैटगरी में डाल रखा है। जनवरी में एक्सपोर्ट क्रेडिट में 17.2 फीसदी गिरावट आई जबकि पिछले साल जनवरी में यह 7 फीसदी बढ़ा था। अमेरिकी टैरिफ में बदलाव के कारण ऐसा हुआ है। ओवरऑल नॉन-फूड क्रेडिट 14 फीसदी बढ़ा। एक साल पहले इसमें 11 फीसदी तेजी आई थी। रिटेल लोन में जनवरी में 15 फीसदी तेजी आई जबकि पिछले साल यह 12 फीसदी बढ़ा था। रिटेल में एजुकेशन लोन दूसरे सबसे तेजी से बढ़ा सेगमेंट रहा। जनवरी में इसमें 14 फीसदी तेजी आई जबकि पिछले साल जनवरी में इसमें 16 फीसदी तेजी आई थी। कॉरपोरेट सेक्टर ग्रोथ में जनवरी में 12 फीसदी तेजी रही जबकि एक साल पहले यह 8 फीसदी की रफ्तार से बढ़ा था। जेम्स एंड जूलरी और इंजीनियरिंग सेक्टर में एक बराबर 36 फीसदी तेजी आई। इंडस्ट्रीज के भीतर ये सबसे तेजी से बढ़ने वाले सेगमेंट रहे।

# हरित इस्पात अनिवार्य करने से 2030 तक 1.6 करोड़ टन मांग संभव

## , कार्बन उत्सर्जन में आएगी कमी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकारी परियोजनाओं में हरित इस्पात का इस्तेमाल 26 प्रतिशत तक अनिवार्य करने से 2030 तक 1.6 करोड़ टन तक ग्रीन स्टील की मांग बढ़ सकती है। इससे एक तरफ जहां कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी आएगी, वहीं दूसरी तरफ घरेलू उद्योग की प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ेगी। उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की एक रिपोर्ट में यह कहा गया। सीआईआई-ग्रीन बिजनेस सेंटर द्वारा विकसित और क्लाइमेट कैटालिस्ट द्वारा समर्थित उद्योग तत्परता आकलन रिपोर्ट में पाया गया है कि हरित इस्पात को अनिवार्य किये जाने पर देश हरित इस्पात की सार्वजनिक खरीद (जीपीपी) व्यवस्था को अपनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस कदम से वित्त वर्ष 2027-28 से प्रमाणित निम्न-कार्बन इस्पात के लिए देश का पहला बड़े पैमाने पर, सुनिश्चित बाजार बनाने में मदद मिल सकती है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि



सार्वजनिक खरीद पर प्रतिवर्ष लगभग 45 से 50 लाख करोड़ रुपए खर्च होते हैं और सरकारी परियोजनाओं में लगभग 3.16 करोड़ टन स्टील की खपत होती है। इससे वित्त वर्ष 2023-24 में लगभग सात करोड़ टन कार्बन (सीओ2) उत्सर्जन हुआ। अध्ययन के अनुसार, यदि केवल 26 प्रतिशत का मामूली अनिवार्य लक्ष्य भी तय किया जाए तो वित्त वर्ष 2029-30 तक प्राथमिक और द्वितीयक इस्पात उत्पादकों से 1.6 करोड़ टन प्रमाणित ग्रीन स्टील की मांग उत्पन्न हो सकती है। इससे देश में उद्योगों में कार्बन उत्सर्जन में तेजी से कमी लाने में मदद मिलेगी और वैश्विक प्रतिस्पर्धा क्षमता भी मजबूत होगी। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि अगर यह लक्ष्य और बढ़ाकर 37 प्रतिशत रखा जाए तो मांग 2.4 करोड़ टन तक पहुंच सकती है। इससे 2030 तक 2.97 करोड़ टन कार्बन उत्सर्जन में कमी लाई जा सकती है।

सीआईआई के कार्यकारी निदेशक और ग्लोबल इकोलेबलिंग नेटवर्क बोर्ड के चेयरमैन के.एस. वेंकटगिरी ने कहा, हरित सार्वजनिक खरीद नीति से भारत के इस्पात उद्योग को कम-कार्बन उत्सर्जन वाले उत्पादन की ओर ले जाने में मदद मिलेगी। इससे पर्यावरण को स्वच्छ रखने में मदद मिलेगी, बाजार में हरित इस्पात को बढ़ावा मिलेगा और नई प्रौद्योगिकियों में निवेश बढ़ेगा। उन्होंने कहा, यह नीति इस्पात उद्योग की प्रतिस्पर्धा भी मजबूत करेगी और भारत के जलवायु लक्ष्यों के अनुरूप है। क्लाइमेट कैटलिस्ट की निदेशक साक्षी बलानी ने कहा, यह अध्ययन एक बात बिल्कुल साफ कर देता है कि अगर सरकार हरित इस्पात के इस्तेमाल का एक स्पष्ट नियम बना दे, तो देश का इस्पात क्षेत्र किसी भी सरकारी सब्सिडी या नई प्रौद्योगिकी से कहीं ज्यादा तेजी से बदल सकता है।

# बदल जाएंगे टिकट बुकिंग, यूपीआई, एलपीजी, वाट्सएप, टेलीग्राम से जुड़े नियम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रविवार, 1 मार्च से कई अहम नियम लागू होने जा रहे हैं, जिनका सीधा असर आम लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी पर पड़ेगा। ऑनलाइन टिकट बुकिंग से लेकर यूपीआई पेमेंट, सिम बाइंडिंग और एलपीजी-सीएनजी के दाम तक-कई मोर्चों पर बदलाव तय हैं। 1 मार्च से यात्रियों को बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। अब जनरल क्लास और प्लेटफॉर्म टिकट की ऑनलाइन बुकिंग इंडयिन रेलवे के यूटीएस ऐप से नहीं की जा सकेगी। केवल रेल वन मोबाइल ऐप से ही जनरल और प्लेटफॉर्म टिकट बुक की जा सकेगी। यात्रियों को पहले से नया ऐप डाउनलोड कर रजिस्ट्रेशन पूरा करने की सलाह दी गई है।

डिजिटल भुगतान को और सुरक्षित बनाने के लिए 1 मार्च से बड़े अमाउंट के




यूपीआई ट्रांजैक्शन पर अतिरिक्त सुरक्षा लागू होगी। तेल विपणन कंपनियां हर महीने की पहली तारीख को कीमतों की समीक्षा करती हैं। 1 मार्च को एलपीजी, सीएनजी, पीएनजी और एटीएफ के दामों में बढ़ोतरी या कटौती संभव है। इसका असर घरेलू बजट से लेकर हवाई टिकट की कीमतों तक पड़ सकता है।

# चंद्रशेखरन की पुनर्नियुक्ति पर फैसला टलने से टाटा ट्रस्ट के प्रस्ताव पर उठे सवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी टाटा संस के चेयरमैन पद पर लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए एन चंद्रशेखरन की पुनर्नियुक्ति पर फैसला टलने से समूह के भीतर शीर्ष स्तर पर मतभेद से जुड़ी अटकलें तेज हो गई हैं। टाटा संस के निदेशक मंडल की मंगलवार को हुई बैठक में चंद्रशेखरन को एक और कार्यकाल देने के प्रस्ताव पर फैसला टाल दिया गया। यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है जब टाटा संस में 66 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाले टाटा ट्रस्ट ने पिछले साल सर्वसम्मति से उन्हें तीसरा कार्यकाल देने की सिफारिश की थी। टाटा समूह से जुड़े घटनाक्रम पर नजर रखने वाले पर्यवेक्षकों का कहना है कि यह निर्णय स्थगित होने से टाटा ट्रस्ट के उस सर्वसम्मत प्रस्ताव की स्थिति पर सवाल खड़े हो गए हैं। सूत्रों के अनुसार, टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल टाटा ने चंद्रशेखरन की चेयरमैन पद पर दोबारा नियुक्ति को लेकर कुछ शर्तें रखी थीं। बताया जाता है कि उन्होंने समूह की कुछ कंपनियों, विशेषकर एयर इंडिया में हो रहे घाटे पर चिंता जताई। एयर इंडिया का अधिग्रहण 2022 में किया गया था और कंपनी को पुनर्गठित करने की प्रक्रिया अभी तक जारी है। इसके अलावा, सेमीकंडक्टर और बैटरी विनिर्माण जैसे उभरते क्षेत्रों में भारी पूंजीगत व्यय से जुड़े जोखिमों पर भी उन्होंने सवाल उठाए। सूत्रों ने यह भी कहा कि नियामकीय बाध्यता की वजह से टाटा संस को शेयर बाजार में सूचीबद्ध किए जाने को लेकर भी निदेशक मंडल में आशंका जताई गई और इस संबंध में स्पष्ट आश्वासन मांगा गया।

# फिनो पेमेंट्स बैंक के सीईओ गिरफ्तार

## शेयर बाजार में लिस्टेड है कंपनी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** फिनो पेमेंट्स बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ ऋषि गुप्ता को गिरफ्तार कर लिए गए हैं। सीजीएसटी और एसजीएसटी अधिनियमों के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया। अब सोमवार को बैंक के शेयर पर निवेशकों की नजर रहेगी।

शेयर बाजार में लिस्टेड-फिनो पेमेंट्स बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ ऋषि गुप्ता गिरफ्तार कर लिए गए हैं। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को सीजीएसटी और एसजीएसटी अधिनियमों के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया।

**क्या कहा बैंक ने–** भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के लिस्टिंग नियमों के विनियम 30 के तहत एक एक्सचेंज डिस्क्लोजर में बैंक ने स्पष्ट किया कि यह जांच एक व्यापारिक साझेदार से संबंधित है और इसका उसके अपने जीएसटी अनुपालन से कोई संबंध नहीं है। बैंक ने कहा कि वह स्थिति से निपटने और



उससे उबरने के लिए सक्रिय रूप से उचित कदम उठा रहा है। बैंक ने आगे बताया कि मुख्य वित्तीय अधिकारी केतन मर्चेंट को संगठन का नेतृत्व करने और दैनिक कार्यों की देखरेख करने के लिए नियुक्त किया गया है।

**स्मॉल फाइनेंस बैंक की मंजूरी–** हाल ही में फिनो पेमेंट्स बैंक को स्मॉल फाइनेंस बैंक के लिए सैद्धांतिक मंजूरी मिली है। फिनो पेमेंट्स बैंक को स्मॉल फाइनेंस बैंक में परिवर्तित करने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी गई। फिनो पेमेंट्स बैंक ने अक्टूबर-दिसंबर 2023 अवधि में इसके लाइसेंस के लिए आवेदन किया था। दिशानिर्देशों के अनुसार, मौजूदा भुगतान बैंक जो निवासियों द्वारा नियंत्रित हैं और जिन्होंने पांच साल का परिचालन पूरा कर लिया है,

### बिकवाली मोड में है शेयर

फिनो पेमेंट्स बैंक लिमिटेड के शेयर की बात करें तो यह बिकवाली मोड में है। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को बैंक के शेयर की कीमत में 7.50 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। यह शेयर शुक्रवार को 192.45 रुपये पर बंद हुआ। ट्रेडिंग के दौरान शेयर 209 रुपये से 182.90 रुपये के बीच था। शेयर के 52 हफ्ते का हाई 339 रुपये है। वहीं, शेयर के 52 हफ्ते का लो 180.50 रुपये है।

### कैसे रहे दिसंबर तिमाही के नतीजे

दिसंबर तिमाही में फिनो पेमेंट्स बैंक का नेट प्रॉफिट पिछले वर्ष की तुलना में 1.3 प्रतिशत बढ़कर 22.8 करोड़ से 23.1 करोड़ हो गया। तिमाही आधार पर मुनाफे में 9 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो पिछले वर्ष 21.15 करोड़ था। शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) में पिछले वर्ष की तुलना में 34.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 23.7 करोड़ तक पहुंच गई।

वहीं, फिनो पेमेंट्स बैंक के राजस्व में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 461.3 करोड़ तक पहुंच गया। राजस्व वृद्धि का मुख्य कारण इसके डिजिटल भुगतान व्यवसाय में मजबूत वृद्धि थी, जिसने कुल राजस्व में 24 प्रतिशत का योगदान दिया। एबिटा में पिछले वर्ष की तुलना में 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 60.2 करोड़ तक पहुंच गया। दिसंबर तिमाही के दौरान बैंक के ग्राहकों की संख्या में 33 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 1.34 करोड़ तक पहुंच गई। इस तिमाही में 8.3 लाख नए खाते खोले गए, जिनमें 70,000 से अधिक डिजिटल खाते शामिल हैं।

# भारत बायोटेक इंटरनेशनल अब शेयर बाजार में होगी लिस्ट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत बायोटेक इंटरनेशनल लिमिटेड 500 मिलियन डॉलर का आईपीओ लाने पर विचार कर रही है। साल 1996 में स्थापित कंपनी भारत बायोटेक को कोविड-19 महामारी के दौरान वैश्विक पहचान मिली थी, जब उसने स्वदेशी वैक्सीन विकसित कर सुर्खियां बटोरीं। कोवैक्सीन बनाने वाली कंपनी-भारत बायोटेक इंटरनेशनल लिमिटेड शेयर बाजार में लिस्ट होने की योजना बना रही है। यह कंपनी 500 मिलियन डॉलर का आईपीओ लाने पर विचार कर रही है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया कि इस संबंध में मंथन का दौर शुरू हो चुका है। हालांकि इश्यू का साइज, स्ट्रक्चर और समय-सीमा अभी तय नहीं हुई है। वहीं, कंपनी की ओर से भी कोई औपचारिक घोषणा नहीं की गई है और बाजार की परिस्थितियों तथा निवेशकों की रुचि के आधार पर प्रस्ताव में बदलाव संभव है।

कंपनी लिस्टिंग की तैयारी ऐसे समय में कर रही है जब भारतीय प्राथमिक बाजार रिकॉर्ड फंड जुटाने के बाद अब अधिक सतर्क रुख में है। शेयर बाजार की बिकवाली के बीच हेल्थकेयर और फार्मा



क्षेत्र में निवेशकों की लॉन्ग टर्म रुचि बनी हुई है। हालांकि, शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव और विदेशी संस्थागत निवेशकों की सावधानी के कारण बड़ी कंपनियों के लिए मूल्य निर्धारण और सही समय का चयन महत्वपूर्ण हो गया है।

### क्या है कंपनी का प्लान

भारत बायोटेक आईपीओ से जुटाई गई रकम का उपयोग कंपनी अनुसंधान एवं विकास (आर एंड डी) के विस्तार में करेगी। इसके अलावा, मैन्युफैक्चरिंग कैपिसिटी बढ़ाने और अगली पीढ़ी के टीकों, बायोलॉजिक्स के विकास में भी पैसे खर्च किए जाएंगे। जानकारी के मुताबिक बाजार में उतरने के साथ भारत बायोटेक को अधिक खुलासे, तिमाही नतीजों की समीक्षा और निवेशकों की कड़ी जांच का सामना करना पड़ सकता है।

**आईपीओ मार्केट में आ सकता है उछाल–** इस साल आईपीओ के बाजार में 32 प्रतिशत की तेज वृद्धि हो सकती है और कुल इश्यू साइज बढ़कर 2.50 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। कोटक इन्वेस्टमेंट बैंकिंग (केआईबी) ने

# सड़क किनारे खेल रही मासूम को अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने रौंदा

## आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम, विरोध प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

गोड्डा। नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत गोड्डा- भागलपुर मार्ग पर रामनगर मोहल्ले के फोरलेन रोड के समीप शुक्रवार की देर शाम एक सड़क हादसे में 4 वर्षीय मासूम बच्ची की मौत हो गई।

बच्ची की पहचान रामनगर के चार्ल्स मिर्धा व रूबी देवी की पुत्री संगीता कुमारी के रूप में की गयी है। बच्ची की मां रूबी देवी ने बताया कि बच्ची सड़क के किनारे खेल रही थी, तभी तेज रफ्तार से आ रही एक अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने उसे अपनी चपेट में ले लिया।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि, बच्ची के शव को सदर अस्पताल लाया गया था लेकिन तब तक बच्ची की जान जा चूकी थी। बच्ची की मौत के बाद स्वजन चित्कार मारकर अस्पताल में रोने लगे। मां-पिता दोनों का बुरा हाल था।

वहीं स्कॉर्पियो वाहन का चालक घटना को अंजाम देने के बाद तेजी से फरार हो गया। हादसे से आक्रोशित रामनगर के ग्रामीणों ने तत्काल रामनगर चौराहा को जाम कर दिया।

ग्रामीणों का कहना था कि फोरलेन बनने के बाद वाहनों की रफ्तार पर कोई नियंत्रण नहीं है। रिहायशी इलाका होने के बावजूद यहां गति सीमा और सुरक्षा मानकों को लोगो ने ताक पर रख दिया है। जिससे आए दिन रामनगर के समीप सड़क हादसा में जान जा रही है। काफी देर तक मामले को लेकर विरोध प्रदर्शन होता रहा। लोगो ने पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिए जाने की भी मांग रखी। साथ ही चालक को जल्द गिरफ्तार किए जाने की मांग की।

हालांकि जाम की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई थी । पुलिस अधिकारियों द्वारा आक्रोशित लोगों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया गया ताकि यातायात को पुनः बहाल किया जा सके । शव का पोस्टमार्टम शनिवार की सुबह किया गया।

जिले में आए दिन सड़क हादसे में एक की मौत हो रही है। चार दिनों के अंतराल में अब तक चार की मौत हो चुकी है । अकेले रामनगर मोहल्ले के दो लोगों की मौत केवल सड़क हादसे में ही हो गई है। चार दिन पहले रोड एक्सीडेंट में श्रीकांत राउत की मौत हो गई।

उसके बाद गोड्डा- पौडैयाहाट के बीच हाईवे पर रविंद्र मरांडी की मौत हो गई। वहीं, दो दिन पहले ही रामनगर के समीप नगर परिषद के बैरियर के समीप सिकटिया गांव के धर्मेंद्र टुड्डू की मौत ट्रैक्टर के चपेट में आने से हो गई थी।

केवल तीन सड़क हादसे रामनगर के समीप ही हुआ है। वहां वाहनों की रफ्तार हाईवे बनने के बाद काफी बढ़ गई है। जिसके कारण हादसों की रफ्तार भी बढ़ गई है।

## चिकित्सक की पत्नी की छत से गिरकर मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

धनबाद। सरायढेला थाना क्षेत्र स्थित शांति विहार कॉलोनी में शनिवार दोपहर एक चिकित्सक की पत्नी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शांति विहार कॉलोनी के प्रगति वाटिका परिसर में 35 वर्षीय महिला अचेत अवस्था में गिरी पड़ी मिलीं। उनकी पहचान चिकित्सक डॉ. लक्ष्मण सिंह की पत्नी के रूप में हुई है।

स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला को तत्काल अस्पताल भिजवाया, जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

प्रारंभिक तौर पर यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि महिला छत से दुर्घटनावश गिरीं या फिर उन्होंने कूदकर आत्महत्या की। मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है।

# चुनाव परिणाम आते ही उड़े गुलाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

रांची। नगर निगम चुनाव की मतगणना के साथ ही शहर के विभिन्न वार्डों के परिणाम सामने आने के बाद कई स्थानों पर समर्थकों ने जीत का जश्न मनाते हुए एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और बधाइयां दीं। वहीं वार्ड नंबर 18 से राज्यसभा सांसद एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नेत्री महुआ माजी के पुत्र सोमित माजी चुनाव हार गए हैं।

अब तक घोषित परिणामों के अनुसार वार्ड 01 से नकुल तिर्की, वार्ड 02 से सविता कच्छप, वार्ड 04 से अमित मुंडा, वार्ड 07 से मीनू देवी और वार्ड 08 से किरण खलखो विजयी हुए हैं। वार्ड 09 से प्रीति रंजन और वार्ड 10 से संगीता देवी ने जीत दर्ज की। इसके अलावा, वार्ड 13 से पवन तिर्की, वार्ड 14 से अंजू देवी, वार्ड 19 से गीता कुमारी और वार्ड 20 से सुनील यादव विजयी रहे। वार्ड 21 से मोह. एहतेशाम और वार्ड 22 से मोह. असलम निर्वाचित हुए। वार्ड 25 का परिणाम फिलहाल लंबित है, जहां सुषमा राज आगे चल रही हैं।

इसके बाद वार्ड 26 से प्रदीप कुमार, वार्ड 27 से बबली सोनी, वार्ड 29 से सुनील यादव, वार्ड 31 से नीरज कुमार और वार्ड 33 से कुमुद कुमारी झा विजयी घोषित किए गए। वार्ड 37 से परमेश्वर सिंह, वार्ड 38 से अवधेश ठाकुर, वार्ड 39 से शीला देवी, वार्ड 18 से आशा गुप्ता और वार्ड 40 से सुचिता रानी राय ने जीत हासिल की। वहीं वार्ड 41 से नीलम चौधरी, वार्ड 42 से ममता देवी, वार्ड 44 से परमजीत सिंह, वार्ड 48 से अमित मिंज और वार्ड 49 से जमीला खातून भी निर्वाचित हुईं।

निर्वाचन अधिकारियों के अनुसार शेष वार्डों की मतगणना जारी है और सभी परिणामों की आधिकारिक घोषणा चरणबद्ध तरीके से की जा रही है। चुनाव परिणामों को लेकर पूरे शहर में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है और नए पार्षदों से क्षेत्र के विकास को लेकर लोगों की उम्मीदें बढ़ गई हैं। कुछ वार्डों के परिणाम अब तक जारी नहीं किए गए हैं।

## दो बाइकों की टक्कर में दंपत्ति घायल

गोड्डा। गोड्डा-हंसडीहा मुख्य मार्ग पर पोड़ैयाहाट थाना क्षेत्र के एसएम कॉलेज के पास शुक्रवार की देर शाम दो मोटरसाइकिलों के बीच आमने-सामने टक्कर में पति पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का उपचार सदर अस्पताल में किया गया।

दोनों बासुकीनाथ के रहने वाले थे। दोनों की पहचान बासुकीनाथ निवासी हरिनंदन मिश्रा एवं उनकी पत्नी रंजना देवी के रूप में हुई है। घायल के अनुसार गोड्डा अपनी बहन से मिलने आए थे।

वापस लौटने के दौरान दूसरी ओर से दूसरे बाइक सवार की चपेट में आ गए। जिसमें दोनों घायल हो गए। दोनों को स्थानीय लोगों की पहल पर सदर अस्पताल उपचार के लिए भेजा गया। खबर लिखे जाने तक दोनों की हालत ठीक थी।

# प्रमिला मेहरा ने मारी बाजी, मेयर निर्वाचित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

गिरिडीह। नगर निकाय चुनाव का परिणाम मतगणना पूरी होने के बाद शुक्रवार देर रात को जारी किया गया। इसमें मेयर पद पर झामुमो समर्थित प्रत्याशी प्रमिला मेहरा ने बाजी मारी है।

उन्होंने 38091 वोट लाकर भाजपा समर्थित प्रत्याशी डॉ. शैलेंद्र कुमार चौधरी को शिकस्त दी है। चौधरी को कुल 23482 मत प्राप्त हुए। इस तरह प्रमिला ने 14599 वोटों के बड़े अंतर से जीत दर्ज की है। जबकि निर्दलीय प्रत्याशी अर्जुन बैठा तीसरे स्थान पर रहे।

जानकारों का कहना है कि यूजीसी भाजपा समर्थित प्रत्याशी को ले डूबी। भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं समेत प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी की कैंपेनिंग भी काम नहीं आई। स्वर्ण तबके वो उनके बूथों पर मतदाताओं की पहली पसंद झामुमो समर्थित प्रमिला ही रही। अल्पसंख्यक मतों में थोड़ा बिखराव नहीं होता तो जेएमएम शहर में और मजबूती से नई गढ़ बनाता।

स्थानीय विधायक सह नगर विकास मंत्री सुदिव्य सोनू ने इस चुनाव के बहाने शहर में स्वर्ण वोटों को अपने पाले में लाकर अपने अगले चुनाव की राह और प्रशस्त करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। बता दें कि इसके पूर्व प्रमिला जिला परिषद सदस्य भी रह चुकी हैं।

# दो मार्च तक काला बिल्ला लगाकर काम करेगी झारखण्ड पुलिस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

रांची । झारखंड पुलिस और अधिवक्ताओं के बीच हालिया विवाद के बाद झारखंड पुलिस एसोसिएशन ने 28 फरवरी से 2 मार्च तक काला बिल्ला लगाकर ड्यूटी करने का फैसला लिया है। यह निर्णय डोरंडा थाना प्रभारी के साथ कथित अभद्र व्यवहार की घटना के विरोध में लिया गया है। एसोसिएशन ने इसे पूरे पुलिस बल के सम्मान से जुड़ा गंभीर मामला बताया है।

एसोसिएशन की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि झारखंड उच्च न्यायालय परिसर में डोरंडा थाना प्रभारी दीपिका प्रसाद के साथ हुई कथित घटना निंदनीय है। उनके अनुसार यह सिर्फ एक महिला अधिकारी का मामला नहीं है, बल्कि पूरे पुलिस विभाग की गरिमा से जुड़ा सवाल है।



जानकारी के अनुसार अधिवक्ता मनोज टंडन पर आरोप है कि उन्होंने अपनी कार के बोनट पर एक व्यक्ति को घसीटा था। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

इसके बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज की और कार को जब्त कर लिया। पुलिस एसोसिएशन का आरोप है कि जब्त वाहन को छुड़ाने के लिए थाना प्रभारी पर दबाव बनाया गया। साथ ही, मामला अदालत में पहुंचने के बाद भी न्यायालय को गुमराह करने की कोशिश की गई।

प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, जब थाना प्रभारी दीपिका प्रसाद हाईकोर्ट पहुंचीं तो वहां मौजूद कुछ अधिवक्ताओं ने उन्हें घेर लिया और कथित रूप से अभद्र व्यवहार किया। उनके साथ वर्दी उतरवाने और जेल भेजने जैसी धमकियां देने तथा पुलिस बल के खिलाफ आपत्तिजनक शब्द कहने का भी आरोप लगाया गया है। एसोसिएशन ने कहा कि न्यायालय जैसी गरिमामयी जगह पर इस तरह का व्यवहार उचित नहीं है।

घटना के बाद रांची जिला शाखा की आकस्मिक बैठक हुई। इसमें सर्वसम्मति से तय किया गया कि शांतिपूर्ण विरोध के रूप में 28 फरवरी से 2 मार्च तक पुलिसकर्मी काला बिल्ला लगाकर ड्यूटी करेंगे। वहीं शुक्रवार देर शाम जरूरी कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद अधिवक्ता की जब्त कार को डोरंडा थाने से छोड़ दिया गया।

इस पूरे विवाद के बीच झारखंड पुलिस के जवान तय कार्यक्रम के अनुसार तीन दिन तक काला बिल्ला लगाकर अपनी ड्यूटी करेंगे। एसोसिएशन का कहना है कि यह विरोध पूरी तरह शांतिपूर्ण रहेगा और कानून व्यवस्था पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

# कुड़मी अधिकार रैली आज, तैयारी पूरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

रांची। झारखंड में एक बार फिर आदिवासी और कुड़मी समाज के बीच अधिकार को लेकर संघर्ष तेज हो गया है। इसी कड़ी में एक मार्च 2026 को रांची के प्रभाततारा मैदान, धुर्वा में कुड़मी अधिकार रैली का आयोजन किया जाएगा। इस रैली की तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं और समाज के सभी वर्गों को इसमें शामिल होने के लिए सूचित किया जा चुका है।

झारखंड कुड़मी समन्वय समिति के मुख्य संयोजक शीतल ओहदार ने बताया कि प्रभाततारा मैदान में आयोजित होने वाली कुड़मी अधिकार महारैली ऐतिहासिक होगी। उन्होंने कहा कि झारखंड के सभी कुड़मी बहुल क्षेत्रों और गांव-गांव में बैठकें कर प्रचार-प्रसार किया जा चुका है, और घर-घर से समाज के लोगों को रैली में आने की व्यवस्था भी की गई है। समाज के युवा इस मुहिम में युद्धस्तर पर जुटे हुए हैं।

ज्ञात हो कि इस रैली का आयोजन झारखंड के 18 कुड़मी नामधारी संगठनों द्वारा किया जा रहा है।

रैली में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए कई स्थानों पर वालंटियर तैनात किए गए हैं। इनमें प्रमुख स्थान हैं विकास चौक, नया साराय मोड़, टुंढुल (महतो चौक), सीटीओ मोड़, रिंग रोड, तुपुदाना चौक और रामपुर चौक।

रांची रिंग रोड से सभा स्थल तक पहुंचाने के लिए रूट मैप भी जारी किया गया है। साथ ही, समाज के लोगों को रैली तक पहुंचने में किसी भी तरह का व्यवधान न हो, इसके लिए संबंधित थाना और टोल टैक्स प्राधिकरणों को भी लिखित रूप से जानकारी दी गई है। ओहदार ने समाज के लोगों से अपील की कि वे पारंपरिक वेशभूषा में रैली में शामिल हों और अपने आगंतुक वाहनों में पीला झंडा जरूर लगाएँ।

# जिला खाद्य सुरक्षा की टीम ने मौके पर ही 40 किलोग्राम जलेबी की नष्ट

## किया पनीर, हल्दी, तेल की गुणवत्ता की जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

लातेहार। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देश पर होली पर्व को देखते हुए जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी डॉ. मोईन अख्तर के नेतृत्व में मेन रोड लातेहार, थाना चौक, स्टेशन रोड स्थित विभिन्न मीट दुकानों, मिष्ठान भण्डारों, भोजनालयों, रेस्टोरेंट, होटलों इत्यादि की संघन जांच की गई। अधिकारियों ने साफ-सफाई की व्यवस्था, खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, भण्डारण व्यवस्था, पैकेजिंग तथा लाइसेंस संबंधित दस्तावेजों की जांच की गई। निरीक्षण के क्रम में मेन रोड लातेहार स्थित कल्लू मीट शॉप में मीट कटिंग में प्रयोग होने वाले लकड़ी का समुचित साफ-सफाई नहीं होने के कारण रुपए 500/- का चालान काटा गया तथा साफ-सफाई हेतु निर्देशित किया गया।

रेस्टोरेंट एवं भोजनालयों में बेचे जा रहे पनीर, हल्दी, तेल इत्यादि की गुणवत्ता की जांच की गई। सड़क के किनारे अवस्थित कुछ अस्थाई भोजनालयों में ऐसे सामाग्रीयों का उपयोग किया जा रहा था। जिसमें बैच नंबर, निर्माण तिथि, एक्सपायरी तिथि अंकित नहीं था, ऐसे सभी खाद्य प्रतिष्ठानों को अच्छी गुणवत्ता वाली खाद्य सामग्रियों का उपयोग करने हेतु निर्देशित किया गया।

मेन रोड लोतहार स्थित मिश्रा स्वीट्स में काफी पुरानी लड्डू पाये गये जिसे मौके पर नष्ट करा दिया गया। मिष्ठान भण्डारों में रसगुल्ला एवं पेड़ा में स्टार्च की मिलावट तथा जलेबी, लड्डू इत्यादि में अखाद्य रंगों की मिलावट की जांच की गई।




स्टेशन रोड स्थित मेसर्स सुनील होटल में बेचे जा रहे जलेबी में अखाद्य रंगों की पुष्टि होने पर लगभग 40 किलोग्राम जलेबी को मौके पर ही नष्ट किया गया तथा सुधार हेतु नोटिस जारी किया गया। निरीक्षण के क्रम में करीब आधा दर्जन प्रतिष्ठानों को फूड लाइसेंस लेने हेतु नोटिस जारी किया गया।

खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी डा.मोईन अख्तर ने बताया कि आम नागरिक खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर एफएसएसएआई द्वारा संचालित फूड सेफ्टी कनेक्ट ऐप्प से घर बैठे ऑनलाइन माध्यम से भी शिकायत दर्ज कर सकते है। उपायुक्त लातेहार के निदेशानुसार इस प्रकार का अभियान संपूर्ण जिला में आगे भी चलता रहेगा।एफएसएसएआई के निर्देश का उल्लंघन करने पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## टीम का गठन

पटना। होली पर शराब तस्करी रोकने और जहरीली शराब घटनाओं से बचाव के लिए बिहार पुलिस की मद्यनिषेध एवं राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो ने सभी जिलों के एसपी को विशेष तौर पर अलर्ट किया है। इसके साथ ही विशेष कार्रवाई के लिए मुख्यालय स्तर से पांच टीमों का गठन किया गया है। इन सभी टीमों का नेतृत्व पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) कर रहे हैं। होली से पहले शराब के लिए बदनाम रहे क्षेत्रों को हाट स्पाट के रूप में भी चिह्नित किया गया है। शराब की होम डिलीवरी करने वालों को भी चिह्नित कर पकड़ा जाएगा। पिछले कुछ सालों में जिन जिलों या क्षेत्रों में जहरीली शराब से मौतें हुई हैं, वहां खासकर इन टीमों को भेजा गया है। इनमें दरभंगा, समस्तीपुर, सारण, गोपालगंज, सिवान, गया, औरंगाबाद, नवादा, मुजफ्फरपुर, मोतिहारी, बेतिया, भागलपुर और बांका जैसे जिले शामिल हैं।

मद्यनिषेध एवं राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के आदेश में कहा गया है कि होली पर मादक पदार्थों और शराब के उपयोग की संभावना बढ़ जाती है।

# अतिक्रमण पर चला बुलडोजर, बिलबिलाए लोग

## रेल लाइन विस्तार को मिली गति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

चक्रधरपुर। हावड़ा-मुंबई मुख्य रेल मार्ग पर रेल लाइन विस्तार कार्य को गति देने के लिए शनिवार को रेल प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। बिसरा और बंडामुंडा रेलवे स्टेशन के बीच नया बस्ती इलाके में रेलवे की जमीन पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए सुबह 10 बजे से बुलडोजर चलाया गया। रेलवे प्रशासन और स्थानीय प्रशासन की संयुक्त टीम ने दोपहर 2 बजे तक 17 पक्के और कच्चे मकानों को ढहा दिया।

कार्रवाई के दौरान किसी भी प्रकार के विरोध या कानून-व्यवस्था की स्थिति से निपटने के लिए बिसरा तहसीलदार प्रेमानंद उर्मा बतौर मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे।



रेलवे अधिकारियों के अनुसार, लाइन विस्तार के लिए इस भूमि का अधिग्रहण काफी पहले किया जा चुका था। अतिक्रमणकारियों को पूर्व में कई बार नोटिस जारी कर जमीन खाली करने का निर्देश दिया गया था।

सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी होने के बावजूद जमीन खाली नहीं किए जाने पर शनिवार को बलपूर्वक यह कार्रवाई सुनिश्चित की गई। मौके पर आरपीएफ, जीआरपी और स्थानीय पुलिस बल की भारी तैनाती की गई थी।

इस जमीन के खाली होने से अब हावड़ा-मुंबई रूट पर रेल लाइन बिछाने के कार्य में तेजी आएगी। इससे भविष्य में ट्रेनों के परिचालन और समयबद्धता में सुधार होगा।

# आरोपित को गिरफ्तार करने गयी टीम पर लोगों ने बोला हमला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

हाजीपुर। बरांटी थाना क्षेत्र के दयालपुर गांव में एक आरोपित को गिरफ्तार करने गई एएलटीएफ टीम पर स्थानीय लोगों ने हमला कर दिया।

हमले में बभनी मठ एएलटीएफ-6 में तैनात एसआई श्रवण कुमार साहू गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दौरान हमलावरों ने एसआई की सरकारी पिस्टल छीनने का प्रयास किया और वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया।इस मामले में एसआई ने बरांटी थाना में 15 नामजद और 15 से 20 अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक महिला को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी थानाध्यक्ष पप्पू कुमार ने दी।

प्राथमिकी में आरोप है कि राजापाकर बरांटी थाना कांड संख्या 113/26 के आरोपित दयालपुर निवासी विक्रम कुमार, पिता नरेश राय के अपने घर आने की गुप्त सूचना पर पुलिस टीम उसे गिरफ्तार करने पहुंची थी।

जैसे ही पुलिस वहां पहुंची तो एक महिला और एक पुरुष पुलिस वाहन देखकर घर के अंदर भागने लगे। चौकीदार ने भागने वालों की पहचान विक्रम के पिता नरेश राय उर्फ घुसकी राय और उसकी मां चिंता देवी के रूप में की।

पुलिस टीम उनके पीछे गई तो वे पड़ोसी चंदेश्वर राय उर्फ विंदेश्वर राय के घर में घुस गए। आरोप है कि वहां मौजूद लोगों ने विरोध करते हुए हंगामा और गाली-गलौज किया तथा पुलिस टीम को घर से बाहर निकाल दिया।

इस दौरान आरोपित विक्रम का वहां से भाग दिया गया। आरोप है कि इसके बाद मौके पर जुटे लोगों ने लाठी-डंडा, भाला-गरासा तथा ईंट-पत्थर से हमला कर दिया। एसआई की सरकारी पिस्टल छीनने का प्रयास किया गया।

हमले में एएलटीएफ-6 के वाहन का पिछला शीशा तोड़ दिया गया और उनके सिर पर प्रहार किया गया, जिससे वे घायल होकर बेहोश हो गए। बाद में पुलिसकर्मियों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, राजापाकर ले जाया, जहां से बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, हाजीपुर रेफर किया गया।

छापामारी के क्रम में जानलेवा हमला में शामिल लोगों की पहचान स्थानीय चौकीदार से कराई गई। प्राथमिकी में दयालपुर निवासी नरेश राय उर्फ घुसकी राय पिता स्व. आन्नदी राय, चंदेश्वर उर्फ विन्देश्वर राय पिता स्व. सीता राम राय, फुल कुमारी देवी पति चंदेश्वर राय उर्फ विंदेश्वर राय को आरोपित किया गया है।

## टिकट काउंटर आज से होगा बंद

भागलपुर। तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय परिसर में संचालित रेलवे का आरक्षण बुकिंग टिकट काउंटर एक मार्च से बंद होने जा रहा है। भागलपुर स्टेशन के दक्षिणी क्षेत्र में स्थित रिजर्वेशन टिकट काउंटर 23 फरवरी से केवल एक पाली में कार्य कर रहा है। पहले यह काउंटर सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे और फिर दोपहर दो बजे से रात आठ बजे तक दो पालियों में चलता था, लेकिन हाल ही में दूसरी पाली का काउंटर बंद कर दिया गया है। अब वहां कार्यरत कर्मियों की ड्यूटी आरक्षण टिकट केंद्र के अन्य काउंटरों पर लगाई जा रही है। जिन लोगों को ऑनलाइन बुकिंग की जानकारी नहीं है, उन्हें अब भागलपुर स्टेशन के रिजर्वेशन टिकट केंद्र पर जाकर टिकट कटवाने की आवश्यकता होगी। वहीं, दक्षिणी क्षेत्र का काउंटर बंद होने से वहां के निवासियों को भी टिकट बुकिंग के लिए भागलपुर स्टेशन आना पड़ेगा। यह आरक्षण टिकट बुकिंग काउंटर अप्रैल 2013 में छात्रों, विश्वविद्यालयकर्मियों और आसपास के लोगों की सुविधा के लिए खोला गया था।

# निकाय चुनाव में झामुमो समर्थित रवि राउत ने जीती बाजी

## बाबा का मिला आर्शीवाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

देवघर। झारखंड का देवघर देशभर में बाबा बैद्यनाथ मंदिर के लिए प्रसिद्ध है। झारखंड के 48 नगर निकायों में देवघर भी शामिल है। सभी नगर निकायों के साथ 23 फरवरी को देवघर नगम निगम का चुनाव हुआ था। चुनाव में झामुमो समर्थित मेयर प्रत्याशी रवि राउत को बाबा बैद्यनाथ का आशीर्वाद मिला है।

देवघर नगर निगम चुनाव की मतगणना शुक्रवार सुबह शुरू हुई। देर रात परिणाम आया। मेयर चुनाव में झामुमो समर्थित रवि राउत ने जीत दर्ज की। उन्हें 24719 मत मिले। दूसरे नंबर पर रीता चौरसिया को 19571 और तीसरे नंबर पर नागेंद्र नाथ बलियासे को 15346 मतों से संतोष करना पड़ा। रवि राउत की जीत का 5148 मत रहा।

मेयर पद पर 18 प्रत्याशी भाग्य आजमाने उतरे थे। उसमें भाजपा समर्थित प्रत्याशी रीता चौरसिया और झामुमो समर्थित उम्मीदवार रवि राउत के बीच तीसरे चरण तक रोचक मुकाबला होता दिखा।



चुनाव परिणाम के रूझान में तीसरे राउंड तक रीता चौरसिया आगे रही, लेकिन लीड का अंतर कम हो गया। और चौथे राउंड में वह बरकरार नहीं रख पायी।

इसके बाद रवि राउत ने रीता चौरसिया के लीड को कम किया। चौथे राउंड के बाद वह पीछे मुड़कर नहीं देखे और अपने फासले को इतना बढ़ा दिया कि अपने प्रतिद्वंदी को काफी पीछे छोड़ दिया। इसके बाद नागेंद्र नाथ बलियासे तीसरे नंबर पर रहे। बाबा बलियासे को भी पहले राउंड से ही दो हजार से अधिक मत प्राप्त हो रहा था। चौथे नंबर पर उमाशंकर सिंह रहे।

# धोनी को झारखंड स्टेट हाउसिंग बोर्ड का नोटिस

- रेजिडेंशियल प्लॉट पर पैथोलॉजी लैब चलाने का आरोप, 15 दिन में मांगा जवाब

**रांची (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को झारखंड स्टेट हाउसिंग बोर्ड ने नोटिस जारी किया है। मामला रांची के हरमू इलाके में स्थित ॥-10 आवासीय प्लॉट से जुड़ा है। बोर्ड का आरोप है कि यह प्लॉट केवल आवासीय उद्देश्य से आवंटित किया गया था, लेकिन वर्तमान में वहां कथित तौर पर एक पैथोलॉजी लैब संचालित की जा रही है। अधिकारियों के अनुसार, यह आवंटन की शर्तों का उल्लंघन है। नोटिस में धोनी से इस



संबंध में स्पष्टीकरण मांगा गया है। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर संतोषजनक जवाब नहीं मिलता है, तो प्लॉट का आवंटन रद्द करने की सिफारिश की जा सकती है। बोर्ड की कार्रवाई तेज, पहले भी शुरू हुई है जांच सूत्रों के अनुसार, हाउसिंग बोर्ड ने हाल के दिनों में ऐसे कई मामलों की समीक्षा शुरू की है, जिनमें आवासीय प्लॉट का उपयोग व्यावसायिक गतिविधियों के लिए किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि नियमों का उल्लंघन किसी के लिए भी स्वीकार्य नहीं है, चाहे वह आम नागरिक हो या कोई चर्चित हस्ती। बोर्ड का उद्देश्य आवंटन की शर्तों को सख्ती से लागू करना है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने धोनी की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें झारखंड का गौरव बताया था।

**15 दिनों में देना होगा जवाब, जवाब पर कार्रवाई निर्भर–** नोटिस में महेंद्र सिंह धोनी को 15 दिनों के भीतर जवाब देने को कहा गया है। उनके स्पष्टीकरण के आधार पर ही आगे की कार्रवाई तय की जाएगी ।जानकारी के मुताबिक, धोनी फिलहाल हरमू स्थित इस मकान में नहीं रहते हैं। उन्होंने रिंग रोड पर अपना फार्महाउस बना रखा है और रांची प्रवास के दौरान वहीं ठहरते हैं।

अब सबकी नजर उनके जवाब पर टिकी है। यदि हाउसिंग बोर्ड को उनका जवाब संतोषजनक नहीं लगा, तो आवंटन रद्द करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा सकती है।

# रिंकू सिंह अलीगढ़ से कोलकाता रवाना

- टीम इंडिया से जुड़ेंगे, रिश्तेदारों से बोले- मां का ख्याल रखना, भाई ने पिता की अस्थियां विसर्जित कीं

**अलीगढ़ (एजेंसी)।** क्रिकेटर रिंकू सिंह शनिवार को अलीगढ़ से कोलकाता के लिए रवाना हो गए हैं। टी–20 वर्ल्ड कप में वेस्ट इंडीज के खिलाफ करो या मरो वाले मुकाबले से पहले टीम इंडिया के साथ जुड़ेंगे। इससे पहले बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने मीडिया को बताया था कि रिंकू शनिवार को टीम में शामिल हो रहे हैं। दरअसल, कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में वेस्ट इंडीज के खिलाफ मैच एक वर्चुअल नॉकआउट है, जिसमें



जीतने वाली टीम ग्रुप–1 से साउथ अफ्रीका के साथ सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करेगी। रिंकू ने अब तक टूर्नामेंट की 5 पारियों में 24 रन बनाए हैं। यह रिंकू का पहला ही वर्ल्ड कप है।

इससे पहले शुक्रवार को रिंकू के पिता खानचंद सिंह का नोएडा के अस्पताल में निधन हो गया था। वे 60 साल के थे। उन्हें फोर्थ स्टेज लिवर कैंसर था। रिंकू पिता के अंतिम संस्कार के लिए चेन्नई से सीधे अलीगढ़ पहुंच गए थे। रिंकू के बड़े भाई सोनू ?शनिवार सुबह पिता की अस्थियां गंगा में विसर्जित करने राजघाट गए थे। सोनू के वापस लौटने के बाद रिंकू दोपहर 12 बजे अलीगढ़ से दिल्ली के लिए निकले। वहां से शाम 5 बजे फ्लाइट पकड़कर कोलकाता पहुंचेंगे।

# आज भारत-वेस्टइंडीज के बीच मुकाबला

- मौसम बड़े मुकाबले में खलल डाल सकती है
- जो जीता वो सेमीफाइनल में

**कोलकाता (एजेंसी)।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच 1 मार्च को कोलकाता में होने वाला मुकाबला सेमीफाइनल की दृष्टि से बेहद अहम है। यह मैच किसी क्वार्टरफाइनल से कम नहीं माना जा रहा। दोनों टीमों के लिए जीत जरूरी है, लेकिन फैंस के मन में एक सवाल है–क्या बारिश इस बड़े मुकाबले में खलल डाल सकती है? भारत बनाम वेस्टइंडीज मैच रविवार, 1 मार्च को कोलकाता के ऐतिहासिक ईडन गार्डन में खेला जाएगा। मुकाबला भारतीय समयानुसार शाम 7 बजे शुरू होगा, जबकि टॉस 6ः30 बजे होगा।

**सेमीफाइनल के लिए 'करो या मरो' मुकाबला–** भारतीय टीम ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 72 रन से जीत दर्ज कर अपनी उम्मीदें जिंदा रखी हैं। अब टीम इंडिया को शाई होप की अगुवाई वाली वेस्टइंडीज टीम को हराकर सेमीफाइनल का टिकट पक्का करना होगा। वहीं, विंडीज भी जीत के साथ टॉप-4 में जगह बना सकती है। ऐसे में यह मुकाबला बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है। रिपोर्ट्स के मुताबिक 1 मार्च को कोलकाता में बारिश की संभावना नहीं है। मैच के दौरान आसमान साफ रहने की उम्मीद है।दिन में तापमान करीब 34 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है, जबकि शाम को




यह घटकर 25-26 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। फिलहाल मौसम पूरी तरह से क्रिकेट के अनुकूल नजर आ रहा है और फैंस को पूरे 40 ओवर का खेल देखने को मिल सकता है।

## अगर बारिश हुई तो क्या होगा?

हालांकि बारिश की संभावना कम है, लेकिन अगर किसी कारणवश मैच रद्द होता है तो समीकरण बदल



जाएंगे। भारत और वेस्टइंडीज दोनों के पास फिलहाल 2-2 अंक हैं। मैच रद्द होने पर दोनों को एक-एक अंक मिलेगा और तीन-तीन अंक हो जाएंगे।ऐसी स्थिति में बेहतर नेट रन रेट के आधार पर वेस्टइंडीज सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर सकती है।

# जम्मू–कश्मीर 67 साल में पहली बार रणजी चैंपियन बना

- फाइनल मैच ड्रॉ रहा, कर्नाटक के खिलाफ पहली पारी में बढ़त के आधार पर जीत तय हुई

**हुबली (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर ने रणजी ट्रॉफी में इतिहास रच दिया है। टीम ने पहली बार रणजी ट्रॉफी का खिताब जीत लिया है। टीम 1959 से इस टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही है और 67 साल बाद पहला खिताब जीता है। इस जीत पर जम्मू एंड कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने टीम को 2 करोड़ की इनामी राशि देने का ऐलान किया है। बेंगलुरु के पास हुवली क्रिकेट ग्राउंड पर 5 दिन मैच में 24 फरवरी को जम्मू एंड कश्मीर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 584 रन बनाए थे। इसके बाद उन्होंने कर्नाटक को 293 रन पर ऑल आउट कर दिया था।

दूसरी पारी में जम्मू कश्मीर ने 4 विकेट पर 342 रन बनाए और पारी डिक्लेयर कर दी। पहली पारी में मिली बढ़त की आधार पर जम्मू कश्मीर की टीम को विजेता घोषित किया गया। टीम ने 8 बार की विजेता कर्नाटक को हराया है।

**5वें दिन कामरान-साहिल के शतक–** जम्मू-कश्मीर ने 5वें और आखिरी दिन 186/4 के स्कोर से खेलना शुरू किया। कामरान इकबाल (160) और साहिल लोत्रा (101) ने नाबाद




शतक लगाया। टीम ने लंच के बाद लंच सेशन के बाद 342/4 को स्कोर पर दूसरी पारी डिक्लेयर कर दी, इसी को साथ मैच ड्रॉ घोषित कर दिया गया। शुक्रवार को मुकाबले के चौथे दिन टीम ने 4 विकेट गंवा दिए। यावर हसन 1, शुभम पुंदीर 4, कप्तान पारस डोगरा 16 और अब्दुल समद 32 रन बनाकर आउट हुए। कर्नाटक से प्रसिद्ध कृष्णा 2 विकेट ले चुके हैं। विजयकुमार वैशाख और श्रेयस गोपाल को 1-1 विकेट मिला।

**पहली पारी में शुभम पुंदीर का शतक–** गुरुवार को मुकाबले के पहले दिन जम्मू-कश्मीर ने टॉस जीतकर बैटिंग चुन ली। यावर हसन ने 88, शुभम पुंदीर ने 121, कप्तान पारस डोगरा ने 70, अब्दुल समद ने 61, विकेटकीपर कन्हैया वाधवान ने 70 और साहिल लोत्रा ने 72 रन बनाकर टीम को 584 तक पहुंचा दिया।

जम्मू कश्मीर ने ढाई दिन बैटिंग की और कर्नाटक के गेंदबाजों को विकेट के लिए तरसाया। होम टीम के लिए प्रसिद्ध कृष्णा ने 5 विकेट लिए। विद्याधर पाटील, विजयकुमार वैशाख, श्रेयस गोपाल और शिखर शेट्टी ने 1-1 विकेट लिया।

## सेमीफाइनल में बंगाल,क्वार्टर फाइनल में एमपी को हराया

ग्रुप स्टेज में जम्मू कश्मीर ने 3 मैच जीते और 3 मुकाबले ड्रॉ खेलकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। ग्रुप में टीम को इकलौती हार मुंबई के खिलाफ मिली। क्वार्टर फाइनल में टीम ने इंदौर में होम टीम मध्य प्रदेश को 56 रन के करीबी अंतर से हरा दिया। सेमीफाइनल में फिर बंगाल को 99 पर ऑलआउट किया और 6 विकेट से मुकाबला जीत लिया। अब फाइनल में टीम कर्नाटक को हराने के करीब है।

**कर्नाटक 11 साल बाद फाइनल में पहुंचा था–** कर्नाटक ने भी ग्रुप–बी में 3 ही मुकाबले जीते और 3 ड्रॉ खेले। टीम को इकलौती हार टेबल टॉपर मध्य प्रदेश के खिलाफ मिली थी। कर्नाटक ने क्वार्टर फाइनल में मुंबई जैसी मजबूत टीम को उन्हीं के होमग्राउंड पर 4 विकेट से हरा दिया। उत्तराखंड के खिलाफ टीम ने पहली पारी में बढ़त के आधार पर सेमीफाइनल जीत लिया। टीम अब पहली पारी में बढ़त नहीं ले पाने के कारण ही फाइनल हार रही है।

# चैंपियंस लीग फुटबॉल- राउंड ऑफ 16 का शेड्यूल

- 15 बार की विजेता रियल मैड्रिड से भिड़ेगी मैनचेस्टर सिटी
- लिवरपूल-आर्सनल के सामने भी मजबूत चुनौती




**मैनचेस्टर सिटी (एजेंसी)।** रियल मैड्रिड और मैनचेस्टर सिटी के बीच अब तक 15 मैच खेले गए। दोनों को 5-5 में जीत मिली, जबकि 5 मुकाबले ड्रॉ भी रहे।

यूरोप के सबसे बड़े फुटबॉल टूर्नामेंट ईएफए चैंपियंस लीग (सीएल) के राउंड-ऑफ-16 के ड्रॉ निकल चुके हैं। इंग्लैंड की मैनचेस्टर सिटी और रिकॉर्ड 15 बार की विजेता रियल मैड्रिड एक बार फिर आमने-सामने होंगी। इस मुकाबले को टूर्नामेंट का सबसे बड़ा मैच भी माना जा रहा है, क्योंकि दोनों ही टीमें टाइटल जीतने की दावेदार हैं।

कोच पेप ग्वार्डिओला की मैनचेस्टर सिटी और कार्लो एंसेलोटी की रियल मैड्रिड के बीच पिछले कुछ सालों में एक नई राइवलरी पैदा हो गई है। पिछले सीजन भी दोनों टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले हुए थे। फुटबॉल फैंस भी सोशल मीडिया पर इस मैच को लेकर काफी उत्साहित हैं। सिटी के पास अर्लिंग हालैंड जैसा स्ट्राइकर है, वहीं मैड्रिड के पास विनिशियस जूनियर और जूड बेलिंगम जैसे स्टार प्लेयर्स हैं।

# इंग्लैंड ने लगातार तीसरा सुपर-8 मैच जीता

## न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराया, कीवियों की उम्मीदें पाकिस्तान पर टिकीं

**कोलंबो (एजेंसी)।** इंग्लैंड ने टी-20 वर्ल्ड कप के 9वें सुपर-8 मैच में न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हरा दिया है। इस जीत ने पाकिस्तान के सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें कायम रखी हैं। शुक्रवार को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। कीवियों ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 159 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड की टीम ने 19.3 ओवर में 6 विकेट पर टारगेट हासिल कर लिया।

विल जैक्स प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। उन्होंने 18 बॉल पर नाबाद 32 रन की पारी खेली।

**जैक्स–अहमद की साझेदारी ने अंग्रेजों को जिताया–** इंग्लैंड की ओर से विल जैक्स ने 18 बॉल पर नाबाद 32 रन बनाए। वहीं, रेहान अहमद ने 7 बॉल पर दो छक्के के सहारे नाबाद 19 रन बना डाले। दोनों ने 7वें विकेट के लिए 16 बॉल पर नाबाद 44 रन की साझेदारी कर डाली। यही साझेदारी गेम चेंजर साबित हुई।

# फिटनेस की नई रेस 'हायरॉक्स' भारत में वायरल

- पिछले साल मई में हुई शुरुआत, अब 11-12 अप्रैल को बेंगलुरु में होगी, 29 देशों में है पॉपुलर

**नई दिल्ली/मुंबई (एजेंसी)।** हायरॉक्स में प्रतिभागी 1 किलोमीटर दौड़ते हैं और उसके बाद एक फंक्शनल एक्सरसाइज का सेट पूरा करते हैं, जैसे स्लेड पुश, रोइंग, बर्पी ब्रॉड जंप या वॉल बॉल। भारत में फिटनेस अब जिम या मैराथन तक सीमित नहीं रही। अब चर्चा है हायरॉक्स की। यह दुनिया की सबसे बड़ी इनडोर फिटनेस रेस है जो रनिंग और फंक्शनल वर्कआउट को एक फॉर्मेट में जोड़ती है। यह एक हायब्रिड फिटनेस का रूप है। पिछले साल मई में भारत में हायरॉक्स की शुरुआत हुई। अब 11, 12 अप्रैल को यह रेस बेंगलुरु में होनी है।

**हायरॉक्स को जानिए–** इसमें प्रतिभागी 1 किलोमीटर दौड़ते हैं और उसके बाद एक फंक्शनल एक्सरसाइज का सेट पूरा करते हैं, जैसे स्लेड पुश, रोइंग, बर्पी ब्रॉड जंप या वॉल बॉल। यह कुल आठ बार दोहराया जाता है। आखिर में देखते हैं कि किसने कितनी देर में इसे पूरा किया। यह एक हाइब्रिड फिटनेस का रूप है, खास बात है कि यह किसी स्पोर्ट्स




कॉम्प्लेक्स में नहीं बल्कि बड़े इंडोर सेंटर्स में आयोजित होती है।

**स्टार्टअप फाउंडर्स से लेकर क्रिकेटर्स तक शामिल–** शुगर कॉस्मेटिक की फाउंडर विनीता सिंह, ने भारत में हुई तीनों हायरॉक्स रेस में हिस्सा लिया है, इसे एक ऐसे एग्जाम की तरह मानती हैं जिसके लिए वे तैयारी भी करती हैं। जेरोधा के फाउंडर नितिन कामत ने मुंबई में आयोजित हायरॉक्स में हिस्सा लिया था। दिल्ली में हुए हायरॉक्स में भारतीय क्रिकेटर्स रवि बिश्नोई और रियान पराग जैसे चेहरे भी शामिल हुए थे।

## भारत में एक साल में 5 गुना से ज्यादा एंट्री

पिछले साल मई में भारत में हायरॉक्स की शुरुआत हुई। मुंबई में हुए पहले हायरॉक्स में 1650 लोगों ने हिस्सा लिया था। अब 11–12 अप्रैल को बेंगलुरु में हायरॉक्स होनी है, इसके लिए 8500 लोग पहले ही जुड़ चुके हैं, यानी करीब एक साल में एंट्री लगभग 5 गुना से ज्यादा बढ़ गई हैं। बेंगलुरु के बाद जुलाई और सितंबर में हायरॉक्स इवेंट दिल्ली–मुंबई में भी होना है।

यह एक फुल–डे इवेंट होता है, जो सुबह 7ः30 बजे से रात 10 बजे तक चलता है। एंट्री फीस आमतौर पर 3,000 से 10,000 रुपए के बीच होती है।

# विल जैक्स ने शेन वॉटसन की बराबरी की

**कोलंबो (एजेंसी)।** इंग्लैंड ने टी-20 वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हरा दिया। शुक्रवार को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में न्यूजीलैंड ने 7 विकेट खोकर 159 रन बनाए। इंग्लैंड ने 19.3 ओवर में 6 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। जीत के हीरो रहे विल जैक्स, जिन्होंने 18 गेंद पर नाबाद 32 रन की तेज पारी खेली और 2 विकेट भी लिए। वे प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। यह उनके वर्ल्ड कप करियर का चौथा प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड रहा, इसी के साथ उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के शेन वॉटसन की बराबरी कर ली। दूसरी ओर जोस बटलर टी-20 इंटरनेशनल में 10वीं बार शून्य पर आउट हुए।

**विल जैक्स ने चौथा प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीता–** इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में अपना चौथा प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीत लिया। इसी के साथ उन्होंने एक ही एडिशन में सबसे ज्यादा अवॉर्ड जीतने के मामले में शेन वॉटसन की बराबरी कर ली, जिन्होंने भी



## सबसे ज्यादा 4 प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीते, बटलर 10वीं बार शून्य पर आउट

2012 में 4 अवॉर्ड हासिल किए थे। तब वॉटसन प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी बने थे। वहीं, 2022 में सिकंदर रजा ने तीन बार यह सम्मान पाया था।

**स्पिनर्स ने 31 ओवर्स फेंके–** टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में कोलंबो का आर प्रेमदासा स्टेडियम स्पिनर्स के लिए सबसे मददगार साबित हुआ। न्यूजीलैंड-इंग्लैंड मैच में 31 ओवर स्पिनर्स ने फेंके। यह टूर्नामेंट इतिहास के एक मैच में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा रहे। इससे पहले इसी वर्ल्ड कप में भारत-पाकिस्तान मुकाबले में भी दोनों टीमों के स्पिनर्स ने मिलकर 31 ओवर डाले थे।

**बटलर इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा बार शून्य पर आउट–** जोस बटलर शुक्रवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ खाता भी नहीं खोल सके। वे इंग्लैंड के लिए टी-20 में सबसे ज्यादा 10 बार शून्य पर आउट हुए हैं। उनके बाद ल्यूक राइट और मोईन अली 9-9 बार डक हुए, जबकि जेसन रॉय 7 बार शून्य पर आउट हुए हैं।

## न्यूजीलैंड के 2 बल्लेबाज स्टंपिंग आउट हुए

न्यूजीलैंड के 2 बल्लेबाज टिम साइफर्ट और मार्क चापमन स्टंपिंग आउट हुए। 7वें ओवर में आदिल रशीद ने टिम साइफर्ट को धीमी गेंद डाली। साइफर्ट बड़ा शॉट खेलने के लिए क्रीज से बाहर निकले, लेकिन गेंद मिस कर गए, इतने में विकेटकीपर जोस बटलर ने स्टंपिंग कर दी। साइफर्ट 35 रन बनाकर आउट हुए ।15वें ओवर में आदिल रशीद ने मार्क चापमन के खिलाफ भी वही रणनीति अपनाई। चापमन लॉन्ग–ऑन के ऊपर शॉट खेलने के लिए आगे बढ़े, लेकिन गेंद की रफ्तार कम थी। शॉट में जल्दबाजी हुई, बैलेंस बिगड़ा और बटलर ने आसान स्टंपिंग कर दी। चापमन 15 रन बनाकर पवेलियन लौटे।

## संक्षिप्त समाचार

### एआई समिट प्रोटेस्ट मामले में कांग्रेस को बड़ी राहत, यूथ प्रेसिडेंट उदय भानु चिब को मिली जमानत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन यूथ कांग्रेस (आईवाईसी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब को दिल्ली में इम्पैक्ट समिट पर हुए विरोध प्रदर्शन से जुड़े मामले में जमानत मिल गई है। दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच ने उनकी पुलिस कस्टडी को सात दिनों के लिए बढ़ाने की अर्जी दी थी, लेकिन ड्यूटी मजिस्ट्रेट ने इसे खारिज कर दिया। अधिवक्ता सुलेमान मोहम्मद खान के अनुसार, पुलिस ठोस कारण नहीं बता सकी, जिसके चलते मजिस्ट्रेट ने जमानत मंजूर की। यह मामला गत 20 फरवरी को भारत मंडपम में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान आईवाईसी के शर्टलेस प्रोटेस्ट से संबंधित है, जिसमें पुलिस ने चिब को मुख्य साजिशकर्ता बताते हुए गिरफ्तार किया था। विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज होने के बाद जांच क्राइम ब्रांच को सौंपी गई थी। कोर्ट ने पुलिस की अन्य दो आरोपियों की रिमांड अर्जियों पर भी फैसला सुनाया, लेकिन चिब की जमानत पर फोकस रहा। जमानत के साथ लगाई गईं शर्तें अधिवक्ता ने बताया कि जमानत के साथ कुछ शर्तें लगाई गई हैं, जिनमें चिब को अपना पासपोर्ट और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स कोर्ट में सरेंडर करना होगा तथा 50,000 रुपये का एक जमानतदार पेश करना होगा। यह फैसला यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए राहत की बात मानी जा रही है, जबकि पुलिस की रिमांड मांग को अपर्याप्त ठहराया गया है।

### पहले बनारस फिर लखनऊ डायवर्ट... काठमांडू जा रही एअर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट 18 घंटे तक फंसी, 180 यात्री रहे परेशान




**नई दिल्ली, एजेंसी।** बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (केइआई) 180 यात्रियों को नेपाल लेकर जा रहा एअर इंडिया का विमान 18 घंटे से अधिक समय तक फंसा रहा। जिसके कारण यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। दरअसल, एअर इंडिया विमान गुरुवार सुबह 10:30 बजे बेंगलुरु से रवाना हुआ और इसे दोपहर 1:25 बजे काठमांडू में उतरना था। लेकिन काठमांडू में खराब मौसम के कारण एअर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान को दो बार (वाराणसी और लखनऊ) डायवर्ट करना पड़ा।

**यात्रियों ने किया विरोध :** बुनियादी सुविधाओं के अभाव और अनिश्चितता से नाराज यात्रियों ने बेंगलुरु एयरपोर्ट के टर्मिनल-2 पर विरोध प्रदर्शन किया, एयरलाइन के खिलाफ नारे लगाए।

### एक पिन से जोड़ी जाएंगी मांझे से क्षतिग्रस्त पक्षियों के पंख की हड्डियां, तोते पर प्रयोग रहा सफल

**जबलपुर, एजेंसी।** नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के सर्जरी विभाग में किए गए शोध में पक्षियों के कटे और क्षतिग्रस्त पंखों को जोड़ने की प्रभावी तकनीक विकसित की गई है। अब तक पक्षियों के टूटे या कटे पंखों को दोबारा बनाना पशुचिकित्सा विज्ञान में चुनौतीपूर्ण माना जाता है। पक्षियों की नाजुक हड्डियां और हल्की शारीरिक संरचना सर्जरी को जोखिमपूर्ण बनाती है।

अब इसी चुनौती को आसान बनाने का कार्य सर्जरी विभाग के पीजी छात्र डॉ. अनिकेत त्यागी ने किया है। शोध के दौरान उन्होंने मांझे से घायल एक तोते के क्षतिग्रस्त पंख की हड्डी को 25 नवंबर 2025 को सफलतापूर्वक जोड़ा। सर्जरी से पहले तोते को सुरक्षित तरीके से बेहोश किया गया। इसके बाद पंख की टूटी हड्डी को एक छोटी धातु पिन (इंट्रामेडुलरी पिनिंग तकनीक) की सहायता से मुख्य हड्डी के सहारे स्थिर किया गया।

# हत्या के बाद भी नींद से नहीं जागी रेलवे पुलिस! स्टेशनों पर हर तरफ लापरवाही

## बेसुध पड़े दिखे नशेड़ी और न लगे कैमरे






**नई दिल्ली, एजेंसी।** पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के यार्ड में हाल ही में हुई हत्या की वारदात ने रेलवे स्टेशनों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

बता दें कि चार आरोपियों ने एक युवक की हत्या कर उसका शव ट्रेन के शौचालय में फेंक दिया था, जिसे बाद में रेवाड़ी में बरामद किया गया। मामले में जीआरपी ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन घटना ने स्टेशन की सुरक्षा खामियों को उजागर कर दिया है।

### कई खामियां सामने आईं

शुक्रवार को स्टेशन की पड़ताल की गई तो कई लापरवाही सामने आईं। स्टेशन परिसर में वाहनों का प्रवेश बिना किसी सख्त जांच के हो रहा था। कई स्थानों पर न तो वाहनों की चेकिंग हो रही थी और न ही संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी दिखी। यात्रियों को भी बिना मेटल डिटेक्टर जांच के प्लेटफार्म पर प्रवेश मिल रहा था। हालांकि, उनके सामान की जांच हो रही थी। वहीं, सबसे चिंताजनक स्थिति स्टेशन के यार्ड में देखने को मिली, जहां कोई सुरक्षाकर्मी तैनात नहीं था। यार्ड क्षेत्र में बिना रोक-टोक लोगों की आवाजाही हो रही थी। यार्ड के बाहर कई नशेड़ी बेसुध हालत में पड़े मिले। वहां न तो सीसीटीवी कैमरे लगे हैं और न ही पुलिस की नियमित गश्त नजर आई। रात के समय अंधेरा होने से हालात और गंभीर हो जाते हैं, जिससे आपराधिक तत्वों को वारदात अंजाम देने का अवसर मिल सकता है। करीब-करीब ऐसी ही स्थिति आनंद विहार रेलवे स्टेशन और हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन पर भी देखने को मिली। हालांकि, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नजर आए, जहां प्रवेश द्वारों पर जांच और सुरक्षाकर्मी तैनात दिखे।

### हजरत निजामुद्दीन स्टेशन में भी सुरक्षा में खामी

हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन के मेन गेट समेत दोनों आरओबी के प्रवेश व निकासी प्वाइंट पर सुरक्षा जांच सजगता से होती मिली, जबकि बीच में आरओबी पर यहां-वहां यात्रियों का जमावड़ा मिला। प्लेटफार्म पर भी इक्का-दुक्का सुरक्षा कर्मी ही दिखे। कंट्रोल रूम से सीसीटीवी कैमरों के जरिये निगरानी की जा रही थी। वहीं, प्लेटफार्म नंबर एक से लेकर आठ पर यार्ड की ओर सुरक्षा में बड़ी खामी भी दिखी। इसी ओर से ट्रेनों के पार्सल यान में लगेज लोड होने के लिए लाए जाते हैं। सामने से टीटीई विश्रामालय की तरफ से कोई भी स्टेशन में आसानी से प्रवेश कर सकता है। यहां न तो सीसीटीवी कैमरे दिखे और न ही सुरक्षाकर्मी ही तैनात मिले। प्लेटफार्म नंबर दो-तीन, पांच और आठ पर भारी मात्रा में लगेज रखे मिले। प्लेटफार्म आठ पर दो सुरक्षाकर्मी तैनात मिले तो वहीं पांच और दो व तीन नंबर प्लेटफार्म पर स्थिति भगवान भरोसे मिली। आनंद विहार रेलवे स्टेशन के यार्ड में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंध नहीं दिखी। रेलवे लाइन के जरिये लोग यार्ड तक चोरी छिपे पहुंच जाते हैं। यह सुरक्षा में चूक हो सकती है। हालांकि, रेलवे प्लेटफार्म से यार्ड में आम लोगों का पहुंचना मुश्किल है। आरपीएफ व जीआरपी के जवान यार्ड के पास भी गश्त करते हैं।



### भारत की सीमाएं होंगी अभेद्य, लद्दाख में बनेगी दुनिया की सबसे ऊंची सुरंग

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरकार सुरंग निर्माण में केवल हिमालय तक सीमित नहीं है। महाराष्ट्र की खमशेत-कासरघाट सुरंग का अपना महत्व है। महाराष्ट्र के पश्चिमी घाट में ट्रैफिक को सुचारू करने के लिए भी बड़ी योजना पर काम चल रहा है। केंद्र सरकार रणनीतिक और सामरिक सुरंगों का जाल बिछाकर भारतीय सीमाएं अभेद्य बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। जम्मू-कश्मीर से लेकर पूर्वोत्तर में बनने वाली ये सुरंगें न सिर्फ चीन और पाकिस्तान की सीमाओं पर भारत की सैन्य ताकत को दोगुना कर देंगी बल्कि हिमालय के सुदूर दुर्गम क्षेत्र में हर मौसम में सड़क संपर्क भी मुहैया कराएंगी। अन्य राज्यों की सुरंग परियोजनाएं सामाजिक-आर्थिक विकास को गति देंगी। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सरकार ने छह सुरंग परियोजनाओं की लंबित डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) का कार्य फास्ट ट्रैक पर लाने के निर्देश दिए हैं। मौजूदा पाइपलाइन में सबसे अहम शिंकु ला सुरंग (4.1 किलोमीटर) है।

# दिल्ली में कारोबार में घाटे के बाद इंस्टाग्राम से फंसाकर लूटने वाले गैंग का भंडाफोड़, सरगना समेत 7 दबोचे





**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली की बाहरी जिला पुलिस ने इंस्टाग्राम के जरिये फंसाकर लूटपाट करने वाले गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में गिरोह का सरगना और साजिशकर्ता भी शामिल है, जो कारोबार में 70 लाख रुपये का घाटा होने पर वारदात करने लगा था। अब तक गिरोह ने पांच लोगों को शिकार बनाया है।

डीसीपी सचिन शर्मा ने बताया कि एनएसआईटी से बीटेक की पढ़ाई कर रहे छात्र ने रविवार को दिल्ली पुलिस को शिकायत दी थी। पीड़ित ने बताया था कि उसने इंस्टाग्राम पर कम कीमत पर क्रिप्टोकरेंसी बेचने का विज्ञापन देखा था। उसने विज्ञापन में दिए फोन नंबर पर कॉल किया तो विज्ञापन देने वाले ने उसे रुपये लेकर पश्चिम विहार ईस्ट मेट्रो स्टेशन के बाहर बुलाया। जब वह वहां पहुंचा तो बदमाशों ने पिस्टल दिखाकर उससे 1.83 लाख रुपये लूट लिए।

**इंस्टाग्राम-मोबाइल नंबर से गैंग तक पहुंची पुलिस :** पीड़ित छात्र की शिकायत के आधार पर पश्चिम विहार ईस्ट थाने में एफआईआर दर्ज कर ली गई। एसटीएफ प्रभारी इंस्पेक्टर राजपाल मीणा की टीम ने इंस्टाग्राम और मोबाइल नंबर के सहारे जांच शुरू की और फिर मंगलवार को अमित रेसर को पकड़ा। इसके बाद अमित जैन, प्रीतपाल, अभय, निखिल, शिवम और हरीश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को इनके कब्जे से लूटी गई रकम से 1.45 लाख रुपये नकद, पिस्टल, कार और दो दोपहिया वाहन बरामद हुए हैं।

**चावल कारोबारी है गिरोह का सरगना :** दिल्ली पुलिस की जांच में मालूम में हुआ है कि गिरोह का सरगना अमित जैन एक चावल कारोबारी है। लेकिन कारोबार में घाटा होने के बाद वह सोशल मीडिया के जरिये शिकार फंसा कर साथियों के साथ लूट करने लगा। अभी तक की जांच में पांच और वारदातों का पता चला है, लेकिन सिर्फ एक मामले में सुभाष प्लेस थाने में 9 फरवरी को एफआईआर दर्ज हुई है। इन्होंने सभी वारदातें नवंबर से फरवरी के बीच में की हैं।

# दिल्ली में फरवरी की गर्मी ने तोड़े रिकॉर्ड



**नई दिल्ली, एजेंसी।** तेजी से बदलते मौसम के बीच इस साल फरवरी ने पिछले तीन सालों का गर्मी का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। मौसम विभाग के डेटा के मुताबिक, इस साल फरवरी का औसत ज्यादा से ज्यादा तापमान 26.9 डिग्री सेल्सियस रहा, जिससे यह 2011 और 2025 के बीच तीसरा सबसे गर्म फरवरी बन गया। डेटा देखें तो, 2011 के बाद से सिर्फ़ दो फरवरी ही इससे ज्यादा गर्म रहे हैं। 2023 में औसत ज़्यादा से ज़्यादा तापमान 28.2 डिग्री सेल्सियस था, और 2021 में यह 27.6 डिग्री सेल्सियस था। इस महीने का औसत ज़्यादा से ज़्यादा तापमान 26.9 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से काफी ज्यादा है। इस महीने गर्मी बढ़ने का एक मुख्य कारण बारिश की काफ़ी कमी थी। फरवरी में आमतौर पर होने वाली 21.3 बारिश के मुकाबले इस साल सिर्फ 0.5 द्वद्व बारिश हुई, जो नॉर्मल से 97 परसेंट कम है। शुक्रवार इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा, जिसमें टेम्प्रेचर नॉर्मल से 5.8 डिग्री ज्यादा 31.9 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच गया। मिनिमम टेम्प्रेचर नॉर्मल से 0.6 डिग्री ज़्यादा 13.1 डिग्री सेल्सियस रहा। ह्यूमिडिटी लेवल 87 से 23 परसेंट के बीच रहा। मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक, 1 से 5 मार्च के बीच 15 से 25 की स्पीड से तेज हवाएं चलने की उम्मीद है। हालांकि धूप निकलने से टेम्प्रेचर 30 से 35 डिग्री के बीच रहेगा, लेकिन हवाएं इसे बहुत तेजी से बढ़ने से रोकेंगी। शनिवार को आसमान साफ रहने की उम्मीद है। मैक्सिमम टेम्प्रेचर 31 डिग्री के आसपास रहने की उम्मीद है, जबकि मिनिमम टेम्प्रेचर 14 डिग्री के आसपास रहने की उम्मीद है।

# ट्रंप ने एंथ्रोपिक को दिखाया बाहर का रास्ता, सैम ऑल्टमैन के ओपन एआई की पेंटागन में एंट्री



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** इस समझौते से पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, रक्षा सचिव पीट हेगसेथ और अन्य अधिकारियों ने सोशल मीडिया पर एंथ्रोपिक की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि कंपनी शुक्रवार की समय सीमा तक अपनी एआई तकनीक का सेना को अप्रतिबंधित उपयोग करने की अनुमति देने में विफल रही है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर कहा, हमें इसकी जरूरत नहीं है, हम इसे नहीं चाहते हैं, और हम उनके साथ दोबारा कभी व्यापार नहीं करेंगे! अमेरिकी एआई कंपनी ओपनएआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सैम ऑल्टमैन ने शुक्रवार को कहा कि कंपनी ने अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन के साथ एक समझौता किया है। इसके तहत उसके एआई मॉडल रक्षा एजेंसी के क्लासिफाइड नेटवर्क में तकनीकी सुरक्षा उपायों के साथ इस्तेमाल किए जाएंगे। ऑल्टमैन ने कहा कि कंपनी के दो सबसे महत्वपूर्ण सुरक्षा सिद्धांत घरेलू स्तर पर सामूहिक निगरानी पर रोक और बल प्रयोग की जिम्मेदारी मनुष्यों के हाथ में रखने से जुड़े हैं, जिनमें स्वायत्त हथियार प्रणालियां भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ये सिद्धांत इस समझौते का हिस्सा बनाए गए हैं।

केवल क्लाउड नेटवर्क पर होगी तैनाती

ऑल्टमैन ने कहा, हम अपने मॉडलों के सही ढंग से काम करने को सुनिश्चित करने के लिए तकनीकी सुरक्षा उपाय भी बनाएंगे, जैसा कि युद्ध विभाग भी चाहता था। हम अपने मॉडलों की सहायता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए फाइनल डेवलपमेंट ऑथेंटिकेशन तैनात करेंगे, और इन्हें केवल क्लाउड नेटवर्क पर ही तैनात करेंगे। हम युद्ध विभाग से अनुरोध कर रहे हैं कि वह सभी AI कंपनियों को यही शर्तें प्रदान करे, जिन्हें हमारे विचार से सभी को स्वीकार करना चाहिए। यह घोषणा ऐसे समय में आई है जब प्रतिद्वंद्वी एआई स्टार्टअप एंथ्रोपिक ने पेंटागन के साथ अपने समझौते में इसी तरह के सुरक्षा प्रावधानों पर जोर दिया था, जिस पर इस सप्ताह ट्रंप प्रशासन की नाराजगी सामने आई थी। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सभी संघीय एजेंसियों को एंथ्रोपिक टेक्नोलॉजी का उपयोग तुरंत बंद करने के निर्देश दिए हैं।

# बोलिविया में नोटों से भरा सेना का विमान हाईवे पर क्रैश: 15 लोगों की मौत

**बोलिविया, एजेंसी।** दक्षिण अमेरिकी देश बोलिविया में हुए एक विमान हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई है और कई लोगों के घायल होने की सूचना है। बोलिवियन वायुसेना का विमान नोटों से भरा था और उड़ान भरने के बाद क्रैश होकर हाईवे पर जा पहुंचा।

इसके बाद कई गाड़ियों की टक्कर भी विमान से हुई। बोलिविया की राजधानी ला पाज के पास शुक्रवार को एक बड़ा विमान हादसा हो गया। एक मालवाहक (कार्गो) विमान उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी दमकल विभाग के प्रमुख पावेल टोवर ने दी है। यह हादसा उस समय हुआ जब विमान रनवे से फिसलकर पास के शहर एल आल्टो की एक हाईवे पर जा घुसा। वहां चल रही कई गाड़ियों को उसने टक्कर मार दी। अधिकारियों के मुताबिक कम से कम 15 वाहन इस दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हुए हैं। अभी यह साफ नहीं हो पाया है कि जिन लोगों की मौत हुई, वे विमान में सवार थे या सड़क पर मौजूद गाड़ियों में थे।

**बोलिविया वायुसेना का हरक्यूलिस विमान क्रैश:** बताया जा रहा है कि यह विमान बोलिविया वायुसेना का हरक्यूलिस विमान था, जो देश के केंद्रीय बैंक से नए छपे नोट दूसरे शहरों में ले जा रहा था। हादसे के बाद विमान में आग लग गई, लेकिन दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

**हाईवे पर बिखरे नोट और विमान के मलबा:** सोशल मीडिया पर सामने आई तस्वीरों में सड़क पर विमान का मलबा, पूरी तरह तबाह गाड़ियां और बिखरे हुए नोट दिखाई दे रहे हैं। बड़ी मात्रा में नकदी एयरपोर्ट के बाहर फैल गई थी, जिसे उठाने के लिए सैकड़ों लोग मौके पर पहुंच गए।

भीड़ को हटाने के लिए पुलिस को दंगा-रोधी उपकरणों का इस्तेमाल करना पड़ा। इस गंभीर हादसे के बाद प्रशासन ने एहतियात के तौर पर एयरपोर्ट से आने-जाने वाली सभी उड़ानों को अस्थायी रूप से रोक दिया है। फिलहाल दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। अधिकारियों का कहना है कि विस्तृत रिपोर्ट आने के बाद ही सही वजह का पता चल पाएगा।

# मां-बेटी की हत्या कर दामाद पर भी धारदार हथियार से हमला

## पुलिस की गोली से हत्यारा ढेर





**वॉशिंगटन, एजेंसी।** फेयरफैक्स काउंटी पुलिस डिपार्टमेंट के मुताबिक, अमेरिका के फेयरफैक्स काउंटी में सोमवार सुबह एक आदमी ने अपनी ही पत्नी और बेटी का कत्ल कर दिया। आदमी ने अपने दामाद को भी मारने की कोशिश की।

फेयरफैक्स में 54 साल के छत्र थापा नाम का शख्स जैसे ही पत्नी और बेटी को मारने के बाद अपने दामाद पर धारदार हथियार से हमला कर रहा था, तब पुलिस ने उसे गोली मार दी और वो वहीं मर गया।

### पिता ने ही किया मां-बेटी का कत्ल

फेयरफैक्स काउंटी पुलिस डिपार्टमेंट के मुताबिक, ऑफिसर सुबह करीब 5 बजे पर्सिमन ड्राइव के 3900 ब्लॉक में एक रिपोर्टेड हमले की सूचना पर पहुंचे।

पुलिस ऑफिसर ने अपार्टमेंट के बाहर एक महिला को धारदार हथियार से हमला होने के बाद खून से लथपथ तड़पते हुए देखा। घर के अंदर एक और महिला को भी घायल पाया गया।

पुलिस ने बताया कि उन्हें फेयरफैक्स का 54 साल का छत्र थापा हथियार लिए हुए और एक दूसरे आदमी पर हमला कर रहा था। जब ऑफिसर पहुंचे तो छात्र थापा अपने दामाद पर हमला कर रहा था।

पुलिस ऑफिसर ने बताया कि उन्होंने आरोपी से अपना हथियार नीचे रखने के बार-बारऑर्डर दिए, जब उसने बात नहीं मानी तो एक ऑफिसर ने गोली चला दी। फेयरफैक्स काउंटी पुलिस ने उन लोगों की पहचान कर ली है जो इस हिंसा में शामिल थे।

दामाद ने ससुर को हत्या करते देखा

फेयरफैक्स काउंटी पुलिस चीफ केविन डेविस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया, आरोपी छत्र थापा को मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि उनकी पत्नी बिंदा थापा (52) और बेटी ममता थापा (33) को लोकल हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां बाद में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

चीफ डेविस ने कहा कि दामाद बाहर एक कार से बर्फ हटा रहा था, तभी उसने अपार्टमेंट के अंदर से शोर सुना और 911 पर कॉल मिला दिया। डेविस ने बताया कि दामाद ने अपने ससुर को अपने परिवार को मारते हुए एक देखा था।

पुलिस के मुताबिक, आदमी ने अपने ससुर को अपनी सास पर चाकू चलाने के लिए एक 10 इंच के घुमावदार खंजर का इस्तेमाल करते देखा, जिसे मीट क्लीवर जैसा बताया गया।

पुलिस के मुताबिक, दामाद को जानलेवा चोटों के साथ हॉस्पिटल ले जाया गया और वह अभी भी भर्ती है। हमले के वक्त घर के अंदर एक साल का लड़का था और उसे चोट नहीं आई और उसे चाइल्ड प्रोटेक्टिव सर्विसेज के जरिए एक परिवार के पास भेज दिया गया है।

### तानाशाह की बेटी को है खतरनाक हथियारों का शौक: शूटिंग रेंज में धड़ाधड़ दागीं गोलियां

**सियोल, एजेंसी।** उत्तर कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने शनिवार को बताया कि किम ने शुक्रवार को वरिष्ठ पार्टी और सैन्य अधिकारियों को 2021 में हुए पिछले वर्कर्स पार्टी कांग्रेस के बाद से पिछले पांच वर्षों में उनकी प्रतिबद्धता के लिए अपने पूर्ण विश्वास और कृतज्ञता का प्रतीक बताया। उत्तर कोरिया में तानाशाह किम जोंग उन के नेतृत्व का जश्न मनाने वाला एक सप्ताह तक सत्तारूढ़ दल का सम्मेलन चला। इसके बाद किम जोंग उन ने शीर्ष सरकारी और सैन्य अधिकारियों को नई स्नाइपर राइफलें तोहफे में दीं। राज्य मीडिया ने उनकी बेटी किम जू ऐ की एक तस्वीर को प्रमुखता से दिखाया, जिसमें वह शूटिंग रेंज में निशाना साध रही हैं। किम जोंग की बेटी की लगातार पिता के साथ मौजूदगी से यह अटकलें तेज हो रही हैं कि किम उन्हें भविष्य के नेता के रूप में तैयार कर रहे हैं। इस जश्न में किम की ताकतवर बहन किम यो जोंग की भी मौजूद रहीं, जिन्होंने हाल के वर्षों में वॉशिंगटन और सियोल के प्रति उनकी मुखर प्रवक्ता के रूप में कार्य किया है। कांग्रेस में पदोन्नति के बाद अब वह पार्टी की केंद्रीय समिति की महानिदेशक के पद पर कार्यरत हैं। उनका नया पद पार्टी के आंतरिक संचालन और प्रशासनिक मामलों की देखरेख करने वाली उनकी व्यापक भूमिका का संकेत देता है। सरकारी मीडिया द्वारा ली गई तस्वीरों में किम यो जोंग और अन्य शीर्ष अधिकारी किम जोंग उन द्वारा दी गई राइफलों को निशाने पर साधते हुए दिखाई दिए।

# भोलू पासवान लगातार दूसरी बार चुने गए मेयर

## उन्होंने अपने निकटतम भाजपा समर्थित प्रत्याशी अविनाश कुमार को लगभग 3 हजार वोट से हराया

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो के चास नगर निगम में महापौर पद के चुनाव परिणाम ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया है कि जनता ने विकास के नाम पर अपना भरोसा कायम रखा है। चास नगर निगम के मेयर पद के लिए मतदाताओं ने लगातार दूसरी बार भोलू पासवान को अपना प्रतिनिधि चुना है। उन्होंने अपने निकटतम भाजपा समर्थित प्रत्याशी अविनाश कुमार को 2 हजार 969 मतों से पराजित किया। भोलू पासवान को कुल 17 हजार 796 मत प्राप्त हुए, जबकि अविनाश कुमार को उनसे कम मत मिले। वहीं कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार जमील अख्तर 10 हजार 325 मतों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। इस जीत के साथ भोलू पासवान ने लगातार दूसरी बार महापौर पद पर कब्जा जमाया है। चुनाव परिणाम





घोषित होते ही समर्थकों में उत्साह की लहर दौड़ गई। देर रात मतगणना केंद्र के बाहर होली और दीपावली जैसा माहौल देखने को मिला। समर्थकों ने जमकर पटाखे फोड़े, अबीर-गुलाल उड़ाए और नारेबाजी कर अपनी खुशी का इजहार किया। पूरे क्षेत्र में जश्न का माहौल बना रहा। नवनिर्वाचित महापौर भोलू पासवान ने अपनी जीत का श्रेय चास की जनता को दिया। उन्होंने कहा कि पिछले कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों से जनता संतुष्ट थी, इसी कारण उन्हें दोबारा सेवा का अवसर मिला है। उन्होंने जनता के विश्वास पर खरा उतरने का भरोसा दिलाया और कहा कि उनका अगला लक्ष्य चास को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करना है। उन्होंने आगे कहा कि पिछला पांच वर्ष बेमिसाल रहा और अब आने वाला पांच वर्ष भी विकास, पारदर्शिता और जनभागीदारी के नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। भोलू पासवान ने क्षेत्र के समग्र विकास, स्वच्छता, आधारभूत संरचना और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने का संकल्प दोहराया। जनता ने जिस विश्वास के साथ उन्हें दोबारा चुना है, उसे वे पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे।

# हर्षोल्लास से मनाया गया भगवान चित्रगुप्त मंदिर का स्थापना दिवस

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** साईं मंदिर परिसर में स्थित भगवान चित्रगुप्त मंदिर का स्थापना दिवस आज बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर भगवान चित्रगुप्त की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई तथा श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में चित्रांश परिवार के सदस्य और साईं मंदिर संचालन समिति के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। स्थापना दिवस के अवसर पर मंदिर के संस्थापक संजय सिन्हा एवं उनकी धर्मपत्नी गुंजीता सिन्हा की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। इस मौके पर संजय सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि चित्रांश समाज के साधनविहीन और गरीब परिवारों को आगे बढ़ाने के लिए सक्षम लोगों को सहयोग हेतु आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब समाज के संपन्न लोग जरूरतमंदों का हाथ थामेंगे, तभी समाज हर क्षेत्र में प्रगति कर सकेगा। संजय सिन्हा ने कहा कि चित्रगुप्त मंदिर केवल पूजा-अर्चना का स्थल नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और विचार-विमर्श का केंद्र भी है। यहां समाज के लोग एकत्रित होकर आपसी समन्वय और सहयोग की भावना से समाज के उत्थान के लिए योजनाएं बना सकते हैं। कार्यक्रम का समापन भक्तिमय वातावरण और सामूहिक मंगलकामना के साथ हुआ। स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में संजय सिन्हा, अनिल कुमार, रणजीत सिन्हा, आरके सिन्हा, अरुण सिन्हा, रतनलाल, संजय कुमार, राकेश श्रीवास्तव, एसके वर्मा, सुजीत, कस्तूरी सिन्हा,डोली कोच, रंजनी बाला, राज सिन्हा, पंकज श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव एवं ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस के प्रदेश उपाध्यक्ष ए के वर्मा शामिल हुए।



## संक्षिप्त समाचार

### 24 घंटे के अखंड हरि कीर्तन में उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक हुए शामिल

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बी. एस. सिटी के सेक्टर 02 सी संकट मोचन हनुमान मंदिर में आयोजित 24 घंटे के अखंड हरि कीर्तन ने पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्ति भावनासे आलोकित कर दिया। इस पावन अवसर पर उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा एवं पुलिस अधीक्षक (एसपी) हरविंदर सिंह ने श्रद्धापूर्वक कार्यक्रम में भाग लेते हुए भगवान संकट मोचन हनुमान जी को नमन किया। भक्ति रस से ओतप्रोत वातावरण में दोनों अधिकारियों ने जिलेवासियों के सुख, शांति, समृद्धि तथा सुरक्षित जीवन के



लिए प्रार्थना की। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ऐसे आध्यात्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा, आपसी सद्भाव और जनकल्याण की भावना को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने सभी के जीवन में मंगल और समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम श्रद्धा, अनुशासन और भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। मौके पर सीटी डीएसपी आलोक रंजन, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह,थाना प्रभारी समेत विभिन्न प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने दिवंगत पत्रकार की स्मृति को किया नमन, परिवार के प्रति जताई संवेदना

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बियाडा हाउसिंग ऑफिसर्स कॉलोनी, बोकारो निवासी दिवंगत पत्रकार सुनील कुमार श्रीवास्तव के द्वादश कर्म के अवसर पर उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा ने उनके परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर उपायुक्त ने दिवंगत पत्रकार को श्रद्धांजलि दी तथा ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को इस अपार दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।



उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि दिवंगत पत्रकार का समाज एवं जनसरोकारों के प्रति योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उपायुक्त ने कहा कि कठिन समय में धैर्य और पारिवारिक एकजुटता ही सबसे बड़ा संबल होता है, प्रशासन परिवार के साथ संवेदनात्मक रूप से खड़ा है। इस अवसर पर सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

### तेनुघाट थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

**तेनुघाट/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बेरमो अनुमंडल स्थित तेनुघाट ओपी परिसर में आगामी होली एवं रमजान ईद पर्व को लेकर शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता तेनुघाट ओपी प्रभारी भजन लाल महतो ने की। बैठक का उद्देश्य क्षेत्र में शांति, सौहार्द और आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाना सुनिश्चित करना रहा। इस अवसर पर छः पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, जनप्रतिनिधि सहित कई गन्यमान्य लोगो व शांति समिति के सदस्य तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। बैठक में त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने, आपसी सहयोग, अफवाहों से बचने और किसी भी समस्या की स्थिति में तुरंत प्रशासन को सूचना देने की अपील की गई। अधिकारियों ने कहा कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।बैठक की समाप्ति के बाद उपस्थित सभी लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की अग्रिम बधाई दी और भाईचारे व सौहार्द का संदेश दिया। पूरे कार्यक्रम में आपसी एकता, प्रेम और सामाजिक समरसता का सुंदर दृश्य देखने को मिला। वहीं तेनुघाट ओपी प्रभारी के द्वारा संगीत के माध्यम से भी लोगो को जागरूक किया गया और बधाई दी गई। बैठक में बीरेंद्र प्रसाद, सुभाष कटरियार, मिथलेश कुमार, जीवन सागर, मिथुन चंद्रवंशी, मुखिया प्रतिनिधि संतोष श्रीवास्तव, रामचन्द्र यादव, पूर्व मुखिया श्रीराम हेमब्रम, सहराचीय मुखिया प्रतिनिधि जगदीश सिंह, पूर्व विधायक प्रतिनिधि राजेश कुमार, बासुदेव यादव, गंगा तुरी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# सबों के सहयोग और टीम वर्क से शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई मतगणना : डीइओ सह डीसी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगरपालिका (आम) चुनाव 2026 के अंतर्गत जिले के चास नगर निगम एवं फुसरो नगर परिषद की मतगणना शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी वातावरण में संपन्न हुई। मतगणना के उपरांत जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त अजय नाथ झा ने मतगणना केंद्र पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी के समन्वित प्रयास और उत्कृष्ट टीम वर्क से मतगणना कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया गया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा मतगणना की पूरी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित तरीके से संचालित किया गया तथा किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या आपत्ति की स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। पूरी प्रक्रिया चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई गई।



**चास एवं फुसरो में विजयी प्रत्याशियों की घोषणा**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने जानकारी दी कि चास नगर निगम से महापौर पद पर भोलू पासवान तथा फुसरो नगर परिषद से चेयरमैन पद पर निर्मला देवी को विजयी घोषित किया गया। उन्होंने बताया कि मतगणना कार्य निर्धारित समय के भीतर पूर्ण हुआ, जिसके लिए दोनों निवार्ची पदाधिकारी (आरओ) एवं सहायक निवार्ची पदाधिकारी (एआरओ) तथा उनकी टीम ने सराहनीय कार्य किया।

**वरिष्ठ अधिकारियों ने किया लगातार मॉनिटरिंग – सुरक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्था रही पूरी तरह सक्रिय**

मतगणना केंद्र कृषि उत्पादन बाजार समिति, आईटीआई मोड़, चास में दिन भर प्रशासनिक गतिविधियां संचालित होती रहीं। इस दौरान पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह, उप विकास आयुक्त श्रीमती शताब्दी मजूमदार तथा अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी सहित अन्य वरीय पदाधिकारी मौजूद रहे और मतगणना प्रक्रिया की लगातार मॉनिटरिंग करते रहे।

**उत्कृष्ट टीम वर्क के लिए सभी को दिया धन्यवाद – सफल निर्वाचन संचालन में जुड़े सभी विभागों की सराहना**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 के सफल संचालन में योगदान देने वाले सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सहयोगी संस्थाओं को धन्यवाद दिया। उन्होंने विशेष रूप से आरओ-एआरओ टीम, पुलिस बल, होमगार्ड, चिकित्सा टीम, शिक्षकों, मीडिया प्रतिनिधियों, तकनीकी टीम, एनआईसी, विभिन्न कोषांगों, प्रेक्षकों, ड्राइवरों, कंप्यूटर ऑपरेटरों एवं प्रवर्तन एजेंसियों आदि के कार्यों की सराहना की।

# अधिवक्ता संघ बेरमो में होली मिलन समारोह



**तेनुघाट/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** तेनुघाट स्थित अधिवक्ता संघ भवन में शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के न्यायिक पदाधिकारी भी मौजूद थे। इस अवसर पर कुटुंब न्यायालय प्रेम नाथ पांडेय ने संबोधित करते हुए कहा कि होली आपसी भाईचारा का त्यौहार है। इसे हमें मिलजुल कर मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह हमारी परंपरा है कि होली के दिन हम पुराने गिले शिकवे भूल कर एक दूसरे से गले मिल कर रंग अबीर लगाते हैं, जिससे हमारी आपसी मिलन बराबर बना रहे। जिला जज प्रथम फहीम किरमानी कहा कि होली के साथ-साथ पाक रमजान का भी त्यौहार चल रहा है। इसलिए सभी सौहार्दपूर्ण से इस त्यौहार को मिलकर शांत वातावरण में मनाए। वहीं होलिका दहन और होली पर्व पर विस्तृत जानकारी दी। सभी न्यायिक पदाधिकारी एवं अधिवक्ता संघ की ओर से सभी को होली की शुभकामनाएं दी। अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार समिति के सचिव सह एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल ने कहा कि यह हमारी पुरानी परंपरा है कि होली मिलन समारोह में अधिवक्ता संघ के साथ न्यायिक पदाधिकारी भी आते हैं और हम मिलकर होली की बधाई देते हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी इस त्यौहार को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं। कामना करते हैं कि सभी जन खुशी पूर्वक त्यौहार को मिलकर मनाए। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष कामेश्वर मिश्रा ने कहा कि होली आपसी भाईचारा का त्योहार है और हमें इसे मिलजुल कर मानना चाहिए। अधिवक्ता संघ के महासचिव वकील प्रसाद महतो ने कहा कि होली मिलन समारोह में आज हम सब मिलकर एक दूसरे को रंग गुलाल लगा रहे हैं। साथ हीं पकवान खिला रहे हैं। उन्होंने कहा कि होली के साथ-साथ पाक रमजान त्योहार के भी दोनों समुदाय को बहुत-बहुत बधाई। होली मिलन समारोह में उपरोक्त के अलावा जिला जज द्वितीय सूर्य मणि त्रिपाठी, जिला जज तृतीय नीरज कुमार, एसीजेएम मनोज कुमार प्रजापति, मुंसिफ शिवराज मिश्रा, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी दिग्विजय नाथ शुक्ला, राजकुमार पांडेय, सहायक लोक अभियोजक नवीन कुमार मिश्रा, आशीष रंजन लोहरा, संजय कुमार सिंह, अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष वेंकट हरि विश्वनाथन, संयुक्त सचिव प्रशासन शंकर ठाकुर, संयुक्त सचिव पुस्तकालय राकेश कुमार, कोषाध्यक्ष आनंद कुमार श्रीवास्तव सहित अधिवक्ता संघ के सदस्य गण मौजूद थे। वहीं होली मिलन समारोह में मौजूद अधिवक्ता होली के गानों में झूमते नजर आएं। सभी एक दूसरे को रंग गुलाल लगा कर होली की शुभकामनाएं दी। उपस्थित सभी लोगों ने पुआ पकवान का भी आनंद उठाया।

# पुस्तकालय मैदान में दो दिवसीय बसंत मेला का शुभारंभ

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील निर्माण काल से ही बसंत मेले का आयोजन बसंत ऋतु के महीने में होता आ रहा है। दो दिवसीय बसंत मेला की शुरूआत आज सेक्टर 5 पुस्तकालय मैदान में की गई है। इसका उद्घाटन बोकारो स्टील के निदेशक प्रभारी प्रियरंजन ने फीता काट और झंडा फहराकर किया। बसंत मेला में खाने पीने के समान के साथ-साथ बोकारो स्टील के विभिन्न डिपार्मेंट का मॉडल लोगों के लिए रखा गया है। इस मेले में बोकारो स्टील सिटी एरिया में रहने वाले लोगों के साथ-साथ आसपास के लोग भी घूमने आते हैं। बोकारो स्टील के निदेशक प्रभारी प्रियरंजन ने बताया कि बसंत मेला लोगों से मिलने का अवसर है। बोकारो स्टील के टाउनशिप में इसका आयोजन होता है। ताकि लोग मेले में आकर आपस में मिले प्लांट के बारे में जानकारी ले और हम लोग किस तरह से आपसी भाईचारा को बना कर रखें यह हमारा उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि वसंत ऋतु में रंगों का त्योहार होली आता है। होली आपसी भाईचारा और सद्भाव के साथ मनाए यही हमारा उद्देश्य है।






# मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने किया शेड का शिलान्यास

**तेनुघाट/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बेरमो अनुमंडल स्थित तेनुघाट बस स्टैंण्ड में योगेंद्र प्रसाद मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, तेनुघाट की मुखिया नीलम श्रीवास्तव, घरवा टांड पंचायत की मुखिया प्रतिनिधि रामचंद्र यादव ने शहीद विनोद यादव के प्रतिमा स्थल पर चहारदीवारी एवं शेड निर्माण कार्य का शिलान्यास संयुक्त रूप से नारियल फोड़ कर किया। इस अवसर पर श्री प्रसाद ने शहीद विनोद यादव की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर मंत्री का फूल-माला एवं पुष्पगुच्छ तेनुघाट की मुखिया नीलम श्रीवास्तव ने भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि शहीद विनोद यादव का बलिदान हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। यह चहारदीवारी एवं शेड निर्माण कार्य उनके सम्मान एवं स्मृति को सहेजने का एक छोटा-सा प्रयास है। हम सभी का कर्तव्य है कि उनके आदर्शों पर चलते हुए समाज एवं राज्य के विकास में अपना योगदान दें।



# छापेमारी में 8.78 टन अवैध कच्चा कोयला जब्त

**तेनुघाट/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सीसीएल ढोरी प्रक्षेत्र के महाप्रबंधक के निर्देश पर शनिवार को अवैध कोयला कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। सुरक्षा पदाधिकारी सुरेश कुमार सिंह के नेतृत्व में फुसरो के रानीबाग के समीप छापेमारी अभियान चलाया गया, जिसमें कुल 8.78 टन कच्चा कोयला जब्त किया गया। जब्त कोयले को जेसीबी की मदद से ट्रैक्टर में लोड कर अमलो रेलवे साइडिंग स्थित क्रेशर में अनलोड कराया गया। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा और पुलिस बल की संयुक्त टीम मौजूद रही। छापेमारी में बेरमो थाना से एसआई ननको उरांव, ओम नारायण ओझा, हवलदार रामचंद्र राम शामिल रहे। वहीं सी आई एस एफ की बी कंपनी के इंचार्ज एच. के सिंह, क्राइम विभाग से बी. पेगु तथा क्यू आर टी से मंजुला कुमारी, वीणा कुमारी और राजीव दास भी अभियान में शामिल थे। सीसीएल की ओर से एरिया सुरक्षा इंचार्ज शिलचंद, अनाम वारिश, मानिक दिगार, मुकेश कुमार शर्मा, रोहित बाउरी के साथ होमगार्ड जितेंद्र कुमार रजक, गुड़िया कुमारी और पर्मिला कुमारी ने भी छापेमारी में सहयोग दिया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध कोयला कारोबार के खिलाफ आगे भी सख्त अभियान जारी रहेगा।



# बीएसएल से सेवानिवृत्त कर्मियों को दी गई विदाई

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट से फरवरी' 2026 में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों के लिए मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया. इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी निदेशक (संकार्य) अनुप कुमार दत्त उपस्थित रहे. समारोह के आरम्भ में मुख्य महाप्रबन्धक (मानव संसाधन) अंजनी कुमार शरण ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि तथा आगंतुकों का स्वागत किया. सहायक महाप्रबंधक (मानव संसाधन) डॉ. नन्दा प्रियदर्शिनी ने सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों को अंतिम निपटान एवं मैत्री भवन से संबंधित आवश्यक जानकारियाँ प्रदान कीं तथा प्रत्येक कर्मी का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया. मुख्य अतिथि अनुप कुमार दत्त ने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को उनकी निष्ठा, समर्पण एवं उत्कृष्ट सेवाओं के लिए बधाई दी तथा उनके सुखद एवं समृद्ध भविष्य की मंगलकामनाएं व्यक्त कीं. उन्होंने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को सेवा प्रमाण पत्र एवं उपहार भी भेंट किए. फरवरी' 2026 में बोकारो स्टील प्लांट से कुल 09 अधिशासी एवं 47 अनाधिशासी कर्मी सेवानिवृत्त हो रहे हैं. समारोह के अंत में बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी श्री प्रिय रंजन, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (माइंस) विकास मनवटी एवं अधिशासी निदेशक (संकार्य) अनुप कुमार दत्त ने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों तथा उनके परिवारजनों से मुलाकात की तथा उनके सुखमय जीवन की कामना की. कार्यक्रम का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन सहायक महाप्रबंधक (मानव संसाधन) डॉ नन्दा प्रियदर्शिनी के द्वारा किया गया.






**बोकारो इस्पात संयंत्र में भविष्य के नेतृत्व को संवारने हेतु ङ्क्षप्रैक्टिकल लीडरशिप इमर्शन प्रोग्रामङ्क्ष (ढछक्क) का शुभारंभ**

बोकारो इस्पात संयंत्र (बीएसएल) ने नेतृत्व विकास के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज करते हुए आज 'प्रैक्टिकल लीडरशिप इमर्शन प्रोग्राम' का औपचारिक शुभारंभ किया. यह कार्यक्रम बीएसएल में अनुभवात्मक नेतृत्व पहल है, जिसे उभरती नेतृत्व क्षमता और वास्तविक संगठनात्मक निर्णय लेने की प्रक्रिया के बीच के सेतु के रूप में तैयार किया गया है. मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग द्वारा संयंत्र के ज्ञानार्जन एवं विकास केंद्र के मुख्य प्रेक्षागृह में आयोजित इस समारोह में बोकारो इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे. उनके साथ अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) बनर्जी राजश्री, अधिशासी निदेशक (संकार्य) अनुप कुमार दत्त, विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक तथा अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे. कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत और सुरक्षा शपथ के साथ हुआ, जो सुरक्षा के प्रति बीएसएल की अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ता है. इसके पश्चात मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा पारंपरिक रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया. उद्घाटन भाषण में निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन ने 'प्रैक्टिकल लीडरशिप इमर्शन प्रोग्राम' को औपचारिक रूप से लॉन्च किया. उन्होंने अपने संबोधन में इस बात पर बल दिया कि वर्तमान डिजिटल युग और परिचालन जटिलताओं के दौर में नेतृत्व अब केवल सैद्धांतिक नहीं रह सकता, इसे अनुभवात्मक और सहानुभूतिपूर्ण होना चाहिए. उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि 'पीएलआईपी' ऐसे नेतृत्वकताओं को तैयार करने में मील का पत्थर साबित होगा जो रणनीतिक सोच के साथ जिम्मेदारी से कार्य करेंगे. अपने संबोधन में अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) सुश्री बनर्जी राजश्री ने इस अनूठी पहल के लिए ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग की सराहना की और इसे भविष्य की चुनौतियों के लिए कार्यबल को तैयार करने की दिशा में एक प्रभावी कदम बताया. सत्र के दौरान मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास) सुश्री नीता बा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया तथा कार्यक्रम की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला. इसके पश्चात सहायक महाप्रबंधक (मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास) अमित आनंद ने 'प्रैक्टिकल लीडरशिप इमर्शन प्रोग्राम' के मूल दर्शन, संरचना और कार्यान्वयन के रोडमैप पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी. उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उभरते हुए लीडर्स को उच्च-स्तरीय निर्णय लेने की प्रक्रियाओं का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है, ताकि वे निर्णयों के पीछे के रणनीतिक उद्देश्यों और उनके दूरगामी प्रभावों को गहराई से समझ सकें. यह पहल अनुभवात्मक शिक्षण को नेतृत्व विकास के मुख्य तत्व के रूप में स्थापित कर भविष्य के लीडर्स को तैयार करने की दिशा में बोकारो इस्पात संयंत्र की दूरगामी दृष्टि को दशार्ती है. इस कार्यक्रम के माध्यम से संयंत्र में प्रबंधकीय कौशल और निर्णय लेने की क्षमता का सुदृढ़ीकरण होगा, जो उत्पादकता में वृद्धि के साथ-साथ बोकारो इस्पात संयंत्र की संगठनात्मक उत्कृष्टता और सुरक्षित कार्य-संस्कृति को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com